# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, शनिवार 13 जनवरी 2024





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## जनजातीय सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश

## आहार अनुदान योजना

मुख्यमंत्री

**डॉ. मोहन यादव**

द्वारा

**1.94 लाख**

जनजातीय बहनों को

**पोषण आहार**

के लिए

**₹29.11 करोड़**

का अंतरण एवं

**विकास कार्यों का लोकार्पण**

13 जनवरी, 2024 - अपराह्न 12:30 बजे

पॉलिटेक्निक ग्राउंड, शहडोल



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

"मध्यप्रदेश का जनजातीय समाज प्रदेश की पहचान है, यह समाज स्वस्थ रहे, पोषित रहे, यह सरकार की ज़िम्मेदारी है। इनके पोषण, स्वास्थ्य और बेहतर जीवन के लिए समर्पित होकर कार्य करना हमारी प्राथमिकता है ताकि इनका आने वाला कल उज्ज्वल हो।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D-11168/23



- जनजातीय क्षेत्रों में **पेसा नियम** लागू
- **मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना** से जनजातीय ग्रामों में सीधे पहुंच रहा राशन
- **आहार अनुदान योजना** में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया परिवार की महिला मुखिया को प्रतिमाह रु.1500
- **वन अधिकार अधिनियम** के तहत 2 लाख 70 हज़ार वनाधिकार दावे मान्य
- प्रदेश के सभी जनजातीय विकासखण्डों में **सिकल सेल उन्मूलन मिशन** लागू
- **जनजातीय क्षेत्रों में बस्तियों का विकास** - विद्युतीकरण, पम्पों का ऊर्जीकरण, पेयजल आपूर्ति एवं अन्य बुनियादी निर्माण कार्य
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए **94 सीएम राइज़ स्कूल** संचालित
- 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 81 कन्या शिक्षा परिसर एवं 8 आदर्श आवासीय **विशिष्ट विद्यालय**
- जे.ई.ई., क्लेट, नीट आदि राष्ट्रीय परीक्षाओं के लिए प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं में कोचिंग के लिए **आकांक्षा योजना**
- छात्रावास में प्रवेश नहीं मिलने पर उच्च शिक्षा के लिए **आवास भत्ता**
- **विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना** में उच्च शिक्षा के लिए प्रति वर्ष 50 युवाओं को लाभांवित करने का लक्ष्य
- विशेष पिछड़ी जनजाति जिलों में **कौशल विकास केंद्र** संचालित
- जनजातीय युवाओं के लिए **भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण** जैसी योजनाएं संचालित

**सीधा प्रसारण** Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

## भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल के छठवें संस्करण का भव्य शुभारंभ

# एकल सितार वादन से शुरू हुआ पहला दिन ऊषा उत्थुप ने पॉप म्यूजिक से बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

झीलों की नगरी भोपाल के प्रसिद्ध तीन दिवसीय 'भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल' के छठवें संस्करण का शुभारंभ भारत भवन में शुक्रवार को बड़ी भव्यता के साथ हुआ। इसका उद्घाटन सुबह वरिष्ठ सितार वादिका स्मिता नागदेव के मंत्रमुग्ध एकल सितार वादन से हुआ तो वहीं शाम में 'इंडियन पॉप क्वीन' उषा उथुप की शानदार प्रस्तुतियों के साथ पहला दिन समाप्त हुआ। भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल का शुभारंभ जर्मनी से आईं डॉ. सारा केलर, डॉ. सुसेन राव, प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग शिव शेखर शुक्ला, एसबीआई के पूर्व अध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया।

### दिनभर विभिन्न विषयों पर अलग-अलग सभागार में चले सेशन



### भारत का 'अंधा युग' था कॉलोनाइजेशन का समय : कुमार

देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में चार दशक की सेवा देने वाले रजनीश कुमार की पुस्तक बैंकर और कस्टडियन ऑफ ट्रष्ट पर डॉ. रमेश शिवगुंडे और डॉ. राजन कटोच ने उनके साथ चर्चा की। कुमार ने कोरोना काल में भी स्टेट बैंक का आधार मजबूत बनाए रखने में संस्थान के बड़े ढांचें की सराहना की। व्यक्तिगत जीवन एवं पुस्तक में आए मंगल पांडेय की बात का जिक्र करते हुए कुमार ने बताया कि भारत को लूटने में अंग्रेजों का सबसे बड़ा हाथ रहा है, उन्होंने कहा अंग्रेज हमारी धन-संपदा को भारत से बाहर ले गए।

### विक्रमादित्य विजेता नहीं संस्कृति का गौरव हैं : पुरोहित

सम्राट विक्रमादित्य लाइफ एंड टाइम्स पर आयोजित सत्र में डॉ. राज पुरोहित और आरसी ठाकुर ने विक्रमादित्य के जीवन पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डॉ. पुरोहित ने कहा कि विक्रमादित्य ने विक्रम संवत आरंभ किया, शको को पराजित किया। विक्रमादित्य भारतीय अस्मिता प्रतीक हैं, वह सिर्फ विजेता नहीं बल्कि हमारी संस्कृति के गौरव हैं।

### सही लोगों तक पहुंचाने में मदद करता है सोशल मीडिया

इनफ्लूएंसर्स पर केंद्रित सत्र में अविनाश लवानिया ने कहा की सोशल मीडिया लोगों से जुड़ा प्लेटफॉर्म है। जब कोई इस पर विषय को उठाता है तो उसका असर पड़ता है। एआई और डीप लर्निंग सोशल मीडिया पर विषय को उठाने में सटीक मदद करती है। आनंद शर्मा ने इस सत्र में भोपाल पर लिखा एक गीत 'ये शहर है कितना बेमिसाल, इसका नाम है भोपाल' से सत्र शुरू किया। वहीं हिमांशु शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर रीच बढ़ानी है तो आपको अपना विषय चुनना होगा।

### इंदौर मास्टर प्लैन में पैट्रिक गेडेज का योगदान

वरिष्ठ पत्रकार अभिलाश खांडेकर के साथ सविता राजे ने पैट्रिक गेडेज द्वारा लिखी गई पुस्तक टाउन प्लानिंग एंड एंवीरोंमेंटेलिज्म पर चर्चा की। पुस्तक के प्रजेंटेशन के साथ वर्तमान में जलवायु परिवर्तन को देखते हुए किताब की पृष्ठभूमि पर परिचर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि लेखक पैट्रिक गेडेज ने कई ऐतेहासिक भारतीय शहरों को एक नया स्वरूप दिया, इनमें से 'इंदौर' भी एक है। साथ ही उन्होंने 90 के दशक में भारत की प्रमुख नदियों को साफ रखने पर जोर दिया।

### एहसासों को कविताओं में ढालने का प्रयास है भीगी लकीरें : झुनझुनवाला

रीता झुनझुनवाला द्वारा लिखित उनके कविता संग्रह भीगी लकीरें पर डॉ. मीरा दास, मनिंदर कालरा ने चर्चा की। इस दौरान प्रतिदिन होने वाले अहसासों को कविताओं के रूप में ढालने की बात करते हुए झुनझुनवाला ने अपने संग्रह में पंचतत्व को प्राथमिकता देने की बात पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### 'द एवरेस्ट गर्ल' मेघा के साहस की लेखनी पर प्रकाश डाला

पत्रकार ब्रजेश राजपूत द्वारा पर्वतारोही पर लिखी पुस्तक 'द एवरेस्ट गर्ल' पर दोनों का संवाद हुआ। इस दौरान छोटे से गांव से एवरेस्ट चढ़ने तक के सफर में आई तमाम अड़चनों और मेघा के साहस की लेखनी पर प्रकाश डालते हुए लेखक ने कई किस्से सुनाए जो प्रेरणादायक हैं।

### पॉप म्यूजिक से गूंज उठा भारत भवन बहिरंग

शाम होते ही बड़ी झील किनारे भारत भवन के बहिरंग में पॉप म्यूजिक गूंज उठा। इस दौरान पॉप सिंगर उषा उत्थुप ने जबरदस्त गीतों की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति की शुरुआत उषा ने जेम्स बॉन्ड के गीत लेट्स स्काय फॉल...से की। इसके बाद उन्होंने अपनी सांगीतिक यात्रा पर संगीत प्रेमियों से चर्चा करते हुए प्रस्तुति के क्रम को आगे बढ़ाते हुए स्टेंड बाय मी... गीत सुनाया। इसके बाद उषा ने आई जस्ट काल..., वॉव....सहित एक से बढ़कर एक पॉप गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान मंच के सामने बैठे सैकड़ों लोगों ने दोनों हाथ हवा में लहराकर प्रस्तुति को एंजॉय किया। प्रस्तुति के क्रम को आगे बढ़ाते हुए उषा ने हिंदी गीत बुलैया बुलैया... और दम मारो दम... और हरे राम हरे कृष्ण... गाना सुनाकर समां बांध दिया।

उषा उथुप ने हरिभूमि को बताए अनुभव

# नाइट क्लब में गाना मेरे जीवन का वंडरफुल मूवमेंट, इसके लिए मैं प्राउड फील करती हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

मैं अपने कॅरियर की शुरुआत की बात करती हूं, जब 1969 में मैं नाइट क्लब में गया करती थी और वह मेरे जीवन का सबसे वंडरफुल समय रहा है। न तो मेरे परिवार को कोई ऑब्जेक्शन रहा और न ही किसी ओर को। मैंने उन दिनों को काफी इंजॉय किया, मुझे गर्व है कि मैं नाइट क्लब सिंगर हूं। यह कहना है बेहतरीन गायिका, अभिनेत्री, संगीतकार और टीवी पर्सनालिटी उषा उत्थुप का जो शुक्रवार को भारत भवन में आयोजित भोपाल लिटरेचर फेस्ट में परफार्मेंस देने आईं और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

### म्यूजिक टीचर ने क्लास से बाहर निकाला, फिर वही हुई मेरी फैन



उन्होंने कहा कि मेरी म्यूजिक टीचर ने मेरी आवाज सुनकर मुझे क्लास से बाहर कर दिया था। कहा कि कभी मत गाना, लेकिन जब मुझे उन्होंने दिल्ली के होटल में गाते हुआ सुना तो मेरी फैन हो गईं। वहीं मेरे कॅरियर की शुरुआत भी दिल्ली के ओबेराय होटल्स में गाने के दौरान हुई। जब देवानंद और आरडी बर्मन सर की नजर मुझ पर पड़ी और मुझे हरे रामा हरे कृष्णा का ब्रेक मिला। मझे पता है कि देवानंद सर ने मुझे एक बार नहीं कई बार ब्रेक दिया है और हरे रामा हरे कृष्णा तो मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है।

### यह समा, समा है ये प्यार का.... का स्पेनिश वर्जन 'बीसामे मोचो' गाकर अच्छा लगता है

उन्होंने कहा कि एक नाइट क्लब सिंगर होने के बाद भी मैंने कभी भी जीवन में कोई सेंसेशनल कॉपी नहीं बनाई। उन्होंने कहा कि मैं ज्यादातर इंग्लिश या स्पेनिश सॉन्ग गाया करती थी और यह स्पेनिश सांग 'बीसामे मोचो' जिसका हिंदी वर्जन है यह समा, समा है यह प्यार.... का सुनकर मुझे काफी अच्छा लगता है।

### पुलिस ऑफिसर पिता रहे स्ट्रांग

उन्होंने कहा कि मेरे पिता एक पुलिस ऑफिसर थे, लेकिन उन्होंने मेरे सिंगिंग कॅरियर में कभी भी अड़ंगा नहीं लगाया। वह मेरे काफी स्ट्रांग सपोर्टेड इंसान रहे हैं, क्योंकि किसी भी व्यक्ति को ऊंचाइयों पर जाने में अच्छा स्ट्रांग इंफ्रास्ट्रक्चर की बहुत जरूरत पड़ती है।

रेस्ट्रिक्शन होने की वजह से वेब सीरीज बनाई

# 'द रेलवे मैन' सीरीज के हीरो को लेकर रही कशमकश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल गैस कांड पर आधारित वेबसीरीज के डायरेक्टर शिवा ने बताया कि इस सीरीज से राइटर ने मुझसे संपर्क किया। मैं भी कुछ डायरेक्ट करना चाहता था। वो मेरे पास दो पेज का कॉन्सेप्ट नोट लेकर आए। मैंने जब इसे पढ़ा और मुझे लगा इसे लोगों को बताने का सबसे अच्छा तरीका वेब सीरीज है। इस स्टोरी को लोगों तक बताने की जरूरत है। आदित्य चोपड़ा जो मेरे मेंटर भी हैं, वे ऐसी स्टोरी बताना चाहते थे, जो लोकल स्टोरी को ग्लोबल लेवल पर दिखाना चाहते थे। जब हमने इसे प्लान किया था तब यह एक फीचर फिल्म कि तरह बनाना चाहते थे, लेकिन वहा रेस्ट्रेक्शन होने की वजह से वेब सीरीज बनाई। जब हम इस सीरीज को बनाना चाहते थे तब हीरो की पसंद को लेकर काफी कशमकश रही।



### 'द रेलवे मेन' के निर्देशक शिव रवैल से बातचीत

हरिभूमि चर्चा

### 'द रेलवे मेन' पूरी फिक्शनल स्टोरी है जो ट्रू इवेंट पर आधारित है

भोपाल। 'द रेलवे मेन' सीरिज में गुलाम दस्तगीर के बेटे शादाब दस्तगीर ने आपत्ति ली थी कि यह पूरी फिल्म उनके पिता की कहानी पर आधारित है, लेकिन उनका कहीं भी जिक्र इस सीरीज में नहीं है। इस सवाल के जवाब पर शिव ने कहा कि यह पूरी फिक्शनल स्टोरी है, जो ट्रू इवेंट से रिलेट करती है और 1984 गैस हादसे की कहानी कई लोगों पर आधारित है। इसलिए हमें नहीं लगता कि हमें उनका नाम लेना चाहिए था।

### इंटेशनली 1984 के दंगे नहीं दिखाए, जो कहानी का पार्ट था, वही दिखाया

इस वेब सीरीज में कुछ पार्ट 1984 के दंगों का भी लिया है। इस सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि क्योंकि 1984 के दंगे और भोपाल गैस ट्रेजेडी के बीच एक महीने का ही अंतर था, तो हमने उस पूरी कहानी को एक करके प्रस्तुत किया। इंटेशनली 1984 के दंगे दिखाना मकसद नहीं था। वहीं अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा कि हम किसी न किसी ट्रू इवेंट पर आधारित ही स्टोरी पर काम कर रहे हैं।

शौर्य स्मारक में युग प्रवर्तक विवेकानंद चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

# विवेकानंद के जीवन पर आधारित 60 दुर्लभ चित्रों का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



स्वामी विवेकानंद की जयंती अवसर पर स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा शौर्य स्मारक में युवाओं और जन सामान्य को स्वामी विवेकानंद के जीवन के विभिन्न पहलुओं और संदेशों से अवगत कराने के लिए लगभग 60 दुर्लभ चित्रों के साथ उनके संदेशों पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया।

इस अवसर पर निदेशक महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ श्रीयुत श्रीराम तिवारी, उपसंचालक स्वराज संस्थान संतोष वर्मा, निदेशक धर्मपाल शोधपीठ संजय यादव, एसडीओ लोक निर्माण विभाग परमार तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी शौर्य स्मारक में 14 जनवरी 2024 तक जमीन जन सामान्य के लिए दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी।

### आकाशवाणी भोपाल पर तैयार श्री रामचरित मानसगान का प्रसारण सभी केन्द्रों से होगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश स्थित सभी आकाशवाणी केन्द्रों द्वारा 15 जनवरी से शाम 5.30 बजे से रोजाना श्री रामचरित मानसगान की उस रिकार्डिंग का प्रसारण आरंभ किया जा रहा है, जिसे 1971 से 73 के बीच तत्कालीन स्टेशन डायरेक्टर समर बहादुर सिंह द्वारा रिकार्ड करवाया गया था। आकाशवाणी भोपाल देश का पहला ऐसा केन्द्र बन गया जहां से श्री रामचरित मानसगान का सस्वर पाठ प्रसारित किया गया। मानसगान के पूर्ण होने पर जब इसे बन्द किया गया तो श्रोताओं की जबरदस्त मांग उठी और संसद भवन तक इसकी गूंज सुनाई दी।

# 43वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का उदघाटन आज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश रोज सोसाइटी तथा संचालनालय उद्यानिकी द्वारा आयोजित 43वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का उदघाटन शनिवार शाम 4 बजे होगा। सोसाइटी के अध्यक्ष लक्ष्मेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह एवं विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसाइटी के कोषाध्यक्ष सुशील प्रकाश होंगे। उद्यानों की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी 13 जनवरी को शाम 4.30 बजे किया जाएगा। उद्घघाटन समारोह में विशेष तौर पर वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसाइटी का प्रतिनिधि मंडल भी आ रहा है।



# राघव के सुरीले तिलिस्म में खोए श्रोता, दिल... से शुरू हुआ संगीत का सफर, हुआ मैं... पर जाकर थमा

## लोकगायन, रबाब वादन, सरोद, सारंगी, मृदंगम, तबला और वादन की मिश्रित धुनों ने आत्मा को किया झंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा लोकप्रिय अनुश्रुति श्रृंखला का भाग-2 का आयोजन शुक्रवार की शाम रवीन्द्र भवन स्थित अंजनी सभागार में किया गया। कार्यक्रम की सबसे मनभावन प्रस्तुति बॉलीवुड के लोकप्रिय और एनिमल फेम सिंगर राघव चैतन्य एवं साथी, मुंबई का लाइव कन्सर्ट रहा। उन्होंने सबसे पहले दिल... हम्मा... और ओ हमदम.... से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। इस धमाकेदार एंट्री ने दीर्घा में बैठे हर एक श्रोता के दिल पर दस्तक दी और थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद तो राघव चैतन्य ने पिछले सात दिनों..., दिल चाहता है..., घुंघरू..., मित्रा... जैसे सॉन्ग्स से पेश किए। ड्रम, गिटार, सिंथ जैसे इंस्ट्रूमेंट्स के साथ राघव ने सुर - ताल का ऐसा ताना बाना बुना की हर सुनने वाला इसमें डूब गया। सुरों का ये तिलिस्म यहीं खत्म नहीं हुआ, बल्कि पहला नशा...., दिल का दरिया.... सॉन्ग से होता हुआ एनिमल फिल्म में उनके द्वारा गाए लोकप्रिय सॉन्ग हुआ मैं.... पर जाकर थमा।

### रबाब पर सुनाया तेरी उम्मीद तेरा इंतजार..

इसके बाद दुर्लभ वाद्ययंत्र रबाब की धुनों से सभागार में सुमधुर खुशबू घुली। रबाब वादन की प्रस्तुति दी दिल्ली के जाने-माने कलाकार इमरान खान ने और उनके साथ तबले पर संगत कर रहे प्रख्यात तबला वादक और गुरु सलीम अल्लाहवाले। इमरान खान ने सबसे पहले राग पुरिया धनाश्री पेश किया।

### सिंगर राघव चैतन्य ने हरिभूमि से साझा किए अनुभव

# प्रोफेसर कहते थे कि इसको पढ़ाई में मत डालो...नहीं तो यह बर्बाद हो जाएगा

हरिभूमि चर्चा

**भोपाल।** मेरे कॉलेज के प्रोफेसर मेरी मां से कहते थे कि इसको पढ़ाई में मत डालो नहीं तो यह बर्बाद हो जाएगा, तब मैं बीसीए कर रहा था, मेरा कोर्स 2015 में पूरा हो गया था, लेकिन मुझे डिग्री 2017 में मिली थी, क्योंकि मेरे कई सारे पेपर बैक चल रहे थे। यह कहना है फिल्म एनिमल में गीत एनिमल का हुआ मैं..., थप्पड़ का एक टुकड़ा धूप..., एक विलन रिटर्न्स का दिल... सहित कई फिल्मी गीत गाने वाले बॉलीवुड सिंगर राघव चैतन्य का। वे शुक्रवार को अनुश्रुति श्रृंखला भाग-2 में गीतों की प्रस्तुति देने के लिए भोपाल आए थे। इस मौके पर सिंगर राघव ने हरिभूमि से बातचीत की।



### कॉम्पिटिशनके कारण साल में तीन से चार सिंगर ही लॉन्च होते हैं

राघव ने बताया कि रियलिटी शो में लाखों सिंगर है, लेकिन अपॉर्चुनिटी साल में 3-4 को ही मिलती है। उन्होंने कहा कि मुंबई में बहुत सारे रियलिटी शो होते हैं, लेकिन मुझे उनको देखने का मौका नहीं मिलता। यह बात सही है कि रियलिटी शो में बहुत अच्छे सिंगर आते हैं, लेकिन वहां कॉम्पिटिशन इतना है कि साल में तीन से चार सिंगर ही लॉन्च होते हैं, वहां फाइट और लक दोनों ही है।

### अच्छे लक से शीघ्र बॉलीवुड से ऑफर मिलने लगे

मैं 2015 में मुंबई आया था। कई साल मैंने खूब मेहनत की, हर चीज को समझा और जाना। कई कोशिशें की, लेकिन मौका नहीं मिला। मैं इस चीज से बोर हो गया था, तब मैंने अपने गाने पर काम शुरू किया। शायद मेरा लक अच्छा था, मुझे दो-तीन महीने में बॉलीवुड से ऑफर मिलने लगे। मेरे परिवार में कोई सिंगर नहीं है, लेकिन मेरे पिता जी गाने गाते थे, मुझे भी बचपन से गाने का शौक था, मैं उनके साथ गाता था।

### परी बाजार के दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

# चारबैत में गूंजा...ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेगम्स ऑफ भोपाल की ओर से गौहर महल में आयोजित भोपाल के साहित्य और कला पर केंद्रित परी बाजार का दूसरा दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के नाम रहा। एक ओर जहां भोपाल की चर्चित पटियागोई से कलाप्रेमियों को रूबरू होने का अवसर मिला,वहीं दूसरी ओर आरुषि के दिव्यांग बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने इस खुबसूरत शाम में चार चांद लगा दिए। प्रस्तुतियों का क्रम यहीं नहीं थमा। मुशायरा, चारबैत और वुमेन एंटरप्रेन्योर से जुड़े सत्रों में बड़ी संख्या में कला प्रेमी शामिल हुए। वहीं, दोपहर में परी बाजार में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए विभिन्न हैंडीक्राफ्ट आइटम्स के स्टॉल्स पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। इस दौरान भोपाल की परंपरागत संस्कृति पर केंद्रित भोपाली बटुए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। इसके अलावा भी लोगों ने विभिन्न लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया।



### वो सब जो गैरजरूरी था जिंदगानी में

सर्द हवाओं के बीच जैसे-जैसे मुशायरा परवान चढ़ा लोगों ने इसका जमकर आनंद लिया। इस दौरान नुसरत मेहंदी, बद्र वास्ती, अम्बेर आबिद, गोशिया सबीन, संतोष खिरवड़कर और दिनेश प्रभात ने एक से बढ़कर एक कलाम पढ़कर लोगों को बांधे रखा। मुशायरे की शुरुआत में नुसरत मेहंदी ने न जाने कैसे जरूरत ही बन गया नुसरत, वो सब जो गैरजरूरी था जिन्दगानी में... कलाम सुनाया। मुशायरे के क्रम को आगे बढ़ाते हुए संतोष खिरवड़कर ने दरया पे बारिशों का असर कुछ नहीं हुआ, मुझ पर भी साजिशों का असर कुछ नहीं हुआ... कलाम सुनाया।

### चारबैत की प्रस्तुति ने बांधा समां

सांस्कृतिक प्रस्तुति के क्रम में वैशाली और साथी कलाकारों ने चारबैत की खूबसूरत प्रस्तुति से समां बांधा। लगभग 50 मिनट की सांगीतिक चारबैंत प्रस्तुति में कलाकारों ने ये ना थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता..., दिल की उलझन ले चली है जुल्फे पेंचा के क़रीब..., अपने गमखाने को यादों से सजा रखा है..., जैसे कलाम पेश किए।



### जुबैर की पटियागोई

भोपाल के जुबैर आलम ने पटियागोई में भोपाली अंदाज में दो दोस्तों की कहानी को बड़े ही चिरपरिचित अंदाज में पेश किया। जुबैर ने बताया कि पटियागोई में बात से बात निकलती है, फैलते फैलते, फैंकने तक पहुंच कर टप्पे बाजी बन जाती है। इस दौरान जुबैर ने रफ़ी शब्बीर की लिखी किताब और रूमी जाफरी के भोपाली टप्पे को बड़ी ही खूबसूरत ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया।

### मानव संग्रहालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# उड़ीसा के जनजातियों में हो रहे पलायन और नकारात्मकता प्रभाव पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से जनजातियों की सांस्कृतिक धरोहर सतत विकास के लिए इस विषय पर आज दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विभिन्न विद्वानों ने अपने शोध पत्र पढे। प्रोफेसर जोशी ने सामाजिक चेतना में वृद्धि के लिए आदिवासी एकता परिषद गुजरात के प्रयासों एवं उसमें सफलता के बारे में बताया। प्रोफेसर त्रिपाठी ने उड़ीसा के जनजातियों में हो रहे पलायन तथा उसके संस्कृत नकारात्मकता प्रभाव की चर्चा की एवं जितेंद्र बासना ने भील जनजातियों में प्रचलित लोकगीतों कहावतें की चर्चा कर उनके सांस्कृतिक जीवन को समझाने का प्रयास किया।

### हल्मा परंपरा से जल संरक्षण हो रहा है

समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर दीपक कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि भारतीय जनजाति सांस्कृतिक विरासत संपूर्ण विश्व के लिए सतत विकास लक्षण 2030 को पाने के लिए सर्वाधिक प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है। उन्होने बताया कि भील समुदाय में हल्मा परंपरा सतत विकास के लक्षण को प्राप्त करने में सर्वाधिक सफल है। इस परंपरा से न केवल जल संरक्षण हो रहा है अपितु सामुदायिक सहभागिता भी सुनिश्चित होती है।

भोपाल
शनिवार, 13 जनवरी 2024
पौस मास शुक्ल पक्ष- 02
वर्ष : 10, अंक : 297
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 13

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

लोहड़ी की शुभकामनाएं




inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भारत पहली बार करेगा अध्यक्षता



**नई दिल्ली।** भारत 21 से 31 जुलाई तक पहली बार यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी की अध्यक्षता करेगा। ऐसा पहली बार है जब इस कमेटी की मेजबानी भी भारत के ही पास है। यूनेस्को में भारत के स्थाई प्रतिनिधि विशाल वी शर्मा ने बताया कि यूनेस्को के 193 देश सदस्य हैं। वहीं 11 सहयोगी सदस्य हैं। इसका मुख्यालय पेरिस में स्थित है।

### डोम राजा को मिला अयोध्या का निमंत्रण



**वाराणसी।** डोम राजा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक के परिवार को अयोध्या आने का निमंत्रण मिला है। जगदीश चौधरी के भाई अनिल चौधरी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानंद अनिल चौधरी को निमंत्रण देने पहुंचे। हरीश चंद्र घाट स्थित घर पर उन्हें निमंत्रण दिया गया है।

### असम में लागू होगा ये बड़ा कानून यूसीसी



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम उत्तराखंड और गुजरात के समान यूसीसी लाएंगे। असम की यूसीसी में कुछ ज्यादा नियम होंगे, हम उन राज्यों के यूसीसी बिलों के हिसाब से भी राज्य में यूसीसी लाएंगे।

युवाओं से किया आव्हान : श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले विभिन्न मंदिरों में सफाई करें

# नासिक धाम से पीएम मोदी ने शुरु किया 11 दिन का विशेष अनुष्ठान, झाड़ू-पोंछा लेकर की मंदिर में सफाई

पीएम मोदी ने देश को अपने साथ जुड़ने के लिए कहा और लोगों का आशीर्वाद मांगा तथा उनसे अपने भाव उनके साथ साझा करने को कहा

पीएम ने कहा कि जब ईश्वर रूपी जनता शब्दों में अपनी भावनाएं प्रकट करती है, आशीर्वाद देती है, तो मुझमें भी नई ऊर्जा का संचार होता है। आज, मुझे आपके आशीर्वाद की आवश्यकता है।

एजेंसी ▶▶ नासिक

शुक्रवार को नासिक धाम पंचवटी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान की शुरुआत की। इससे पहले पीएम मोदी ने नासिक में गोदावरी के तट पर श्री कला राम मंदिर के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। श्री कला राम मंदिर पंचवटी क्षेत्र में स्थित है।

रामायण से जुड़े स्थानों में पंचवटी एक विशेष स्थान है और यहां रामायण की कई महत्वपूर्ण घटनाएं भी घटित हुई हैं। पीएम मोदी जब नासिक के कालाराम मंदिर गए तो वो भगवान के दर्शन करने के बाद वे बाल्टी और पोछा लेकर निकल पड़े। पीएम खुद मंदिर में पोंछा लगाते दिखे। पीएम राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद लोगों से अपील ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भगवान राम ने यहां की थी अपनी कुटिया स्थापित

कालाराम मंदिर नासिक शहर के गोदावरी के तट पर पंचवटी क्षेत्र में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि यह मंदिर उस स्थान पर स्थित है जहां भगवान राम अज्ञातवास के दौरान रहे थे। इसे 1782 में सरदार रंगराव ओढेकर ने एक पुराने लकड़ी के मंदिर के स्थान पर बनवाया था। ऐसा कहा जाता है कि यह कार्य बारह वर्षों तक चला, जिसमें प्रतिदिन 2000 व्यक्तियों को रोजगार मिलता था। मंदिर में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण की खड़ी प्रतिमाएं ▶▶ शेष पेज 4 पर

◆ मकर संक्रांति से शुरु होगा देश के सभी मंदिरों में स्वच्छता का 'बड़ा अभियान'

पूजा 1



साफ-सफाई 2



उद्घाटन 3



### पीएम मोदी ने 'एक्स' पर कहा

### प्रभु ने मुझे प्राण-प्रतिष्ठा में सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो संदेश में कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही बचे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा। प्रभु ने मुझे प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान, सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं शुक्रवार से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं। मैं आप सभी जनता-जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। इस समय, अपनी भावनाओं को शब्दों में कह पाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी तरफ से एक प्रयास किया है। पीएम मोदी ने देश को अपने साथ जुड़ने के लिए कहा और लोगों का आशीर्वाद मांगा तथा उनसे अपने भाव उनके साथ साझा करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम सब इस सत्य को जानते हैं कि ईश्वर निराकार है। लेकिन ईश्वर, साकार रूप में भी हमारी आध्यात्मिक यात्रा को बल देते हैं। जनता-जनार्दन में ईश्वर का रूप होता है, ये मैंने साक्षात देखा है, महसूस किया है। लेकिन, जब ईश्वर रूपी वही जनता शब्दों में अपनी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भारत को मिला सबसे लंबा समुद्री पुल, पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

### मुंबई से नवी मुंबई बस 20 मिनट की दूरी पर

*प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र में 30,500 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक (एमटीएचएल) का उद्घाटन किया, जिसे अब 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है। 17,840 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से इसका निर्माण किया गया है। दुनिया का 12वां सबसे लंबा पुल है। यह पेरिस के एफिल टॉवर से 17 गुना ज्यादा मजबूत है। इसे 10 देशों के एक्सपर्ट और 15 हजार स्किल्ड वर्कर्स ने मिलकर तैयार किया है। यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा छह लेन वाला पुल है, जिसकी लंबाई समुद्र के ऊपर लगभग 16.5 किमी और जमीन पर लगभग 5.5 किमी है। यह मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सीधा संपर्क प्रदान करेगा और मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा के समय को भी कम करेगा। इस पुल से मुंबई बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह के बीच संपर्क में भी सुधार होगा।*

▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

बड़ा सवाल- आखिर कब थमेंगे आवारा कुत्तों के हमले?

## छह महीने के सोते बच्चे को कुत्तों का झुंड उठाकर ले गया, नोंच-नोंचकर मार डाला

अयोध्या नगर स्थित मिनाल गेट नंबर-चार के पास बुधवार सुबह 11 बजे हुई घटना

पिता के भरोसे छोड़कर मां चली गई थी काम पर, पिता 500 मीटर की दूरी पर कर रहा था काम

पिता ने पुलिस को दिया शपथ पत्र, कहा- नहीं चाहते कोई कार्रवाई

पुलिस एसडीएम की मौजूदगी में दफन किए बच्चे का शव करेगी बरामद, पीएम के बाद सौंपा जाएगा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर स्थित मिनाल रेसीडेंसी के गेट नंबर-4 से छह महीने के बच्चे को कुत्तों के झुंड द्वारा उठाकर ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। झुंड बच्चे को उठाकर झाड़ियों में ले गया और उसका दाहिना हाथ कंधे के पास से खा लिया। जब तक माता-पिता पहुंचते काफी देर हो चुकी थी। माता-पिता मासूम को अस्पताल ले गए थे, लेकिन मासूम की मौत हो चुकी थी। घटना बुधवार सुबह करीब 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। मासूम के शरीर पर कुत्तों के नोंचने के दो दर्जन से अधिक गहरे निशान थे। पुलिस के अनुसार मूलतः गुना निवासी देवेंद्र वाल्मीकि पिता अशोक वाल्मीकि, छावनी पठार में रहते हैं। वे



पत्नी के साथ मजदूरी करते हैं। 10 जनवरी की सुबह दंपती अपने इकलौते छह महीने के बेटे को लेकर काम पर गए थे। सुबह करीब 11 बजे बच्चे को कंस्ट्रक्शन साइट के पास पत्नी ने खुले में सुला दिया और पति देवेंद्र से कहा कि वह काम पर जा रही है। इसी बीच देवेंद्र के पास काम आया और वह बच्चे को छोड़कर चला गया। करीब तीस मिनट बाद देवेंद्र काम से लौटा तो उसे बच्चा नहीं मिला।

### दो दिन बाद मर्ग हुआ कायम

*घटना 10 जनवरी की सुबह की होने के बाद भी पुलिस ने मर्ग कायम करने में दो दिन लगा दिए। 11 जनवरी को पुलिस इस तरह की कोई सूचना नहीं होने की बात कह रही थी। जब मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा तो आनन-फानन में 12 जनवरी को मर्ग कायम कर लिया गया। थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने 'हरिभूमि' को बताया कि घटना की जानकारी सोशल मीडिया से लगी थी। पिता ने पुलिस से किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने की बात कहते हुए शपथ पत्र दिया है। तब पुलिस ने मर्ग कायम किया। अब पुलिस परिजन से पूछताछ कर उस जगह तक पहुंचेगी जहां बच्चे को दफन किया गया है। इसके बाद एसडीएम की मौजूदगी में शव निकालकर पीएम के बाद परिजन को सौंपा जाएगा।*

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी बोले- 1 लाख कार्यकर्ता के साथ जाऊंगा अयोध्या

## न्यौता ठुकराने पर लक्ष्मण सिंह ने कहा कि तो 'वही' परिणाम आएंगे... जो अब तक आए हैं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



कांग्रेस नेतृत्व ने जब से भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम में अयोध्या जाने से इंकार किया है, तब से पार्टी के अंदर घमासान के हालात हैं। वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के छोटे भाई लक्ष्मण सिंह ने पार्टी नेतृत्व के निर्णय की आलोचना की है और दिग्विजय को 'ज्ञानी महापुरुष' बताया है। दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि धर्म और आस्था व्यक्तिगत विषय हैं। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता अयोध्या जाएगा और दर्शन करेगा। पटवारी ने कहा कि मंदिर निर्माण पूर्ण होने और प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद मध्यप्रदेश से भी कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ता पार्टी के नेतृत्व में दर्शन करने अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक लाख से ज्यादा कार्यकर्ताओं के साथ मैं खुद जाऊंगा।

### निमंत्रण अस्वीकार करने का क्या मतलब?



कांग्रेस के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय से नुकसान तो हो गया। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि निमंत्रण अस्वीकार करने का क्या मतलब है? जब राजीव गांधी ने इसे अनलॉक करवाया था, तो आप कौन होते हैं इसे अस्वीकार करने वाले? हम क्या संदेश देना चाहते हैं? यदि हमारा नेतृत्व ऐसे सलाहकारों को रखता है, तो परिणाम वही होंगे जो अब तक आए हैं... नुकसान होता रहेगा, यह चुनाव में भी दिखेगा। लक्ष्मण सिंह ने दिग्विजय सिंह से जुड़े सवाल का जवाब देने से इंकार करते हुए कहा कि हर किसी को अयोध्या जाना चाहिए। हम हर साल वहां जाएंगे। हमारी भक्ति भगवान राम में है।

सीबीआई की कार्रवाई




## रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर

अनूपपुर जिले में शुक्रवार को सीबीआई की टीम ने नर्सिंग कॉलेज में छापा मारा। टीम ने सुबह रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में दबिश दी और दस्तावेज खंगाले। इसके बाद सीबीआई की टीम जिला अस्पताल अनूपपुर पहुंची। यहां टीम रिलायंस इंस्टीट्यूट ▶▶ शेष पेज 4 पर

भाजपा नेता के घर हमला



## घर में घुसकर भाजपा नेता सहित महिलाओं को भी पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

भेरूगढ़ थाना क्षेत्र के उन्हेल चौराहे पर गाड़ी हटाने की बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा ने कार्यालय के पास खड़े वाहन को हटाने के लिए कहा। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। जब 4 से 5 बदमाशों ने मारपीट शुरू ▶▶ शेष पेज 4 पर

विहिप की पहल : देश भर के इन लोगों के लिए अयोध्या मंदिर का एक निर्देशित दौरा होगा आयोजित

## जिन्होंने राम मंदिर निर्माण में योगदान दिया, उनको 44 विशेष ट्रेनों से 27 जनवरी से 22 फरवरी तक श्री रामलला के करवाए जाएंगे दर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जिन लोगों ने राम मंदिर निर्माण के लिए विभिन्न तरीके से योगदान दिया है, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने देश भर के इन लोगों के लिए अयोध्या मंदिर का एक निर्देशित दौरा आयोजित करने के लिए योजना तैयार की है। विहिप यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के एक लाख से अधिक लोग राम मंदिर के ▶▶ शेष पेज 4 पर

◆ तीर्थयात्रियों के आने पर उनके आवास, भोजन और दर्शन की व्यवस्था विहिप ही कराएगी




### विहिप की यह जिम्मेदारी है

विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि विहिप की यह जिम्मेदारी उन लोगों और उनके परिवारों के प्रति है जिन्होंने मंदिर निर्माण में बलिदान दिया है या कोई योगदान दिया है। इनमें कारसेवक शामिल हैं, जो रथयात्रा का हिस्सा थे, वे लोग जिन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में आंदोलन के समर्थन में समारोह आयोजित किए। साथ ही वो लोग जिन्होंने राम मंदिर निधि में महत्वपूर्ण वित्तीय योगदान दिया।

### देश को 45 जोन में बांटा गया

*इसके लिए विहिप ने पहले ही देशभर में अपने कार्यकर्ताओं को तैनात कर दिया है, जिन्हें ऐसे आमंत्रित लोगों की पहचान करने और उनकी अयोध्या यात्रा की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विहिप अध्यक्ष ने बताया कि पूरे देश को 45 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक क्षेत्र में लगभग 1,500 से 2,500 तीर्थयात्रियों का कोटा है जो यात्रा करेंगे। रेल मंत्रालय से 27 जनवरी से 22 फरवरी के* ▶▶ शेष पेज 4 पर

आरकेडीएफ कॉलेज में विवेकानंद जयंती समारोह मनाया

# यह अवश्य सोचें कि मैं देश और समाज के लिए क्या कर सकता हूं: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवा जो भी बनना चाहें, जरूर बनें, लेकिन यह अवश्य सोचें कि मैं जो भी बनना चाहता हूं उसमें देश और समाज के लिए क्या कर सकता हूं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच ऐसी ही है। उनका हर काम भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए होता है। आज की युवा पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि उसे भारत को विश्वगुरु बनते हुए देखने का अवसर मिल रहा है।



### धर्मसभा... मिला कुछ समय

आरकेडीएफ कॉलेज में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद काफी संघर्षों के बाद जब शिकागो पहुंचे, तो उन्हें वहां धर्मसभा में बोलने की अनुमति नहीं मिली। अंत में इस युवा संन्यासी को कुछ मिनट का समय दिया गया, लेकिन जब स्वामी ने उपस्थित जनसमुदाय को 'माई डियर ब्रदर्स एंड सिस्टर्स' कहकर संबोधित किया, तो भारतीय संस्कारों के इस प्रकटीकरण पर हॉल 10 मिनट तक तालियों से गूंजता रहा।

**सपने देखें और लक्ष्य तय करें**

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सपने जरूर देखें। अपना लक्ष्य तय करें और जहां भी रहें, देश और समाज के लिए सोचें। शर्मा ने कहा कि लक्ष्यों की पूर्ति में गरीबी कोई बाधा नहीं है।*

### अपने कामों से वैश्विक नेता के रूप में उभरे प्रधानमंत्री मोदी

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में काम शुरू किया। उनसे पहले देश के एक प्रधानमंत्री कहते थे कि जब हम एक रुपया गरीब के लिए भेजते हैं, तो 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस व्यवस्था को बदला और 48 करोड़ से अधिक जनधन खाते खुलवाए। आज सरकार 1 रुपया भेजती है, तो पूरा एक रुपया हितग्राही के खाते में आता है।*

## विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणादायक

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र और उनके दर्शन का अध्ययन युवा अनिवार्य रूप से करें। उनके जीवन और आदर्शों को याद करें, उन्हें समझें और उनसे प्रेरणा लेकर स्वयं और देश के उत्थान के लिए कार्य करे। सभी युवा अपने सामर्थ्य, क्षमता, ऊर्जा और ओज को राष्ट्र निर्माण में लगाए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद और अन्य महापुरुषों के आदर्शों की जानकारी देना चाहिए। युवाओं को आगे आकर काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



### युवा नियमित रूप से करें योग

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि जब सपने बड़े होते हैं तो मेहनत भी कड़ी होना चाहिए। युवा नियमित रूप से कसरत, योग और ध्यान करें। पौष्टिक भोजन लें, मोटे अनाजों को आहार में शामिल करें, अच्छी नींद, पर्याप्त पानी और भरपूर व्यायाम स्वस्थ रहने के मूल मंत्र है।*

## खबर संक्षेप

### बीच सत्र में अतिथि शिक्षकों को हटाने के निर्देश

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों के विरुद्ध रखे गए अतिथि शिक्षकों को बीच सत्र में हटाने के निर्देश जारी किए गए हैं। शिक्षा अधिकारियों ने जहां पर शिक्षकों की पदस्थापना हो गई है, वहां से अतिथि शिक्षकों को बाहर करने के निर्देश जारी किए हैं। दरअसल, प्रदेश के स्कूलों में जिन विषयों पर अतिथि शिक्षक पढ़ा रहे थे। उन विषयों पर नए शिक्षक नियुक्त हो गए हैं इसलिए अतिथि शिक्षकों को हटाया जा रहा है। इसके चलते अतिथि शिक्षकों के समक्ष रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है।

### 418 नगरीय निकायों को मिले 226.74 करोड़

**भोपाल।** भोपाल नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को चुंगी क्षतिपूर्ति की 226 करोड़ 74 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित की है। यह राशि 418 नगरीय निकायों को दी गई है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पिछले दिनों विभागीय अधिकारियों की बैठक में कर्मचारियों को वेतन एवं मानदेय समय पर मिले इस उद्देश्य से यह निर्देश दिए थे।

### मेरी राजनीति किसी पद के लिए नहीं: शिवराज

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को पुणे में भारतीय छात्र संसद के 13वें संस्करण कार्यक्रम में युवाओं में जोश भरा। उन्हें राजनीति में आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोग मुझे फॉर्मर चीफ मिनिस्टर कहते हैं लेकिन अपन रिजेक्टेड नहीं हैं। अपन छोड़ के भी आए तो ऐसे आए कि हर जगह जनता का स्नेह और प्यार मिलता है। जहां जाते है वहां लोग कहते है मामा मामा मामा, जनता का स्नेह और प्यार यही अपनी असली दौलत है। छोड़ दिया इसका मतलब यह नहीं है कि राजनीति नहीं करुंगा। मैं राजनीति करूंगा। मेरी राजनीति किसी पद के लिए नहीं बड़े लक्ष्य के लिए हैं।

### राघवेंद्र को औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन

**भोपाल।** राज्य शासन ने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह को प्रमुख सचिव लोक सेवा प्रबंधन (अतिरिक्त प्रभार) के साथ ही औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इससे पहले यह विभाग प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला के पास था। सरकार ने उन्हें इस विभाग के अतिरिक्त प्रभार से हटा दिया। इससे पहले भी दो बार उनके पास से इस विभाग के प्रभार को हटाया गया है।

## समय पर निर्माण कार्य पूरा करने के साथ गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

# सड़कें प्रदेश के विकास का द्वार, संभावनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान कर योजना बनाएं

### मॉनिटरिंग के लिए राज्य-स्तरीय ऑनलाइन क्वालिटी स्टेटस डैशबोर्ड बनाएं

### लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में सीएम डॉ. यादव ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़कें प्रदेश के विकास का द्वार है। जिन क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण होता है, वहां आवासीय और औद्योगिक विकास होता है। अगले 10 वर्ष में विकास की गति को देखते हुए शहरों का चयन करें और भविष्य में विकास की संभावनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान कर सड़क निर्माण की योजना बनाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य उच्चतम गुणवत्ता का करें। समय पर कार्य पूरा हो इसका विशेष ध्यान रखें। निर्माण करने के लिए सड़कों और भवनों के मेंटेनेंस का भी ध्यान रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्वालिटी कार्य करने वाली अच्छी एजेंसियों को कार्य दें। क्वालिटी कंट्रोल और मॉनिटरिंग के लिए राज्यस्तरीय ऑनलाइन क्वालिटी स्टेटस डैशबोर्ड बनाए। क्वालिटी लैब विकसित करने के साथ ही थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट कराएं।

**खास बातें**

- निर्माण योजना बनाते हुए स्थानीय जन-प्रतिनिधि और जनता से करे चर्चा
- निर्माण के लिए सड़कों और भवनों का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश
- रेवेन्यू जेनरेशन मॉडल पर कार्य करने को कहा



### 50 लाख से अधिक के कार्य के लिए मानिटरिंग सेल बनाएं

*मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 लाख रुपए से अधिक की लागत वाले निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए मॉनिटरिंग सेल बनाए। इसके साथ ही दूसरे देश और राज्यों की सड़क निर्माण की बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन करे और प्रेरणा ले। अधोसंरचना के क्षेत्र में कार्य करने वाली बड़ी संस्थाओं से भी चर्चा करें। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता बढ़ेगी। एनएचआई जैसे निर्माण संस्थाओं से प्रेरणा लेकर रेवेन्यू जेनरेशन मॉडल पर कार्य करने की योजना बनाएं, जिससे निर्माण कार्य की लागत निकलने के साथ ही शासन को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। इसी तरह समग्र विकास की परिकल्पना पर कार्य करते हुए सड़क निर्माण, भवन निर्माण और पुल निर्माण आदि।*

### भवन निर्माण की योजना बनाते हुए जन-प्रतिनिधि और जनता से चर्चा करें

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सड़क और भवन निर्माण की योजना बनाते हुए स्थानीय जन-प्रतिनिधि और जनता से चर्चा करें। भौगोलिक जानकारी रखने वाले स्थानीय कंसल्टेंट की सेवाएं ले। ऐसे प्राप्त सुझाओं पर बने निर्माण से अधिक जन-सुविधा होगी और स्थानीय संतोष बढ़ेगा। लोक निर्माण विभाग की बुकलेट क्वालिटी कंट्रोल मैन्युअल फॉर रोड एंड ब्रिजेस का लोकार्पण किया। सड़क अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के सहयोग से प्रदेश की भौगोलिक स्थिति तथा जलवायु के अनुकूल सड़कों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए यह मैन्युअल तैयार किया गया। सड़क, पुल के निर्माण के दौरान डिजाइन, निर्माण की कार्य विधि, निरीक्षण की प्रतिबद्धता और संधारण के विषय में विस्तृत रूप से निर्देश दिए।*

### कई विषयों पर दिया प्रजेंटेशन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विभागीय संरचना, प्रदेश में सड़कों की संख्या और स्थिति, मुख्य परियोजनाएं एवं कार्य, आगामी वर्ष में आने वाली परियोजनाएं, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लक्ष्य एवं रेलवे ओवरब्रिज, सड़क विकास निगम की परियोजनाओं और एक्सप्रेस वे नेटवर्क सहित विभागीय योजनाओं संबंधी प्रेजेंटेशन दिया गया।

### सड़क निर्माण की कार्य योजना बनाते समय शहरों की सुंदरता का रखें ध्यान

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़कों के निर्माण की योजना बनाते हुए शहरों की सुंदरता का ध्यान रखें। जन आकांक्षाओं के अनुरूप और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर सड़क निर्माण की योजना बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में एमपीआरडीसी के संचालक मंडल की बैठक ले रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो स्थानों के बीच दूरी और यात्रा का समय कम हो, इन मुख्य बिन्दुओं को ध्यान में रखकर नए वैकल्पिक मार्ग की तलाश करें। मुख्यमंत्री को मप्र सड़क विकास निगम लिमिटेड के संचालक मंडल निगम की ओर से किए गए कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वीकृति के साथ आवश्यक निर्देश दिए।*

### सीएम से मिला विवेकानंद केन्द्र कन्या कुमारी का प्रतिनिधि मंडल

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज उनके विंध्य कोठी स्थित निवास पर विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। उन्होंने 6 से 8 फरवरी तक उज्जैन में हो रही तीन दिवसीय अखिल भारतीय बैठक के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विवेकानंद का साहित्य भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ पत्रकार और लेखक रामभुवन कुशवाह, सुश्री रचना दीदी, धर्मदास शुक्ला, मनोज गुप्ता, सुरेन्द्र मित्तल शामिल थे।*

### पिछड़ी जनजातियों को देंगे अनुदान राशि

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 जनवरी को शहडोल के पॉलिटेक्निक ग्राउण्ड में हो रहे समारोह से प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया को आहार अनुदान की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शहडोल में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होकर संबोधित करेंगे। कार्यक्रम दोपहर 12.45 पर आयोजित किया गया है। इसमें विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य जिले छिन्दवाड़ा, बालाघाट, मण्डला, डिण्डोरी, अनुपपूर, शहडोल, उमरिया, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर एवं दतिया के हितग्राहियों को राशि हस्तांतरित होगी।*

# प्रदेश भर के मंदिरों में 16 से 22 तक कराएं रामधुन

- मुख्य मंदिरों में स्क्रीन लगाकर प्रसारण कराने के निर्देश
- अभियान चलाकर दीप प्रज्जवलित कराने को भी कहा

## गृह विभाग ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गृह विभाग ने प्रदेश भर में महाअभियान चलाकर समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित कराने, सभी मुख्य मंदिरों में टीडी स्क्रीन लगाकर सजीव प्रसारण करने को कहा है। गृह विभाग ने यह भी कहा कि समस्त शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता के साथ रोशनी आदि का प्रबंध कराने को भी है। विभाग ने निर्देश जारी कर उक्त कार्य अविलंब कराने को कहा है।

गृह विभाग से जारी आदेश के अनुसार 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन कराया जाए। पूरे प्रदेश के समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित कराए जाए। हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जागृत किया जाए। प्रदेश के नगरों तथा ग्रामों में राममण्डलियों को स्थानीय कार्यकम मोहल्लों तथा ग्रामों में आयोजित किए जाने के लिए प्रेरित किया जाए।

### आयोजनों में आमजनों की सहभागिता की जाए

प्रदेश के मुख्य मंदिरों में टीडी स्कीन लगाकर अयोध्या के उक्त कार्यकम का सजीव प्रसारण किया जाए। उक्त मंदिरों में आयोजनों में आमजनों की सहभागिता के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए। प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट, समिति की ओर से 22 जनवरी को भण्डारों का आयोजन किया जाए। प्रत्येक जिले के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट, समिति के माध्यम से आयोजित किए जाएं।

### विशेष सफाई का अभियान चलेगा

सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गांवों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से दिनांक 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई का अभियान चलाया जाए। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कालेजों में साज-सज्जा की जाए। प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी (एक सप्ताह) तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। जिनांक 21 जनवरी से 26 जनवरी तक समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी (लाइटिंग) की व्यवस्था की जाएं।

### श्रीरामचरित लीला समारोह भी होगा

11 से 21 जनवरी, 2024 तक संस्कृति विभाग की ओर से श्रीरामचरित लीला समारोह कार्यकम जिला रतलाम, मंदसौर, उज्जैन, इंदौर, खंडवा, आगर-मालवा, देवास, सीहोर, छिंदवाडा, जबलपुर, अनूपपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, रीवा एवं दमोह के कार्यकम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यकमों में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्गों से अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मान, स्वागत की व्यवस्थाएं स्थानीय निकायों तथा स्थानीयजनों के सहयोग से सुनिश्चित की जाएं।

## मंत्री डॉ. शाह पहुंचे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वामी विवेकानंद की जयंती और युवा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बावड़िया कला स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय व छात्रावास सहित संपूर्ण विद्यालय का अवलोकन किया।



### मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अधिकारियों का 10वां वार्षिक सम्मेलन आज से

**भोपाल।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति संजीव खन्ना के मुख्य आतिथ्य में 13 एवं 14 जनवरी को रवींद्र भवन में मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अधिकारियों का 10 वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसका शुभारंभ सुबह 11 बजे किया जाएगा। सम्मेलन में न्यायाधिपति अनिरूद्ध बोस, न्यायाधिपति जेके माहेश्वरी तथा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ विशिष्ट अतिथि रूप में शामिल होंगे। मप्र न्यायाधीश संघ की ओर से मप्र के समस्त न्यायाधीशों के लिए आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मप्र न्यायिक सेवा के न्यायाधीशों का न्यायदान के संबंध में कौशल विकास के लिए समुचित मार्गदर्शन देकर भविष्य के लिए योजनाओं को तैयार करना है।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दौरान घुलेगी महाकाल के लड्डुओं की मिठास

## उज्जैन में 5 लाख लड्डू बनाने में जुटे 80 कर्मचारी, 100 और लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर बाबा श्री महाकालेश्वर मंदिर से पांच लाख लड्डू अयोध्या श्री राम मंदिर में भेजे जाएंगे। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने चिंतामन स्थित लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई में शुद्ध देशी घी एवं सूखे मेवे से निर्मित 250 क्विंटल लड्डू तैयार करना शुरू कर दिया है। इसके बाद पांच लाख लड्डू अयोध्या में नवनिर्मित भगवान श्री राम के मंदिर के शुभारम्भ अवसर पर भेजे जाएंगे। इसके लिए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार दोपहर में चिंतामन स्थित लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने लड्डू प्रसाद की तैयारियों का जायजा लिया।

### कलेक्टर ने ली जानकारी

मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने कलेक्टर को बताया कि पांच लाख लड्डू बनाए जाने पर 80 क्विंटल घी, 90 क्विंटल शकर, चना दाल 70 क्विंटल, रवा 20 क्विंटल, काजू 10 क्विंटल, किशमिश 5 क्विंटल और एक क्विंटल इलायची से लड्डू प्रसाद निर्मित किये जा रहे हैं। इस कार्य में मन्दिर समिति के 80 कर्मचारियों के द्वारा लड्डू प्रसाद का निर्माण किया जा रहा है। इनके अलावा लड्डू प्रसाद निर्माण के लिए अतिरिक्त 100 कर्मचारियों को लगाए जाने की तैयारी है।

### मैनिट के इंजीनियरिंग ऑडिटोरियम में 'इंजीनियरिंग की रामकथा' विषय पर विशेष व्याख्यान

# विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलने का हमें प्रयास करना चाहिए: डॉ. पचौरी

### भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष केंद्रीय संस्कृत विवि सहित विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवाओं में ही वह क्षमता है, जिससे भारत को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित किया जा सकता है। हमें स्वामी विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में यह बात भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. उमाशंकर पचौरी ने युवाओं को देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कही।

भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. उमाशंकर पचौरी शुक्रवार को भोपाल में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) सहित चार विश्वविद्यालयों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। डॉ. पचौरी सुबह 9 बजे आईईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। सुबह 10:30 बजे बीयू में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे और संगोष्ठी को संबोधित किया।

### रामायण की इंजीनियरिंग और वर्तमान इंजीनियरिंग की तुलना



डॉ उमाशंकर पचौरी ने मैनिट भोपाल में रामायण की इंजीनियरिंग और वर्तमान इंजीनियरिंग को तुलना करके समझाया कि रामायण की इंजीनियरिंग आज की तुलना में उस वक्त कहीं ज्यादा विकसित थी। महज पत्थर पर राम लिखने मात्र से ही पत्थर पानी में तैरने लगता था। साथ ही माता सीता के पास इस प्रकार के विद्या थी कि उन्हें कोई छू भी नहीं सकता था। तत्पश्चात डॉ. पचौरी ने सभा में मौजूद विद्यार्थियों की जिज्ञासा को शांत किया। कार्यक्रम के अंत में विवेकोत्शव के अंतर्गत डॉ. पचौरी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विशाल आकार के भारतीय मानचित्र प्रदीप जलाकर कार्यक्रम का समापन किया।



### आत्म साक्षरता के बाद आत्मनिर्भर बनें



*भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. उमाशंकर पचौरी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल अपने पैरों पर खड़ा होना नहीं है। आत्म साक्षरता के बाद ही हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं। प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भता आए, विचार से बढ़कर कोई चीज नहीं हो सकती।*



# बीएमएचआरसी: डॉक्टर, स्टूडेंट और कर्मचारियों का तनाव दूर करेगा हैप्पीनेस सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बीएमएचआरसी में डॉक्टर, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के जीवन में तनाव कैसे कम हो और खुशियों को किस तरह बढ़ाया जाए, इसके लिए संस्थान में हैप्पीनेस सेंटर का शुभारंभ किया गया है।

रेखी फाउंडेशन के सहयोग से चलाया जाएगा हैप्पीनेस कोर्स



रेखी फाउंडेशन के सहयोग से शुरू हुए इस सेंटर में कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए एक खुशी और सुख का विज्ञान नाम से एक कोर्स शुरू किया जाएगा। शुक्रवार को रेखी के फाउंडर डॉ सतिंदर सिंह रेखी और बीएमएचआरसी डायरेक्टर डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने सेंटर का शुभारंभ कर एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डॉ. रेखी ने आपके जीवन को कौन चला रहा है, आप या आपका मंकी ब्रेन विषय पर लेक्चर दिया। डॉ. मनीषा ने बताया कि वर्तमान समय में तनाव से कोई भी अछूता नहीं है। हम सभी अपनी जिंदगी में तनाव से मुक्ति चाहते हैं, लेकिन कई बार ऐसा कर नहीं पाते। इसी वजह से रेखी फाउंडेशन के सहयोग से यह कोर्स शुरू किया गया है। अगर लोग खुश रहेंगे तो उनके जीवन में कई बड़े बदलाव आएंगे।

### माइंड लैब से पता चलेगा हैप्पीनेस स्तर

*नोडल ऑफिसर डॉ रूपेश रंजन ने बताया कि रेखी फाउंडेशन द्वारा बीएमएचआरसी में एक माइंड लैब भी स्थापित की जा रही है। यह माइंड लैब विभिन्न उपकरणों, तकनीक व विधियों के माध्यम से लोगों में हैप्पीनेस के स्तर के बारे में पता लगाएगी। यहां न सिर्फ पॉजिटिव इमोशंस समझने की कोशिश होगी, बल्कि वर्चुअल रियलिटी और आई ट्रैकिंग के जरिए भी उसकी भावनाओं को समझा और मॉनिटर किया जाएगा।*

## एम्स: स्टेम सेल ट्रांसप्लांट से ठीक हुआ 54 साल के मरीज का ब्लड कैंसर

**भोपाल।** राजधानी के एम्स में एक 54 वर्षीय मरीज का मैचिंग सिबलिंग डोनर स्टेम सेल ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया। वह गंभीर बल्ड कैंसर से पीड़ित था, जिसका इलाज स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के अभाव में लगभग असंभव है। भोपाल निवासी मरीज को जुलाई 2023 में ब्ल्ड कैंसर के बारे में पता चला। परिजन उन्हें इलाज के लिए एम्स भोपाल लाए। शुरुआत में उन्हें कीमोथेरेपी दी गई जिसके बाद उनकी बीमारी ठीक हो गई। बाद में उनके संपूर्ण इलाज के लिए स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की योजना बनाई गई थी। मरीज और उसके परिवार को प्रक्रिया की आवश्यकता, प्रक्रिया, जटिलताओं और अवधि के बारे में विस्तार से समझाया गया। उनकी सहमति के बाद उन्हें दिसंबर महीने में भर्ती कराया गया था।

### भाई को बचाने बहन डोनेट किए स्टेम सेल



स्टेम सेल डोनर उनकी 50 वर्षीय बहन थीं। उनके शरीर में स्टेम सेल को बढ़ाने के लिए चार दिनों के लिए दवा दी गई। जिसके बाद उनके शरीर से स्टेम कोशिकाएं एकत्र की गईं। एफेरेसिस दो दिनों तक किया गया क्योंकि पहले दिन आवश्यक स्टेम सेल की मात्रा प्राप्त नहीं हुई थी। दान की गई स्टेम कोशिकाएं जनवरी के पहले सप्ताह से उनके शरीर में बढ़ने और काम करने लगीं। मरीज को अब अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है और वो बिल्कुल ठीक है।

एक अप्रैल से लागू होगा रजिस्ट्री का संपदा टू साफ्टवेयर

# एक अप्रैल से रजिस्ट्री में गवाहों की नहीं जरूरत, आधार से नाम लेगा सॉफ्टवेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लंबे समय से ट्रायल पर चल रहे संपदा टू के साफ्टवेयर को एक अप्रैल से लागू कर दिया जाएगा। जिसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि गवाहों को पंजीयन दफ्तर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनके आधार से ही फोटो अपलोड हो जाएगा। इसके साथ वेब जीआइएस की मदद से मोबाइल पर ही प्रॉपर्टी की कलेक्टर गाइडलाइन में प्रॉपर्टी के रेट देखे जा सकेंगे। राजधानी सहित प्रदेश में नए वित्तीय वर्ष एक अप्रैल से इसे शुरू किया जाएगा। इसमें सर्च, ई रजिस्ट्रेशन, सर्च एंड सर्टिफाइड कॉपी भी आसान हो जाएगी।

रजिस्ट्री में संपदा टू लागू होने से गवाहों की जरूरत नहीं पड़ेगी। आधार से फोटो और नाम लिए जाएंगे। मोबाइल पर वेब जीआइएस की मदद से प्रॉपर्टी की गाइडलाइन देख सकेंगे। इसके साथ गूगल से ऐप डाउनलोड कर मौके पर खड़े होकर वहां की गाइडलाइन का पता कर सकेंगे। प्रॉपर्टी को बैंक में बंधक बनाने के लिए बार-बार बैंक के चक्कर काटने नहीं होंगे। इसके लिए चार विभागों के अफसरों को रजिस्ट्रार के अधिकारी दिए जा रहे हैं। इसमें हाउसिंग बोर्ड, उद्योग विभाग, मप्र स्टेट इलेक्ट्रोनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम शामिल हैं।

### मोबाइल एप से ही मिलने लगेगी प्रॉपर्टी की जानकारी



#### एक क्लिक पर मिलेगा रजिस्ट्री का डेटा

*एक क्लिक पर रजिस्ट्री की जानकारी मिल जाएगी। इससे बेनामी संपत्ति पर शिकंजा कसा जा सकेगा। प्रॉपर्टी की आइडी होने से उसमें कॉर्नर का प्लॉट है, उसकी कलेक्टर गाइडलाइन क्या है। लोकेशन सब उसमें रहेगी। ऐसे में स्टांप की चोरी रुकेगी, सर्विस प्रोवाइडर के यहां होने वाली लंबी चौड़ी लिखापढ़ी भी कम होगी। रजिस्ट्री के बाद नगर निगम में मैसेज जाएगा, जिससे नामांतरण की प्रक्रिया भी आसानी से होगी।*

**एक अप्रैल से लागू होगा संपदा टू**

रजिस्ट्री में संपदा टू सॉफ्टवेयर एक अप्रैल नए वित्तीय वर्ष में पूरे प्रदेश में एक साथ लागू किया जाएगा। पहले ट्रायल कर रहे थे, लेकिन अब पूरे प्रदेश में एक साथ लागू करेंगे। **एम सेलवेंद्रम**, महानिरीक्षक पंजीयन

### नामांतरण के 15 हजार केस पेंडिंग, अन्य जिलों से पांच गुना पेंडेंसी

*तहसील दफ्तरों में जमीन और प्लॉटों के नामांतरण को लेकर हालात खराब है। प्रदेश के अन्य जिलों के मुकाबले यहां चार से पांच गुना तक नामांतरण की पेंडेंसी ज्यादा है। सीएम डॉ मोहन यादव के समीक्षा करने के बाद भी तहसील दफ्तरों में हालात नहीं सुधरे हैं। अफसरों का अजीब तर्क है कि विधानसभा चुनाव की व्यवस्तता की वजह से यह पेंडेंसी बढ़ी है। जबकि इन पेंडिंग मामलों में छह महीने पुराने मामले अधिक है। विवादित के साथ अविवादित नामांतरणों की तादाद भी बढ़ती जा रही है। यह केस भोपाल की हुजूर, कोलार, बैरसिया तहसील और अलग-अलग एसडीएम कार्यालयों के हैं। 14 हजार 915 केस सिर्फ नामांतरण के भोपाल में अटके हैं। इनमें आवेदक चक्कर काट रहे हैं।*

#### अफसरों ने बंटवारे के केस भी अटकाए

*भोपाल में बंटवारा केसों की संख्या 902 है। इसमें किसी में भाई का विवाद है तो कोई अपने पिता के मकान में हिस्सा बांट के लिए केस लगाए हुए हैं। भोपाल में सबसे ज्यादा 34 बंटवारे के केस एक साल से ज्यादा समय से पेंडिंग हैं।*

#### सीमांकन कराना भी मुश्किल

*भोपाल की हुजूर तहसील में 6721 केस आए, इसमें से दो हजार अभी लंबित हैं। ऐसे ही कोलार में सीमांकन के 1800 और बैरसिया में 3708 केस आए हैं। इसमें से 60 फीसदी का समाधान ही हुआ है।*

**टाइम लिमिट बठक में करुंगा समीक्षा:** राजस्व केसों की पेंडेंसी को लेकर प्रत्येक सप्ताह टाइम लिमिट बठक में समीक्षा करुंगा। तहसीलों में आम लोगों के काम न रुकें, इसके लिए अफसरों को निर्देश दिए हैं। **कौशलेंद्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर

एक सप्ताह रहेगी सर्दी से राहत, सुबह रहेगा कोहरा

# खिली चटक धूप, खिल उठे चेहरे मिली कंपकंपाती सर्दी से राहत



भारत भवन परिसर में धूप सेंकती युवतियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक हफ्ते की कड़ाके की सर्दी के बाद शुक्रवार से दिन और रात की सर्दी में राहत मिल गई है। हालांकि दिन में ठंड का असर रहेगा। शुक्रवार सुबह राजधानी में कोहरा छाया रहा, शनिवार को भी कोहरा बना रहने के आसार हैं।

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिन से पश्चिमी विक्षोव की वजह से प्रदेश में घना कोहरा छा रहा है। इस वजह से हवा का रुख बदल गया है। राजस्थान के आसपास चक्रवात सक्रिय है। इन वजहों से अगले 3 से 4 दिन तक कोहरा रहेगा। इसके बाद रात के तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है, लेकिन 16 जनवरी से एक और सिस्टम सक्रिय होने का अनुमान है। जिससे रात का तापमान स्थिर रहेगा। शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर शहरों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली है।

भोपाल में 6 डिग्री तापमान बढ़ गया। यहां गुरुवार को तापमान 23.9 डिग्री दर्ज किया गया।

बच्चियों की काउंसलिंग की कराई गई, बाकी 6 को भी बुलाया

# दूसरे दिन रेस्क्यू की गईं 11 बालिकाएं पहुंची सीडब्ल्यूसी, दर्ज कराए बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निरीक्षण के बाद राजधानी में उजागर हुए अवैध आंचल बालगृह के मामले में रेस्क्यू की गई बच्चियों में 39 बच्चियों को उनके परिजन को सौंप दिया गया है। वहीं दो बच्चियों को छिंदवाड़ा सीडब्ल्यूसी को सौंपा गया है। इसके बाद निरीक्षण के दौरान बालगृह में नहीं मिली 26 बच्चियों के बयान और काउंसलिंग जारी है।

बाल कल्याण समिति द्वारा कराई अब तक 20 बच्चियों के बयान दर्ज कर काउंसलिंग कराई गई है। शुक्रवार को 11 बच्चियां बाल कल्याण समिति के कार्यालय अपने अभिभावकों के साथ पहुंची। इसके पहले गुरूवार को 9 बच्चियों के बयान दर्ज किए गए थे। बाकी 6 बच्चियों को अभिभावकों के साथ बुलाया गया है। बता दें कि यह 26 बच्चियां बाल आयोग के निरीक्षण



के वक्त 26 बच्चियां हॉस्टल में मौजूद नहीं थीं। बाद में जांच में सामने आया कि यह बच्चियां पहले ही हॉस्टल छोड़ चुकी हैं। हालांकि, इनके नाम अब तक रजिस्टर में मौजूद हैं।

# मेट्रो ट्रैक के लिए डीआरएम ऑफिस के सामने रेलवे क्रॉसिंग तक बनने लगा तीन स्तरीय स्टील ब्रिज

यह अपने किस्म का पहला ब्रिज है, जो रोड और क्रॉसिंग पर एक साथ तीन स्तर का रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो के लिए सुभाष नगर से एम्स तक ट्रैक बिछाने का काम काफी तेजी से चल रहा है। इस मार्ग पर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से एम्स तक ट्रैक बिछाने का काम शेष रह गया है। क्योंकि पहले रेलवे क्रासिंग पर स्टील ब्रिज बनना है और उसके बाद तय हुआ कि डीआरएम से रेलवे क्रासिंग को कवर करते हुए स्टील ब्रिज दो बनाए जाएं। रेलवे ने पटरी के बीच में पिलर बनाने का मना कर दिया थाए जिससे स्टील ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया और रेलवे ने इसकी अनुमति दे दी।

मध्य प्रदेश मेट्रो कंपनी द्वारा डीआरएम ऑफिस से लेकर रेलवे क्रासिंग तक और रेलवे क्रासिंग से गणेश मंदिर तक तीन स्तरीय स्टील ब्रिज बन रहा है।

दूसरी मेट्रो ट्रेन के लिए भोपाल तक की रोड टेस्टिंग शुरू | कोहरा व मौसम को देखते हुए हो रही जांच और ट्रैफिक व्यवस्था



### दूसरी मेट्रो ट्रेन के लिए भोपाल तक की रोड टेस्टिंग शुरू

मध्य प्रदेश मेट्रो कंपनी द्वारा भोपाल के लिए एक और ट्रेन को गुजरात से हरि झंडी दे दी गई है। इस ट्रेन को भोपाल तक लाने के लिए रोड की टेस्टिंग की जा रही है। भोपाल तक ट्राले में ट्रेन लाने के लिए जहां भी किसी प्रकार की परेशानी आ रही हैए वहां उसे सुधारा जाएगा। जबकि कोहरा व मौसम को देखते हुए हो रही इस जांच की रिपोर्ट के आधार पर रोड को सुधारा जाएगा। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था की भी जांच की जा रही है। पूरी जांच रिपोर्ट आने और रोड सुधर जाने के बाद ट्रेन आने की तारीख की जानकारी मिल जाएगी।

## नीट पीजी की परीक्षा मार्च की जगह अब जुलाई में

**भोपाल।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेस (एनबीइएमएस) ने नीट पीजी परीक्षा चार महीने पोस्टपोन कर दी है। यह परीक्षा 3 मार्च की जगह अब 7 जुलाई को होगी। फेडेरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव मेंबर डॉ. आकाश सोनी के अनुसार इससे सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई छात्र परेशान हो जाएंगे। कई छात्रों ने अपनी जॉब छोड़कर इसके लिए तैयारी शुरू कर दी थी। वहीं छात्रों का कहना है कि अब तारीख आगे बढ़ने से उनकी तैयारी पर भी असर पड़ेगा। यही नहीं नीट पीजी के लिए आवेदन की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हुई है।

महापौर ने सफाई मित्रों का पुष्प हार पहनाकर किया अभिवादन

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 का पुरस्कार लेकर दिल्ली से लौटे महापौर व आयुक्त के साथ निगम दल का विमान तल पर जोरदार स्वागत

महापौर ने एयरपोर्ट पर स्वच्छता हेतु श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण.2023 में भोपाल ने स्वच्छता की रैंकिंग में सुधार करते हुए 5 वां स्थान प्राप्त करने पर नई दिल्ली से पुरस्कृत होकर भोपाल लौटने पर महापौर मालती राय, निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए सहित भोपाल के दल में सम्मिलित अन्य सदस्यों का राजा भोज विमान तल पर जनप्रतिनिधियोंए गणमान्य नागरिकों एवं निगम के अधिकारियों के साथ कर्मचारियों ने जोरदार स्वागत किया।

महापौर मालती राय ने स्वच्छता की रैंकिंग में सुधार का श्रेय सफाई मित्रों को देते हुए पुष्प माला से उनका अभिनंदन किया तथा एयरपोर्ट के बाहर फर्श एवं सड़क पर फैले फूलों की सफाई हेतु महापौर राय ने स्वयं श्रमदान कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश भी दिया।




राजाभोज विमानतल पर महापौर मालती राय का स्वागत करतीं महिला सफाई कर्मी।



स्वागत से अभिभूत महापौर ने महिला सफाईकर्मियों का अभिनंदन किया।

### महापौर राय ने दिया स्वच्छता का संदेश

*स्वच्छ सर्वेक्षण.2023 के पुरस्कार प्राप्त कर शुक्रवार को महापौर मालती राय, निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल सहित पुरस्कार प्राप्त करने गए निगम के दल के अन्य सदस्यों के भोपाल लौटने पर राजा भोज विमान तल पर महापौर परिषद के सदस्यों, पार्षदों, निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों ने ढ़ोल.नगाड़ों के साथ पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। महापौर ने निगम के सफाई मित्रों को देते हुए पुष्प माला पहनाकर व प्राप्त ट्राफी व मोमेंटो आदि देकर उनका अभिनंदन एवं उत्साहवर्धन किया। स्वागत अभिनंदन के दौरान जो फूल एवं पत्तियां एयरपोर्ट परिसर में गिरी उन्हें महापौर मालती राय ने स्वयं श्रमदान कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश भी दिया।*



# अनुपम खेर ने पूरी की 'छोटा भीम' की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों अपनी फिल्म 'छोटा भीम' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। अब उन्होंने लाइव-एक्शन फिल्म 'छोटा भीम' की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसकी जानकारी अभिनेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए दी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शूटिंग सेट से कुछ तस्वीरें साझा कीं और बताया कि फिल्म की शूटिंग खत्म हो चुकी है। तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'और यह छोटा भीम फिल्म के लिए रैप है। क्या खूबसूरत अनुभव है। फिल्म में बच्चों का अभिनय सनसनीखेज है। अभिनय और सहजता के बारे में उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

लाइफ Style

# जाह्नवी



## सारा पर आया गुस्सा, उठा लिया ये कदम

एजेंसी ▸▸| मुंबई

जाह्नवी कपूर काफी समय से शिखर पहारिया को डेट कर रही हैं। कई बार दोनों को साथ में स्पॉट किया गया है। इतना ही नहीं कई बार जाह्नवी, शिखर के साथ मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेने भी जाती हैं। हालांकि कुछ दिनों पहले शिखर को सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा के साथ स्पॉट किया गया।

इसके बाद अब खबर आ रही है कि जाह्नवी ने सारा को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। वैसे तो जाह्नवी की फॉलोइंग लिस्ट में सारा का नाम नहीं है। लेकिन इस बात को लेकर हम दावा नहीं करते कि पहले वह अन्हं फॉलो करती थीं या नहीं। बता दें कि कुछ दिनों पहले सारा और शिखर साथ में पार्टी करके गाड़ी में जाते हुए दिखे। सारा जहां पीछे बैठी थीं। वहीं शिखर आगे बैठे थे। दोनों को साथ में देखकर कई सवाल खड़े हो रहे थे कि कहीं जाह्नवी और शिखर अब साथ तो नहीं, लेकिन फैंस का कहना है कि हो सकता है दोनों अच्छे दोस्त और बस पार्टी कर रहे हों। वैसे बता दें कि जाह्नवी कुछ समय पहले करण जौहर के शो कॉफी विद करण में पहुंचीं। इस दौरान जाह्नवी ने अपनी पर्सनल लाइफ स्पेशयली डेटिंग लाइफ के बारे में बात की। जाह्नवी ने बताया कि कैसे पहले वह शिखर के साथ रिलेशनशिप में थीं फिर इनका ब्रेकअप हो गया और बाद में दोनों साथ आए। जाह्नवी ने शिखर का खुशी और बोनी के साथ बॉन्ड के बारे में भी बताया था। उन्होंने कहा था, ना सिर्फ मेरे लिए बल्कि खुशी और पापा यहां तक की परिवार में सबके लिए शिखर साथ रहा है। जब दोस्त रहे तब भी। वह बिना अपने बारे में सोचे बस सबके लिए आगे रहता है।



# 90 की क्वीन बन छाने को है तैयार

**मुंबई।** रवीना टंडन ने वेब सीरीज 'अरण्यक' से ओटीटी पर दमदार डेब्यू किया था। पहली सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद अब ये एक्ट्रेस एक और थ्रिलर-सस्पेंस सीरीज के साथ ओटीटी पर वापसी करने जा रही हैं। रवीना टंडन की मच अवेटेड वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' का शुक्रवार को ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस अपकमिंग सीरीज के ट्रेलर में रवीना टंडन का बेहद ग्लैमरस और दमदार अवतार देखने को मिला है। वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में रवीना अरबों की मालकिन इंद्राणी कोठारी के किरदार में नजर आने वाली हैं। इंद्राणी कोठारी 90 के दशक की बॉलीवुड क्वीन रहती हैं जिन्होंने एक बेहद अमीर इंसान से शादी की है। बॉलीवुड से दूर इंद्राणी कोठारी अब अलीबाग में एक आलीशान महल में अपने परिवार के साथ शान-ओ-शौकत से रह रही होती हैं कि तभी उनकी जिंदगी में कर्मा तलवार नाम की एक लड़की की एंट्री होती है। कर्मा तलवार इंद्राणी और उसके परिवार से अपना सालों पुराना बदला लेने लौटी है।



# 'रामायण' की शूटिंग शुरू करेंगे रणबीर!

**मुंबई।** 'एनिमल' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद रणबीर कपूर, साई पल्लवी के साथ महाकाव्य 'रामायण' पर काम शुरू करने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी करेंगे। यह एक हाई बजट फिल्म है, जिसके निर्माण में निर्माता हर एक छोटी सी छोटी चीज पर खासा ध्यान दे रहे हैं। फिल्म के एलान के बाद से ही फैंस इसके फ्लोर पर आने का इंतजार कर रहे हैं। अब यह इंतजार खत्म होता नजर आ रहे है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, रणबीर कपूर 2 मार्च से 'रामायण' की शूटिंग शुरू करेंगे। साथ ही दो अन्य शेड्यूल पर भी बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो, रणबीर कपूर 2 मार्च से मुंबई में 'रामायण' की शूटिंग शुरू करेंगे। इसके बाद अप्रैल और मई में भी दो शेड्यूल की योजना है। रिपोर्ट के सामने आते ही इस सिनेमाई तमाशे को लेकर प्रत्याशा बढ़ गई है।

## पेज 1 का शेष

### बाबा महाकाल...

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन आदर्श था। उन्होंने भारत की विशेषताओं को संसार के समक्ष प्रस्तुत किया। इस योग दिवस पर विद्यार्थियों के साथ जन-प्रतिनिधियों ने भी भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में समस्त प्रदेशवासी इंदौर के सातवीं बार देश का स्वच्छतम नगर चुने जाने की उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं। इंदौर के महापौर, संबंधित विभाग, नागरिकगण और सभी जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए डॉ. यादव ने कहा माता अहिल्या की नगरी की यह उपलब्धि स्वच्छता का ताज है। एक बार ताज धारण करना सरल है, लेकिन लगातार ऊंचाई पर बने रहना कठिन होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2016 से संचालित स्वच्छता अभियान से पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। मप्र इस अभियान में अच्छी रैंकिंग लाता है। देश में मप्र दूसरे स्थान पर रहा है। मप्र के भोपाल, महू और अन्य नगर भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता के लिए पुरस्कृत हुए हैं।

### नासिक धाम से पीएम...

की कि वे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले विभिन्न मंदिरों में सफाई करें। बताया जाता है कि इस मंदिर के लिए बाबा साहेब आंबेडकर ने आंदोलन किया था।

### भगवान राम ने...

काले पत्थर की हैं और लगभग 2 फीट ऊंची हैं। ये मंदिर प्रभु श्री राम के सबसे सुंदर मंदिरों में से एक है। विदित हों कि भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी ने पंचवटी क्षेत्र में स्थित दंडकारण्य वन में कुछ वर्ष बिताए थे। पंचवटी नाम का अर्थ है 5 बरगद के पेड़ों की भूमि। इस बारे में किंवदंती है कि भगवान राम ने यहां अपनी कुटिया स्थापित की थी क्योंकि 5 बरगद के पेड़ों की उपस्थिति ने इस क्षेत्र को शुभ बना दिया था।

### प्रभु ने मुझे प्राण...

भावनाएं प्रकट करती है, आशीर्वाद देती है, तो मुझमें भी नई ऊर्जा का संचार होता है। आज, मुझे आपके आशीर्वाद की आवश्यकता है।

### छह महीने के...

निशान थे। पुलिस के अनुसार मूलतः गुना निवासी देवेंद्र वाल्मीकि पिता अशोक वाल्मीकि, छावनी पठार में रहते हैं। वे पत्नी के साथ मजदूरी करते हैं। 10 जनवरी की सुबह दंपती अपने इकलौते छह महीने के बेटे को लेकर काम पर गए थे। सुबह करीब 11 बजे बच्चे को कंस्ट्रक्शन साइट के पास पत्नी ने खुले में सुला दिया और पति देवेंद्र से कहा कि वह काम पर जा रही है। इसी बीच देवेंद्र के पास काम आया और वह बच्चे को छोड़कर चला गया। करीब तीस मिनट बाद देवेंद्र काम से लौटा तो उसे बच्चा नहीं मिला। इसी बीच पत्नी भी आ गई। दंपती बच्चे की तलाश करते हुए गेट नंबर चार की तरफ पहुंचे। इसी बीच एक मजदूर ने बताया कि बच्चे को कुत्तों का झुंड उठाकर ले गया है। झुंड गेट नंबर चार के पास शिव नगर की तरफ झाड़ियों में गया है। दंपती वहां पहुंचे तो कुत्तों का झुंड मासूम को नोंच रहा था।

### *दो दिन बाद...*

*पत्र दिया है। तब पुलिस ने मर्ग कायम किया। अब पुलिस परिजन से पूछताछ कर उस जगह तक पहुंचेगी जहां बच्चे को दफन किया गया है। इसके बाद एसडीएम की मौजूदगी में शव निकालकर पीएम के बाद परिजन को सौंपा जाएगा।*

### न्यौता ठुकराने पर...

मंदिर निर्माण पूर्ण होने और प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद मध्यप्रदेश से भी कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ता पार्टी के नेतृत्व में दर्शन करने अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक लाख से ज्यादा कार्यकर्ताओं के साथ मैं खुद जाऊंगा।

### निमंत्रण अस्वीकार...

क्या संदेश देना चाहते हैं? यदि हमारा नेतृत्व ऐसे सलाहकारों को रखता है, तो परिणाम वही होंगे जो अब तक आए हैं... नुकसान होता रहेगा, यह चुनाव में भी दिखेगा। लक्ष्मण सिंह ने दिग्विजय सिंह से जुड़े सवाल का जवाब देने से इंकार करते हुए कहा कि हर किसी को अयोध्या जाना चाहिए। हम हर साल वहां जाएंगे। हमारी भक्ति भगवान राम में है।

### रिलायंस इंस्टीट्यूट...

आफ नर्सिंग कॉलेज के छात्रों के जिला अस्पताल में प्रैक्टिस संबंधित दस्तावेज खंगाले। सीबीआई ने इससे पहले भी दो कॉलेज में छापा मारा था। सीबीआई की टीम यहां भवन, शैक्षणिक स्टाफ, स्टूडेंट को क्लीनिकल सुविधा, लाइब्रेरी, क्लास रूम, लैब, प्रिंसिपल को 15 वर्ष का अनुभव, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर को 13 से 10 साल का अनुभव की जांच कर रही है। सीबीआई की टीम में शामिल लोग इस पूरे मामले कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

माना जा रहा है कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद पैरामेडिकल कॉलेज की जांच के लिए टीम पहुंची। लेकिन सीबीआई की टीम द्वारा इसके बारे में मीडिया को कोई भी जानकारी नहीं दी गई। बता दें कि मध्य प्रदेश के 275 कॉलेज में 75 कॉलेज में गड़बड़ी पाई गई थी। सीबीआई की टीम इन कॉलेजों की दस्तावेज खंगालने के लिए यहां पहुंची है। टीम अन्य कॉलेज में जांच करने के लिए आ चुकी है।

### घर में घुसकर...

कर दी तभी दिनेश विश्वकर्मा के बड़े भाई मामला शांत कराने पहुंचे। लेकिन देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया था कि बदमाशों ने दोनों भाई के साथ जमकर मारपीट की। आरोपियों ने परिवार की महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद आरोपियों ने भाजपा नेता के घर जमकर पथराव भी किया।

आपको बता दें कि दिनेश विश्वकर्मा भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इसके बाद भेरूगढ़ पुलिस द्वारा बलवा सहित मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। फिलहाल फरियादी दिनेश विश्वकर्मा का उपचार शासकीय अस्पताल में चल रहा है।

### जिन्होंने राम मंदिर...

दर्शन के लिए 27 जनवरी से 22 फरवरी के बीच उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचने के लिए 44 विशेष ट्रेनों में सवार हों। एक लाख तीर्थयात्रियों में वे लोग शामिल होंगे जिन्होंने सालों से विभिन्न तरीकों से मंदिर निर्माण में योगदान दिया है, जिसमें अयोध्या राम जन्मभूमि अभियान में भाग लेने से लेकर मंदिर के लिए वित्तीय दान देना शामिल है।

### *देश को 45 ...*

*बीच इस उद्देश्य के लिए 44 विशेष ट्रेनें चलाने का अनुरोध किया गया है। तीर्थयात्रियों के आने पर, उनके आवास, भोजन और दर्शन की व्यवस्था हमारी ओर से की जाएगी।*




## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती हैं।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MOHAMMAD VASIM था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर MOHAMMAD WASIM MANSURI हो गया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम MOHAMMAD WASIM MANSURI S/O MOHAMMAD SHAKIL से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : 92, WARD NO. 1, BHILAT MARG, RAJENDRA WARD, BARWANI (M.P.) - 451551

### आवश्यक सूचना


पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक











### शब्द पहेली - 5393



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5392 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रू | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

### सूडोकू बवाल - 5403

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

सूडोकू बवाल - 5402 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# मकर संक्रांति पर्व बाजारों में गुड़ और तिल की खुशबू

# करीब 100 टन गुड़, 50 टन तिल और 20 टन मुरमुरे की होगी खपत

**शहर में इन दिनों रोज बिक रहा 10 टन गुड़**

**तिलकुट 300 रुपए किलो गुड़ और लाई भी महंगे**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मकर संक्रांति पर्व के चलते बाजार में गुड़ और तिल की खुशबू मंहकने लगी है,लेकिन इस बार मकर संक्रांति पर्व की सभी सामग्रियों पर महंगाई की मार भी दिख रही है।


कर संक्रांति के मद्देनजर शहर के बाजारों के अलावा हाट -बाजार और सड़कों के किनारे अस्थाई मुरमुरा, लड्डू, पट्टी व तिलकुट, गुड़, तिल की दुकानें सज गई हैं। इस साल तिल के दाम बीते साल से 40 रुपए किलो है। तो गुड़ के भाव 10 रुपए किलो अधिक है। बाजारों में पट्टी और तिलकुट की मांग सबसे ज्यादा है।

तिलकुट 300 रुपए प्रति किलो तक के भाव में बिक रहा है। तो गुड़ क्वालिटीनुसार 45 से 55 रुपए, तिल धुली 220 रुपए, बिना धुली 200 रुपए, मुरमुरा 80 रुपए प्रति किलो के भाव बिक रहा है।



## मकर संक्रांति उदया तिथि पर 15 जनवरी को

प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष ग्रहों की चाल इस तिथि को 15 जनवरी तक लेकर जा रही है। दरअसल सूर्य धनु से जब मकर राशि में जाती है तो इस संक्रांति को ही मकर संक्रांति कहते हैं। इस वर्ष 14 की देर रात 2.44 बजे सूर्य धनु से मकर संक्रांति में प्रवेश कर रहा है। इसलिए यह त्योहार उदया तिथि में 15 को ही मनाया जाएगा।



## शहर में गुड़ की खूब आवक और बिक्री

हनुमानगंज स्थित दुर्गेश ट्रेडर्स के संचालक और थोक गुड़ व्यापारी धनराज खंडेलवाल के अनुसार मकर संक्रांति के चलते इन दिनों शहर में गुड़ की खूब आवक होने के साथ ही इसकी बिक्री भी हो रही है। उनके अनुसार मकर संक्रांति के चलते पूरे भोपाल में करीब 10 टन गुड़ रोजाना बिक रहा है।




## शक्कर से महंगा गुड़

हरिसिद्ध किराना स्टोर के हरशेंद्र महाजन के अनुसार मकर संक्रांति पर तिल-गुड़ के अलावा खिचड़ी खाने और दान का भी महत्व है। मान्यता है कि इन तीनों चीजों के बिना मकर संक्रांति का त्योहार अधूरा रह जाता है। मकर संक्रांति को सिर्फ एक दिन शेष है इसके चलते शहर के बाजारों गुड़ -तिल की खुशबू महकने लगी है। इस बार बाजार में गुड़ के भाव शक्कर से महंगा है।



## गुजरात और एमपी के कुछ क्षेत्रों से तिल की आवक



*जुमेराती बाजार स्थित थोक व्यापारी अपूर्व पवैया ने बताया कि सर्दी के सीजन में गजक, लड्डू तिलकुल आदि के साथ घरेलू मांग के चलते भोपाल शहर में करीब 50 टन तिल की खपत होती है। तो व्यापारी अनुपम अग्रवाल ने बताया कि मकर संक्रांति पर तिल, गुड़ के साथ तिल और मुरमुरे के लड्डू और गजक की बिक्री खूब हो रही है। संक्रांति में लगभग 50 टन तिल और करीब 100 टन गुड़ बिकता है तो करीब 20 टन मुरमुरे की खपत होती है। भोपाल में तिल गुजरात से आती है। प्रदेश से भी कुछ स्थानों से पहुंचती है। जनवरी में ज्यादा तिल बिकता है। भोपाल किराना व्यापारी महासंघ महासचिव अनुपम अग्रवाल ने बताया कि तिल के दाम पिछले साल के मुकाबले बढ़े हुए हैं। बाजारों में तिल की आवक पर भी इसका असर पड़ता है।*

## *तिल, गुड़ के साथ लड्डू और गजक की बिक्री*

*लड्डू,गजक, बर्फी की भी बिक्री हो रही है। पिछले साल के मुकाबले इस साल मकर संक्रांति पर तिल के लड्डू महंगे पड़ेंगे, क्योंकि तिल के दाम 200 रुपए के पार हैं। जिस कारण बाजारों में तिल के लड्डू भी महंगे हैं। पिछले साल के मुकाबले इस साल तिल व लड्डूओं के दाम 30 से 40 रुपए अधिक हैं। गुड़ के दाम भी 45 से 55 रुपए है। करेली वाला गुड़, ढल्ले वाला गुड़ की डिमांड अधिक रहती है। शहर में पिछले साल मकर संक्रांति के समय तिल के दाम 150 से 170 रुपए प्रति किलो थे।*

# लाफ्टर कलाकार सुनील पाल आज भोपाल उत्सव मेले में देंगे प्रस्तुति



**भोपाल।** न्यू मार्केट टीटी नगर, दशहरा मैदान में चल रहे भोपाल उत्सव मेले के सांस्कृतिक सभागार में शनिवार 13 जनवरी शाम 7 बजे अंतर्राष्ट्रीय हास्य सम्राट सुनील पाल अपने व्यंगों के माध्यम से शहर वासियों का मनोरंजन करेंगे। सुनील पाल इंडियन लॉफ्टर चैलेंज के विजेता रहें है। एवं इन्होंने लगभग 12 फिल्मों में अभिनय भी किया है। समिति उपाध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में निःशुल्क प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

# वॉक्सेन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

**हैदराबाद।** वॉक्सेन विश्वविद्यालय को बेल्जियम के पूर्व प्रधान मंत्री, यवेस लेटरमे की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका मुख्य केंद्र उच्च शिक्षा के भविष्य के लिए रणनीतिक साझेदार के रूप में भारत-यूरोप पर केंद्रित' था। यूनिहेल्थ कंसल्टेंसी लिमिटेड भारत के विख्यात ऑर्थोपेडिक और स्पाइन सर्जनों के सहयोग से नाइजीरिया में हेल्थकेयर क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए तैयार है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 5249/अ-6/2023-24
ग्राम खामखेड़ा प.ह.न.-27
दिनांक 08/11/2023

:: इश्तहार ::

सर्वसाधरण श्रीमती पूनम बाई पत्नी श्री मुकेश निवासी म.नं. 12 वार्ड नं. 21 दुर्गा मार्ग विदिशा (म.प्र.) ने म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 2/295 दिनांक 15/05/2015 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 152/1/3 के अंश भाग में से 4300 वर्गफिट भूमि स्थित ग्राम खामखेड़ा प.ह.न. 27 तहसील हुजूर, जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 28/11/2023 नियत है। उक्त उदघोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 08/11/2023 को जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल



**जाहिर सूचना**

**ग्राम पंचायत मकान नं. 04, साईज 1540 वर्गफिट स्थित ग्राम पंचायत शाहपुर कोड़िया, प.ह.नं. 39, तहसील व जिला सीहोर**

मेरे पक्षकार इण्डिया शेल्टर फाईनेन्स कॉर्पोरेशन लि., प्लॉट नं. 69, तृतीय तल, जे.जे. टॉवर, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्री राजेश परमार एवं श्रीमती सरोज परमार ने अपनी 01 संपत्ति जो कि ग्राम पंचायत मकान नं. 04, स्थित ग्राम पंचायत शाहपुर कोड़िया, तहसील व जिला सीहोर में स्थित है, को मेरे पक्षकार के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति का प्लॉट साईज 1540 वर्गफिट व चतुर्सीमायें पूरब- अर्जुन सिंह का मकान, पश्चिम- पूरन सिंह का मकान, उत्तर- सड़क व दक्षिण में- नंद किशोर का मकान है। यह कि उक्त संपत्ति श्री राजेश परमार को ग्राम पंचायत, शाहपुर कोड़िया द्वारा अधिकारनामा के तौर पर प्रदाय कर दिनांक 28/02/23 को पत्र क्र. 02 के माध्यम से पंचायती अभिलेखों में दर्ज किया गया है। इस प्रकार उक्त मकान पर श्री राजेश परमार का अधिकार माना गया है। तत्पश्चात श्री राजेश परमार व उनकी पत्नी श्रीमती सरोज परमार के मध्य एक सह-स्वामित्व विलेख का पंजीयन किया गया जो कि उप-पंजीयक कार्यालय, सीहोर में दिनांक 10/01/24, ई-पंजीकरण संख्या एमपी350372024ए1039533 पर पंजीकृत है। इस प्रकार श्री राजेश परमार व उनकी पत्नी श्रीमती सरोज परमार का उक्त संपत्ति पर बराबर व वैधानिक स्वामित्व माना गया है। संपत्ति से संबंधित सभी दस्तावेज जैसे कि भवन अनुमति, अनापत्ति प्रमाण-पत्र इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाषन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें । यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा ।

भोपाल, दिनांक : 12/01/2024

(मधुसूदन तिवारी)
(अधिवक्ता), मो. 9993294287
कार्या.- 161, प्रथम तल, गोपाल भवन, आईसीआईसीआई बैंक के पास, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल-462011


## बिजनेस न्यूज

### राधारमण समूह में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

**भोपाल।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर राधारमण समूह व भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा भोपाल द्वारा राधारमण आयुर्वेदिक मेडिकल रिसर्च हॉस्पिटल परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों एवं समूह के सदस्यों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस शिविर में छात्र एवं छात्राएं दोनों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रेडक्रास से आए अधिकारियों ने बताया कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन माह में एकबार रक्तदान कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान से न तो किसी तरह की कमजोरी आती है और न ही शरीर को कोई नुकसान होता है। दिए गए रक्त की भरपाई भी अगले 24 घंटों में हो जाती है। इस अवसर पर राधारमण समूह के डायरेक्टर आरएंडडी डॉ.पीके लहरी राधारमण आयुर्वेदिक कॉलेज केप्राचार्य डॉ. भूपेंद्र मिश्रा, उप प्राचार्य डॉ. प्रमेंद्र रघुवंशी, आरआईटीएस के डायरेक्टर डॉ. आर के पांडेय राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर अनुराग जैन,राधारमण कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डायरेक्टर शैलेंद्र लहरिया, राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेस के डायरेक्टर राजीव मालवीय तथा डीन एसबी खरे मौजूद रहे। इस अवसर पर राधारमण समूह के चेयरमेन आर आर सक्सेना ने कहा कि रक्तदान जीवनदान होता है। हम अपना रक्त देकर किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। दुर्घटनाग्रस्त एवं किसी गंभीर बीमारी से गुजर रहे लोगों को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।



### स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में मना नेशनल यूथ डे

**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छात्रों के लिए विशिष्ट वैचारिक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने अपने अनुभवों को साझा करते युवाओं को सफल करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि एनएसडीसी में जीएम-इंपेक्ट फाइनेंसिंग सोनल गुप्ता, भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सुनील भार्गव, मैग्नम ग्रुप में जीएम राजू पांडे, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिट के कुलपति डॉ. अजय भूषण और कुल सचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में सुनील भार्गव ने छात्रों से खुद को पहचानने और रियलाइज करने की बात पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने अंदर सेल्फ कॉन्फीडेंस विकसित करना चाहिए, यह उनके सफल करियर की जर्नी में सबसे अधिक सहायक होगा। साथ ही उन्होंने समझाइश दी कि जो भी काम करें वह पूरी शिद्दत से करें, काम को बोझ मानकर करने से वह अपके करियर पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। कार्यक्रम में सोनल गुप्ता ने एनएसडीसी द्वारा संचालित किए जा रहे कोर्सेज की जानकारी दी और छात्रों के लिए प्रदान किए जा रहे अवसरों से अवगत कराया। इसके बाद मैग्नम ग्रुप के राजू पांडे ने युवाओं को इंडस्ट्री ट्रेंड्स से परिचित कराते हुए इंटर्नशिप और स्किलिंग के महत्व बताया। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अजय भूषण ने अपने वक्तव्य में युवाओं के लिए स्किलिंग के महत्व को रेखांकित किया ।



### युवा दिवस पर योग अनुसंधान परिषद में सूर्य नमस्कार



**भोपाल।** स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर योग क्षेत्र में कार्य कर रही अग्रणी संस्था योग अनुसंधान परिषद में भी सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सामूहिक कार्यक्रम में योग साधक एवं साधिकाओं ने एकसाथ परिषद के प्रांगण में सूर्य नमस्कार की क्रियाएं कीं। योग अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष सिकंदर अहमद ने इस अवसर पर कहा कि सूर्य नमस्कार मन व शरीर दोनों को तंदुरुस्त रखने वाला आसन है। यदि आपके पास समय की कमी है और आप चुस्त दुरुस्त रहना चाहते हैं तो प्रतिदिन प्रातःकाल सूर्य नमस्कार के आसन कम से कम 3 से पांच बार लगा लें। आप दिनभर स्वस्थ महसूस करेंगे। इस अवसर पर योगाचार्य केएम त्रिपाठी, योगाचार्य मनोज छाबड़ा और योगाचार्य सीमा धीमान व जानकी भदौरिया उपस्थित थीं।

### प्रतियोगिता दर्पण का फरवरी अंक अब बाजार में उपलब्ध

**आगरा।** संघ व राज्य लोक सेवा आयोग एवं अन्य आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु प्रतियोगिता दर्पण का अत्यन्त महत्वपूर्ण 'फरवरी 2024' अंक आकर्षक, रंगीन कैलेण्डर के साथ आज बिक्री के लिए जारी किया गया। इस अवसर पर समूह के संपादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण इस अंक को सिविल सेवा परीक्षा के लिए विशेष अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण किया गया है। जैन ने बताया कि इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ-साथ अत्यन्त महत्वपूर्ण हल प्रश्न-पत्र जैसे उ.प्र. पीसीएस (मुख्य), यूजीसी-नेट/जेआरएफ आदि के साथ-साथ सिविल सेवा (प्रा.) परीक्षा, छत्तीसगढ़ पीएससी राज्य सेवा (प्रा.) एवं हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा के मॉडल हल दिये गए हैं जिनके अध्ययन से परीक्षार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। साथ ही युवा प्रतिभाओं के अंतर्गत विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर्स से भेंटवार्ता द्वारा प्रतियोगियों को साक्षात्कार एवं परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा । अंत में जैन ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण यह अंक परीक्षार्थियों में न केवल आत्मविश्वास जागरित करेगा अपितु परीक्षाओं में सफलता प्रदान कर कामयाबी के उच्च शिखर पर भी पहुंचाएगा।



### मोटोरोला रेजर 40 अल्ट्रा और एज 40 नियोको लांच

**नई दिल्ली।** मोटोरोला, भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड और पैनटोन, वैश्विक रंग प्राधिकरण ने दूसरे साल के लिए मिलकर पैनटोन कलर ऑफ द ईयर में डिवाइस बनाने के लिए एक टीम बनाई है। मोटोरोला पैनटोन, के साथ बहु-वर्षीय विशेष सहयोग करने वाला पहला और एकमात्र स्मार्टफोन ब्रांड है, जो सार्थक नवाचार के माध्यम से लोगों के जीवन को समृद्ध करते हुए डिजाइन और रंगों में अंतर लाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप है । मोटोरोला रेजर 40 अल्ट्रा और एज 40 नियोको लांच होने वाले दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में चुना गया है, जो इस रंग को अपनाते हैं और डिवाइस की तरह ही मानवीय कनेक्शन के महत्व पर जोर देते हैं। पैनटोन के साथ यह सहयोग प्रौद्योगिकी को अधिक सुलभ बनाने और उपभोक्ताओं को प्रौद्योगिकी के माध्यम से उद्देश्यपूर्ण ढंग से जुड़ने के लिए सशक्त बनाने के मोटोरोला के मिशन को मजबूत करता है।



### सर्जिकल इंटरवेंशन प्रदान करने यूनिहेल्थ ने किया सहयोग

**मुंबई।** यूनिहेल्थ कंसल्टेंसी लिमिटेड भारत के विख्यात ऑर्थोपेडिक और स्पाइन सर्जनों के सहयोग से नाइजीरिया में हेल्थकेयर क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्देश्य कानो, नाइजीरिया में कंपनी के टेरिटरी केयर हॉस्पिटल, यूएमसी जहिर हॉस्पिटल में आम जनता को अत्याधुनिक मेडिकल एक्सपर्टीज प्रदान कर विश्व स्तरीय सर्जिकल इंटरवेंशन प्रदान करना है। यह सहयोग विभिन्न समुदाय की जरूरतें पूरी करने के लिए भौगोलिक सीमाओं को पार कर यूनिहेल्थ की हेल्थकेयर सॉल्यूशंस की दिशा में आगे बढ़ने की वैश्विक प्रतिबद्धता पर रोशनी डालता है। आगामी सर्जिकल और ओपीडी कैम्प्स स्पाइन और ऑर्थोपेडिक्स में उच्च स्तरीय विशिष्ट देखभाल प्रदान करने की संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ, डॉ. रोहन गाला और डॉ. गौरव कनाडे यूएमसी जहिर हॉस्पिटल, नाइजीरिया में सहयोगात्मक सर्जिकल कैंप के बारे में उत्साहित है।

### हार्वेस्ट फेस्टिवल में 15,000 रुपए तक के ऑफर पेश

**बेंगलुरु।** ओला इलेक्ट्रिक ने देश में हार्वेस्ट फेस्टिवल के अंतर्गत 15,000 रुपए तक के आकर्षक ऑफरों की घोषणा की। 15 जनवरी तक लागू इन ऑफरों के अंतर्गत एस1 प्रो और एस1 एयर खरीदने पर ग्राहकों को 6,999 रुपए तक की मुफ्त एक्सटेंडेड बैटरी वारंटीय 3,000 रुपए तक का एक्सचेंज बोनस और आकर्षक फाइनेंस ऑफर्स मिल रहे हैं। इसके अलावा, एस1 एक्स फ्लैट 20 हजार रुपए की छूट के साथ 89,999 रुपए में मिलता रहेगा। साथ ही ग्राहकों की चुनिंदा क्रेडिट कार्ड द्वारा ईएमआई कराने पर 5,000 रुपये तक की छूट दी जा रही है, तथा उन्हें दिए जाने वाले अन्य फाइनेंस ऑफरों में जीरो डाउन पेमेंट, नो-कॉस्ट ईएमआई, जीरो-प्रोसेसिंग शुल्क और 7.99: तक की न्यून ब्याज दरें आदि शामिल हैं।



### रिंगो सीआईएमएस में वॉल्व क्लीनिक और एसएसआई रोबोट का शुभारंभ

**अहमदाबाद।** गुजरात के पहले समर्पित हार्ट वॉल्व क्लिनिक ने एसएसआई रोबोट के साथ साझेदारी की है और इसी अभूतपूर्व साझेदारी के तहत अहमदाबाद के मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल द्वारा आयोजित बड़े पैमाने पर आयोजित 3 दिवसीय कार्यक्रम यानी संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 के अवसर पर अत्याधुनिक रोबोट तकनीक को एकीकृत करने वाली इस सुविधा का शुभारंभ किया गया है। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल की वॉल्व क्लिनिक टीम गुजरात के सबसे अग्रणी और अत्याधुनिक वॉल्व कार्यक्रम की अगुवाई कर रही है, जिसके तहत मरीजों को समग्र देखभाल सुविधाओं के साथ-साथ एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के उपचार एवं थेरेपी की पेशकश की जाती है।

### दीपक एडवरटाइजिंग पश्चिम मध्य रेल द्वारा पुनः सूचीबद्ध

**भोपाल।** क्रिएटिविटी और सर्वश्रेष्ठ सेवाओं के लिए मध्य भारत में लोकप्रिय दीपक एडवरटाइजिंग को अपनी विशेषताओं के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल द्वारा पुनः सूचीबद्ध किया गया है। एजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक जेठा ने इस उपलब्धि का श्रेय इनोवेटिव एप्रोच और टीम वर्क को दिया। दीपक एडवरटाइजिंग द्वारा तैयार किये गए एड हमेशा अपनी आउट ऑफ द बॉक्स प्रेजेंटेशन के लिए चर्चा में रहते हैं। उल्लेखनीय है कि एडवरटाइजिंग से शुरू होकर आज 360 डिग्री कम्युनिकेशन सॉल्यूशन प्रोवाइडर के रूप में दीपक एडवरटाइजिंग 4 राज्यों और छह शहरों इंदौर, गुड़गांव , जयपुर, भोपाल, नागपुर और जबलपुर में अपनी सेवाएं दे रही है।

### कोंटोर स्पेस ने किया वर्क स्पेस का विस्तार

**मुंबई।** रेंटिंग द्वारा को वर्किंग सेवाएं प्रदान करने वाली और कमर्शियल स्पेस का व्यवस्थापन करने वाली, कोंटोर स्पेस लिमिटेड ने एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व में एक नया को-वर्किंग सेंटर खोलने का एलओआई पूरा किया है। यह को-वर्किंग स्पेस 500 सीट की क्षमता के साथ लगभग 25000 वर्ग फीट क्षेत्र में फैला होगा। कोंटोर स्पेस लिमिटेड के प्रमोटर कनक मंगल ने कहाकि एक नए को-वर्किंग सेंटर के लिए कोंटोर का एलओआई का सफलतापूर्वक निष्पादन ना सिर्फ उसकी ट्रांजैक्ट्री की दिशा में आगे बढ़ रहा है।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल
क्र./ 55 /तशा/प.यं./2024 दिनांक : 11.01.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में निर्माण/मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक (1) 2024_MPPHC_326066_1, (2) 2024_MPPHC_326067_1 **दिनांक 24.01.2024 समय सायं 17:00 बजे तक** खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/113264/2024 परियोजना यंत्री



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त सीमा, पत्नी. श्याम बाबू, पताः** ग्राम कोडिया, थाना पचोर, जिला राजगढ़, म.प्र., ने **FIR No. 291673/2016, U/s 379/511/34 IPC** थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सीमा** मिल नही रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सीमा** फरार हो गयी हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 291673/2016, U/s 379/511/34 IPC** थाना कोतवाली, दिल्ली की उक्त अभियुक्त **सीमा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मीना चौहान,
महानगर दण्डाधिकारी –08,
केन्द्रीय कमरा नं. 272, द्वितीय तल,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/502/N/2024



**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन (म.प्र.)**

क्रमांक/26/न.प./निर्माण शाखा/2024, :- चतुर्थ ई-निविदा सूचना -: रायसेन दिनांक 12.01.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से आन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mpetendar.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक / जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_326090_1 Dt. 12.01.2024 | DEVELOPMENT OF GREEN SPACES AT PARK BEHIND SCHOOL AT RAISEN, DIST RAISEN UNDER AMRUT 2.0 SCHEME (4)TH CALL | 09 month & 56.63 | 10,000.00 & 42,480.00 | 29.01.2024 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन https://www.mpetendar.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(श्रीमति सविता जमना सेन) अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद रायसेन
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद रायसेन



**कार्यालय, सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) मध्यप्रदेश भोपाल**
गुलाब उद्यान परिसर, लिंक रोड नं. 1, तुलसीनगर भोपाल
ईमेल. आई.डी.- pg.bhopal@mp.gov.in, adhpgbpl@gmail.com

क्रमांक/उद्यान/भण्डार/झांकी/2023-24/326 भोपाल, दिनांक :-09.12.2024

**ई-निविदा आमंत्रण**

संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्या प्रसंस्करण विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के लिए राजधानी भोपाल के मुख्य समारोह में मुख्य शीर्षक विषय ''सुशासन, जनभागीदारी एवं समग्र विकास'' अंतर्गत कार्यालय में उपलब्ध मॉडल/ आकल्पन के अनुसार झांकी निर्मित कराने के लिए अनुमानित संभावित व्यय राशि रू. 6.50 लाख से कम के आधार पर जी.एस.टी. सहित, अनुभवी कलाकारो/ झांकी निर्माताओं से ई-निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है।

एम.पी. टेण्डर पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड करने व दरें प्रस्तुत करने का समय ऑनलाईन निविदा जारी दिनांक 09.01.2024 शाम 05.00 बजे से दिनांक 17.01.2024 को दोपहर 01.00 बजे तक होगा।

आमंत्रित ई-निविदा दिनांक 18.01.2024 के समय दोपहर 03.00 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओ के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जावेगी निविदा वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध रहेगी एवं राशि रू. 1000.00 ऑनलाईन जमा कर निविदा से संबंधित समस्त जानकारी वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) भोपाल मध्यप्रदेश

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है ।

जी-22822/23



**जिला रोजगार कार्यालय भोपाल**
// प्रेस-विज्ञप्ति //
स्थान :- संभागीय आई.टी.आई. गोविन्दपुरा भोपाल, दिनांक, 15 जनवरी 2024

जिला प्रशासन भोपाल के माध्यम से रोजगार मेले का आयोजन 15 जनवरी 2024 समय 10:30 बजे से आई.टी.आई. गोविन्दपुरा भोपाल में किया जा रहा है।

| स.क्र. | रोजगार मेले में सम्मलित कंपनियों का नाम :- | योग्यता | आयु |
|---|---|---|---|
| 1. | भारतीय एयरटेल भोपाल। | 12वी एवं स्नातक | 22 से 35 वर्ष |
| 2. | एजिस कस्मर सर्पोट सर्विसेस प्रा.लि. मिनाल रेसीडेंसी जे.के. रोड भोपाल। | 12वी पास या स्नातक, कम्प्यूटर का ज्ञान | 22 से 35 वर्ष |
| 3. | आई.सी.आई. सी.आई. प्रडुंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी प्रा.लि. एम.पी. नगर भोपाल | 12वी, स्नातक पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 4. | दैनिक भास्कर कार्य प्रा.लि. द्वारका सदन प्रेस काम्प्लेक्स भोपाल | आई.टी.आई. 12वी, स्नातक पी.जी. | 18 से 40 वर्ष |
| 5. | एफोडेबल मेडिकोज, कास्मेटिक ऑटोकार, प्रा.लि. | आई.टी.आई. 12वी, स्नातक पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 6. | एम.डी.ए. मसाला उद्योग भोपाल। | 8वीं पास से अधिक | 18 से 35 वर्ष |
| 7. | निवा बुवा हैल्थ इंश्योरेंस प्रा.लि. भोपाल। | 12वीं, स्नातक, पी.जी. | |
| 8. | भारतीय जीवन बीमा निगम | 12वीं, स्नातक, पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 9. | पुखराज हेल्थ केयर भोपाल | 12वीं, स्नातक, पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 10. | माँ शारदा इंटरप्राइजेस प्रा.लि. भोपाल | 12वीं, स्नातक, पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 11. | पेटीएम, भोपाल। | 12वीं, स्नातक, पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 12. | एन.आई.आई.टी. भोपाल | स्नातक, पी.जी., कम्प्यूटर | 18 से 35 वर्ष |
| 13. | एच.डी.बी. फाइनेंस सर्विसेस भोपाल। | 12वीं, स्नातक, पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 14. | तूरूटेड एम्पलाई एण्ड सिक्यूरिटी सर्विसेस भोपाल | 8वी 12वी, स्नातक, पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 15. | आमघाने प्रा.लि. भोपाल। | 12वीं, स्नातक, पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 16. | बजाज एलयान्यस लाइफ | 12वीं, स्नातक, पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 17. | पी.जी. इलेक्ट्रो प्लेट, प्रा.लि. | आई.टी.आई. 12वीं | 18 से 35 वर्ष |
| 18. | आईसेक्ट, भोपाल | आई.टी.आई. 12वीं, स्नातक, पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 19. | रिलायंस जिओ प्रा.लि. | आई.टी.आई. 12वीं, स्नातक, पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 20. | इन्कबाइट, साफ्ट टेक्नौलॉजी प्रा.लि. नगर पालिका निगम भोपाल (सी.एन.जी. बस) | 10वीं पास हैवी लाइसेंस | 18 से 35 वर्ष |
| 21. | टाइम प्रोफेशनल, प्रा.लि. | स्नातक पी.जी. | 18 से 35 वर्ष |
| 22. | एडिको प्रा.लि. (केवल महिलाओं के लिए) | डिप्लोमा, स्नातक, पी.जी. | 18 से 26 वर्ष |
| 23. | क्रिस्प भोपाल प्रशिक्षण | 12वीं, स्नातक, | 18 से 30 वर्ष |

आप अपने समस्त मूलप्रमाण पत्रों एवं अपना बायोडाटा सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो भर्ती कंपनियों द्वारा अपनी शर्तो पर ही जावेगी साक्षात्कार के समय कंपनी से समस्त जानकारी स्वंय प्राप्त करें।

(श्रीकांत गोलाईत)
जिला रोजगार अधिकारी
जिला रोजगार कार्यालय भोपाल अति.प्रभा

सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो ।

जी-22842/23



**कार्यालय नगर पालिका परिषद मंडीदीप जिला - रायसेन म.प्र.**
दूरभाष एवं फैक्स नम्बर 07480- 407022 Email - cmomandideep@mpurban.gov.in
क्र./5483/न.पा.प./2024 मंडीदीप, दिनांक-12.01.2024

// ई-निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निवदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD _325927_1 | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK AT WARD NO. 17 DIFFERENT WAYS OF TEELAKHEDI MANDIDEEP | 1484878 | 11140 | 2,000 | 12.02.2024 |
| 2 | 2024_UAD _325933_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT WARD NO. 17 SATLAPUR FROM HOUSE OF BHAGIRATH TO JASWANT HOUSE AND FROM HOUSE OF JITENDRA HOUSE TO VIRENDRA HOUSE MANDIDEEP | 656429 | 6570 | 2,000 | 29.01.2024 |
| 3 | 2024_UAD _325996_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT WARD NO. 20 JHALARKALAN FROM HOUSE OF NOORI BEE TO NASREEN HOUSE AND FROM HOUSE OF KALLU MACHNIC TO IRSHAD HOUSE MANDIDEEP | 901252 | 9015 | 2,000 | 29.01.2024 |
| 4 | 2024_UAD _326001_1 | CONSTRUCTION OF PAVER BLOCK AT WARD NO. 21 PATEL NAGAR FROM HOUSE OF SUNIL KALA TO DAVID HOUSE MANDIDEEP | 391841 | 3920 | 2,000 | 29.01.2024 |


1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नही किया जावेगा।

प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
पुष्पा प्रेमशंकर साहू, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
सुधीर उपाध्याय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मंडीदीप

चिंतन

# विकासशील से विकसित की ओर बढ़ा एक और कदम

विकासशील से विकसित होने के सफर पर भारत ने एक कदम और बढ़ा दिया है। हालांकि रास्ता बहुत लंबा है, लेकिन विकसित होने की सबसे पहली और जरूरी शर्त है मजबूत और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आधारभूत ढांचा, भारत बहुत तेजी से इस पर कदम दर कदम बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन करना इसी की एक कड़ी है। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। इससे दो घंटे का सफर 20 मिनट में पूरा होगा। पुल की कुल लागत 17 हजार 843 करोड़ रुपए है। 21.8 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन वाले ब्रिज को मुंबई ट्रांस हार्बर सी-लिंक भी कहा जाता है। पुल के उपयोग से हर साल एक करोड़ लीटर ईंधन की बचत होने का अनुमान है। सड़कें कामकाज के अभिन्न अंग हैं। इससे लोगों और सामानों की पहुंच आसान हुई है। भारतीय सड़क नेटवर्क में तेजी से विस्तार और बदलाव हो रहा है और भारत दुनिया में सबसे अच्छे मानकों तक पहुंचने के लिए लगातार ट्रैक पर है। आज भी देश में करीब 60 प्रतिशत ढुलाई का कार्य सड़क और राजमार्ग प्रणाली के माध्यम से होता है। राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के बढ़ते जाल द्वारा प्रदान की गई बेहतर गतिशीलता से बदलाव की अगुवाई करने और रसद लागत जो कभी 16-18 प्रतिशत थी जो घटकर 10 प्रतिशत के आसपास हो गई है। हालांकि विकसित देशों में यह आठ प्रतिशत के आसपास है। 6 से 8 प्रतिशत की बचत का मतलब है कि हम अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। जिससे हम अपने निर्यात को बढ़ाने सकते हैं और साथ ही इस लागत को कम कर सकते हैं। देश में सड़कों के विकास का इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि देश में प्रतिदिन 60 किलोमीटर सड़क निर्माण हो रहा है। सरकार 2025 तक 2 लाख किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विकास के लिए काम कर रही है। यह एक बड़ी बात है। सरकार का ध्यान प्रमुख औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों के निर्माण तक ही सीमित नहीं रहा है। सरकार का लक्ष्य हर मेट्रो, कस्बे और गांव को एक मजबूत सड़क संपर्क प्रणाली के माध्यम से जोड़ना है, लेकिन केवल इतने से ही हम विकासशील से विकासित नहीं होने वाले। विकास के साथ सामाजिक कल्याण को फोकस में रखना जरूरी है। सबको सम्मानजनक जीवन देना, हर सक्षम को रोजगार देना और हर नवजात को अच्छा भविष्य देना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। सरकार को सामाजिक समरसता की नीति के साथ आर्थिक सुधारों पर फोकस करना होगा। श्रम सुधारों का लक्ष्य केवल प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि विकास के अवसर पैदा करना भी होना चाहिए। उच्च शिक्षा ऐसी हो, जिससे कौशल विकास हो। इसी तरह वित्तीय समावेशन में लैंगिक समानता दिखनी चाहिए। विकसित होने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, तेज अर्थव्यवस्था पर ओर अधिक काम करना होगा और इससे भी जरूरी विरासत पर गर्व करना सबसे अहम है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने इस पर जोर दिया है। गुलामी की मानसिकता से बाहर आने का प्रण भी विकास के लिए आवश्यक है। हमें पश्चिम का अंधानुकरण नहीं करना चाहिए। भारत को अपनी राह बनानी होगी और हमने इसकी शुरुआत कर दी है। हमें भारतीयों की समृद्धि के लिए किए गए फैसलों पर पश्चिम की मुहर का इंतजार नहीं करना चाहिए।



श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा

विष्णुदत्त शर्मा

# अमृतकाल में रामराज्य की संकल्पना

5 अगस्त 2020 को राममंदिर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'जय सियाराम' के उद्घोष के साथ अपने संबोधन में कहा था कि आप भगवान राम की अदभुत शक्ति देखिए... इमारतें नष्ट हो गईं, अस्तित्व मिटाने का भरसक प्रयास हुआ, लेकिन प्रभु श्रीराम आज भी हमारे मन में बसे हुए हैं। प्रभु श्रीराम हमारी संस्कृति के आधार हैं, भारत के जनमानस के विचार हैं और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संकल्प स्वरूप यह भी कहा था कि 'राम काज किन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम...'

22 जनवरी 2024 को भव्य-दिव्य मंदिर में हमारे रामलला विधि विधान के साथ विराजने जा रहे हैं। सांस्कृतिक सभ्यता से परिपूर्ण हमारा भारत सरयू के किनारे एक स्वर्णिम अध्याय रचने जा रहा है। सोमनाथ से लेकर काशी विश्वनाथ तक अयोध्या धाम इतिहास गढ़ने जा रहा है। आज संपूर्ण भारत राममय होकर आनंदित है। हर मन प्रफुल्लित है और भारतवासी भावुक हैं क्योंकि 5 सदियों का इंतजार ख़त्म होने जा रहा है। प्रधानमंत्री की दृढ़ संकल्प शक्ति और कर्तव्य परायणता से अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर निर्माण के साथ ही अनेक विकास परियोजनाओं के सृजन से अद्भुत अलौकिक वातावरण का निर्माण होने जा रहा है।

हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, अपितु यह हमारे सांस्कृतिक अभ्युदय का प्रतीक है। यह प्राण प्रतिष्ठा आस्था, धैर्य और संकल्प के विजय का परिचायक है। यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्मृतियों एवं आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतिबिंब भी है। अयोध्या में बना यह मंदिर देश के लिए सिर्फ पूजा स्थल नहीं बल्कि यह हमारे पूर्वजों के तप, त्याग और संकल्प का स्थायी प्रेरणापुंज है। जिन कारसेवकों के आंदोलन रूपी तपस्या के फलस्वरूप श्री रामलला का मंदिर आकार ले पाया है, वह आंदोलन अर्पण, तर्पण और संकल्प से ओत-प्रोत था। उसका लक्ष्य सिर्फ राम मंदिर नहीं अपितु रामराज्य स्थापित करना भी था। वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के पश्चात नरेंद्र मोदी ने इसी रामराज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ कार्य किया है। मोदी सरकार ने एक ओर सदियों से उपेक्षित सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मान्यताओं को प्रतिस्थापित किया तो दूसरी ओर गरीब कल्याण को प्राथमिकता के रूप में अपनी सरकार का लक्ष्य बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने धारा 370 की बेड़ियों से मां भारती को आजाद कराना, तीन तलाक की कुरीति से अल्पसंख्यक बहनों को मुक्ति दिलाना, माताओं-बहनों को रसोई में खतरनाक धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए गैस सिलेंडर, नारी शक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए शौचालय का निर्माण, आयुष्मान भारत योजना के जरिए स्वास्थ्य सेवा, हर गरीब के सिर पर छत हो उस हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना, कोई भूखा न रहे इस हेतु 80 करोड़ देशवासियों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, पिछले 7 दशकों से देश को लूटने वाले भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कठोर कदम, कोरोना काल में हर भारतीय को मुफ्त वैक्सीन का प्रबंध जैसे अनेकों ऐतिहासिक कार्य किए। मोदी सरकार ने रामराज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। दरअसल, किसी भी लोकतंत्र की गुणवत्ता उसके नेतृत्वकर्ताओं पर निर्भर करती है। नेतृत्वकर्ता यदि त्यागी, तपस्वी और न्याय प्रिय है तो निश्चित ही



लोकतंत्र सफल होगा जैसा प्रभु श्री राम जी के राज में था। वर्षों बाद प्रभु कृपा से ही पुनः भारत को इसी प्रकार त्यागी, तपस्वी और न्याय प्रिय नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी के रूप में प्राप्त हुआ है।

जहां एक ओर देश में राममंदिर के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना जागृत हो रही है, उसी समय यह हमारे भारत का अमृतकाल है और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हम भारतीयों को अपने दायित्वों के प्रति कृत संकल्पित रहना है। रामराज्य की संकल्पना भी यही है जहां शासन जन-जन के साथ मिलकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहभागिता निभाए। आज भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासतों के गौरव के साथ ही विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हमारा भारत अपने तीर्थों को भी संवार रहा है और डिजिटल टेक्नोलॉजी की शक्ति से परिपूर्ण विश्व का अग्रणी राष्ट्र भी बन रहा है। आज मोदी जी की सरकार काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्निर्माण के साथ ही ग्रामीण विकास हेतु 30 हजार से अधिक पंचायत भवन भी बना रही है। सिर्फ केदारधाम का पुनरुत्थान ही नहीं अपितु 300 से अधिक मेडिकल कॉलेज भी देश में बन रहे हैं। सिर्फ महाकाल के लोक का ही निर्माण नहीं हो रहा, बल्कि स्वच्छ पेयजल के लिए दो लाख से ज्यादा पानी की टंकियों का भी निर्माण हो रहा है और 14 करोड़ घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। आज देश अपनी अतुलनीय वैज्ञानिक क्षमताओं के माध्यम से एक तरफ चंद्रमा और सूरज की दूरी नाप रहा है तो वहीं हमारी पौराणिक मूर्तियों को भारत में वापस लाकर अपनी सांस्कृतिक सभ्यता के सवंर्धन का कार्य भी कर रहा है।


प्रधानमंत्री ने अयोध्या धाम में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे एवं अयोध्या धाम जंक्शन के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। विश्व में कोई भी देश हो अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना होगा। हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है। हमें सही मार्ग दिखाती है। आज का भारत पुरातन और नूतन को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। वास्तव में आज अयोध्या में अध्यात्म और विरासत की भव्यता के साथ विकास की दिव्यता भी दिखती है। विकास और विरासत का यह संयोजन ही भारत को 21 वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगा। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लोकतंत्र, लोकमंगल और आदर्श राज्य व्यवस्था की अभिव्यक्ति की है। चित्रकूट से विदा होते हुए भरत को श्री राम सबसे बड़ा उपदेश देते हुए राजा-प्रजा के संबंधों पर कहते हैं, 'मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक।। पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक।।' यानी शासन पक्षपाती एवं अन्यायी न हो, शासन में समाज के अंतिम व्यक्ति के अभ्युत्थान की चिंता प्रमुख होनी चाहिए। हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की संकल्पना निश्चित ही साकार हो रही है। इस बात में कोई संशय नहीं है कि हमारे प्रधानमंत्री भारत की मिट्टी के कण-कण और भारत के जन-जन के पुजारी हैं। विगत साढ़े नौ वर्षों में न केवल हम भारतीय अपितु समूचा विश्व एक 'नए भारत' के निर्माण का प्रत्यक्षदर्शी रहा है। यह नया भारत है जिसकी संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों को अपनाने में विश्व का हर देश स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करता है। यह नया भारत अपनी आस्था, अस्मिता और अर्थव्यवस्था के प्रति सजग और संवेदनशील भी है और सचमुच में यही तो रामराज्य की संकल्पना है।

(लेखक मप्र भाजपा के अध्यक्ष व सांसद हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सबके राम

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



# श्रीराम के अद्भुत अर्चक फ़ादर कामिल बुल्के

बेल्जियम में जन्मे फ़ादर कामिल बुल्के की जग-विख्यात विशेषता यह है कि वे रामकथा के मर्मज्ञ, हिंदी के विद्वान और विलायत में जन्मे भारतीय थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बंगला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे, जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेज़ी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक सन्दर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोध ग्रन्थ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रन्थ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। उन्होंने अपनी मातृभूमि बेल्जियम में फ्रेंच के विरुद्ध फ्लेमिश भाषा की लड़ाई देखी और लड़ी थी। एक बार उन्होंने लिखा था, अगर वह हिंदी की सेवा में नहीं लगते तो अपने देश में फ्लेमिश क्रांतिकारी होते। उन्होंने रामकथा उत्पत्ति और विकास' ग्रंथ की रचना में कितना परिश्रम किया होगा, यह पुस्तक के अध्ययन से ही समझ में आ सकता है। रामकथा से संबंध रखने वाली किसी भी सामग्री को उन्होंने छोड़ा नहीं है। प्रथम भाग में 'प्राचीन रामकथा साहित्य' का विवेचन है, जिसके पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, वाल्मीकिकृत रामायण, महाभारत की रामकथा, बौद्ध रामकथा और जैन रामकथा संबंधी सामग्री की पूर्ण समीक्षा की गई है। द्वितीय भाग में रामकथा की उत्पत्ति है तो इसके चार अध्यायों में दशरथ जातक की समस्या, रामकथा के मूल स्रोत के संबंध में विद्वानों के मत, प्रचलित वाल्मीकीय रामायण के मुख्य प्रक्षेपों और रामकथा के प्रारंभिक विकास पर चिंतन किया गया है। ग्रंथ के तृतीय भाग में 'अर्वाचीन रामकथा साहित्य का सिंहावलोकन' है। इसमें भी चार अध्याय हैं। पहले और दूसरे अध्याय में संस्कृत के धार्मिक तथा ललित साहित्य में पाई जाने वाली रामकथा सम्बन्धी सामग्री की परीक्षा है। तीसरे अध्याय में आधुनिक भारतीय भाषाओं के रामकथा संबंधी साहित्य का विवेचन है। चौथे अध्याय में विदेश में पाये जाने वाले रामकथा के रूप में सार दिया गया है, जिसमें तिब्बत, खोतान, हिंदेशिया, हिंदचीन, श्याम, ब्रह्मदेश आदि में उपलब्ध सामग्री का पूर्ण परिचय एक ही स्थान पर मिल जाता है। अंतिम और चतुर्थ भाग में रामकथा संबंधी एक-एक घटना को लेकर उसका पृथक-पृथक विकास दिखलाया गया है। घटनाएं कालक्रम से ली गई हैं। उपसंहार में रामकथा की व्यापकता, विभिन्न रामकथाओं की मौलिक एकता, प्रक्षिप्त सामग्री की सामान्य विशेषताएं, विविध प्रभाव तथा विकास का सिंहावलोकन है। यह ग्रंथ वास्तव में रामकथा संबंधी समस्त सामग्री का विश्वकोष कहा जा सकता है। वास्तव में यह खोजपूर्ण रचना अपने ढंग की पहली ही है और अनूठी भी। हिंदी क्या संभवतः किसी भी यूरोपीय अथवा भारतीय भाषा में इस प्रकार का कोई दूसरा अध्ययन उपलब्ध नहीं है। हिंदी पट्टी में इस लोकप्रिय विषय पर ऐसे वैज्ञानिक अन्वेषण से धर्म और राजनीति के अनेक मिथक खंडित हो जाते हैं और शोधकर्ताओं को एक दिशा भी मिलती है। फ़ादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितम्बर, 1909 को बेल्जियम के पश्चिमी फ्लैंडर्स स्टेट के रम्सकपैले नामक गांव में हुआ। उनके पास सिविल इंजीनियरिंग में बी.एस.सी. की डिग्री थी, जो उन्होंने लोवैन विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1934 में उन्होंने भारत का संक्षिप्त दौरा किया और कुछ समय दार्जीलिंग में रुके। उनके मन में हिंदी भाषा सीखने की ललक पैदा हो गई। उन्होंने लिखा है- मैं जब 1935 में भारत आया तो अचंभित और दुःखी हुआ। मैंने महसूस किया कि यहाँ पर बहुत से पढ़े-लिखे लोग भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूक नहीं हैं। यह भी देखा कि लोग अंग्रेज़ी बोलकर गर्व का अनुभव करते हैं। उन्होंने निश्चय किया कि मैं आम लोगों की इस भाषा में महारत हासिल करूंगा। उन्होंने हिंदी और संस्कृत का ज्ञान प्राप्त किया और वे हर भारतीय के मन पर अमिट छाप छोड़ गए।



(लेखक सीनियर जर्नलिस्ट एवं रिसर्च स्कॉलर हैं। वह एक नामचीन विश्वविद्यालय में मास कम्युनिकेशन कॉलेज के एचओडी रहे हैं।

## अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित

दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है।

**-स्वामी विवेकानंद**

## गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर



संकलित

प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

सटाका




आज की पाती

### स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें युवा

बारह जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से कहा था कि उठो, जागो और तब तक डटे रहो जब तक कार्य की सिद्धि नहीं हो जाती। आज युवाओं के समक्ष जिस तरह की चुनौतियां हैं, उनसे निपटने के लिए युवाओं को विवेकानंद जी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। सकारात्मक सोच रखकर ही युवा अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को शपथ लेनी चाहिए कि वे नशे से दूर रहेंगे और देश के विकास में अपना पूरा योगदान करेंगे।

- **मनोज मुदलियार**, रायगढ़

करंट अफेयर

## उ. कोरिया ने रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमा खोली


कोविड-19 महामारी के चलते 2020 में लॉकडाउन लगाए जाने के बाद पहली बार उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। रूस सरकार संचालित 'तास' समाचार एजेंसी द्वारा बुधवार को प्रसारित खबर रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सहयोग को उजागर करती है। पिछले साल सितंबर में रूस के सुदूर पूर्व में एक 'कॉस्मोड्रोम' में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बैठक के बाद पर्यटकों की यात्रा शुरू होने वाली है। 'तास' की खबर में पर्यटकों की यात्रा के समय के बारे में नहीं बताया गया है लेकिन विश्लेषकों को इससे हैरानी हुई है जिन्होंने उम्मीद जताई की थी कि उत्तर कोरिया महामारी के बाद पहले चीनी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। उत्तर कोरिया का सबसे करीबी मददगार और सहयोगी चीन है। 'तास' की खबर के मुताबिक पर्यटक पूर्वी तट पर उत्तर कोरिया के 'मासिक पास' की यात्रा करेंगे, जहां देश का सबसे आधुनिक 'स्की रिसॉर्ट' स्थित है। इसमें कहा गया है कि यह यात्रा रूस के प्राइमरी क्षेत्र के गवर्नर ओलेग कोझेमायाको और उत्तर कोरियाई अधिकारियों के बीच हुए समझौते के तहत आयोजित की गई है।



ऑफ बीट


## अंतरिक्ष से सौर ऊर्जा का पृथ्वी पर परावर्तन

यदि आपने पांच फरवरी 1993 की सर्द रात में यूरोप में आकाश को देखा होगा, तो संभावना है कि आपने प्रकाश की एक मंद चमक देखी होगी। वह चमक 'ज्नाम्या-2' नामक रूसी अंतरिक्ष के दर्पण प्रयोग से आई थी। ज्नाम्या-2, एल्युमीनियम फ्रॉइल की तरह एक 20 मीटर की परावर्तक संरचना थी, जिसे उस अंतरिक्ष यान से प्रक्षेपित किया गया था, जिसने रूसी मीर अंतरिक्ष स्टेशन से उड़ान भरी थी। इसका लक्ष्य यह प्रदर्शित करना था कि सौर ऊर्जा को अंतरिक्ष से पृथ्वी तक परावर्तित किया जा सकता है। ज्नाम्या का रूसी भाषा में अर्थ है 'बैनर'। यह पहला और अंतिम अवसर था, जब किसी दर्पण को इस उद्देश्य के लिए अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया था। लेकिन, तीन दशक बाद, सहकर्मियों और मेरा मानना है कि इस प्रौद्योगिकी पर फिर से विचार करने का समय आ गया है। अंतरिक्ष में सौर ऊर्जा स्टेशन बनाने और ऊर्जा को पृथ्वी तक संचारित करने के प्रस्तावों के विपरीत, सारा उत्पादन अभी भी यहीं होगा। महत्वपूर्ण रूप से, ये परावर्तक सौर ऊर्जा फार्म को तब भी बिजली उत्पन्न करने में मदद कर सकते हैं, जब सीधी धूप उपलब्ध न हो, खासकर शाम और सुबह के समय। उस वक्त स्वच्छ ऊर्जा की मांग सबसे अधिक होती है।



ट्रेंड

### सौभाग्य प्राप्त हुआ



अयोध्या जी में 22 जनवरी को राम मंदिर में हम सभी के आराध्य रामलला विराजमान होंगे। इस पुनीत अनुष्ठान का हिस्सा बनने के लिए आज तिलोई विधानसभा के घर-घर जाकर पूजित अक्षत वितरित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री**

### राजनीतिक दुरुपयोग



युवाओं को विचार करना ही होगा कि क्या होगी हमारे भारत की पहचान? जीवन की गुणवत्ता या सिर्फ भावुकता? उत्तेजक नारे लगाता युवा या रोज़गार प्राप्त युवा? मोहब्बत या नफरत? भावनात्मक मुद्दों का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### इनकार कर दिया



भारत के प्रमुख शंकराचार्यों, उड़ीसा में गोवर्धन मठ के स्वामी निश्चलानंद सरस्वती और उत्तराखंड में ज्योतिष पीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है।

**-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता**

### ड्रीम गर्ल का बच्चा



आखिरकार मुझे अपनी ड्रीम गर्ल के नए बच्चे को देखने का समय मिल गया। वह बहुत एथलेटिक और शर्मीला है। उसका नाम वीर सावरकर" के बाद वीर रखा गया। मेरी "आशा" की किरण बड़ी हो गई है और बहुत सफेद और बहुत सुंदर हो गई है।

**-रणदीप हुड्डा, अभिनेता**

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## उपनगर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों व नागरिकों ने एक साथ किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

### युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं स्वामी विवेकानंद के आदर्शः प्रियंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी स्कूल-कॉलेज व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया गया। इसके उपरांत सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में राष्ट्रगीत, वन्देमातरम् का गायन किया गया और स्वामी विवेकांनद की वाणी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण भी सुना गया। कार्यक्रम के अनुरूप छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। इस दौरान अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, भ्रस्त्रिका प्राणायाम किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती को पूरा देश युवा दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि शरीर को, मन को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिदिन सूर्य नमस्कार, प्राणायाम सहित अन्य योगासन जरूर करना चाहिए। योग से शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी होता है। सूर्य नमस्कार से शरीर के बाहरी और भीतरी सभी अंगों का सम्पूर्ण व्यायाम होता है।



### विभिन्न स्कूलों में हुआ सूर्य नमस्कार

सुबह कोहरे और ठंड के कारण स्कूलों में देर से शुरू हुआ सूर्य नमस्कार 12 बजे तक चलता रहा। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवनारायण चौहान ने बताया कि ब्लॉक के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों में 30 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने इस सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लिया। राजा भोज महाविद्यालय सहित नगर के शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल, शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल, ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, दीप निकेतन स्कूल सहित अन्य स्कूल में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### चाणक्य पब्लिक स्कूल में सूर्य नमस्कार

**औबेदुल्लागंज।** चाणक्य पब्लिक हासे इंगलिश मीडियम स्कूल में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में बड़े धूम धाम से मनाया गया। शाला प्रांगण में सर्वप्रथम संस्था, संचालक सीएस सिंह ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतीत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न योगासन किए गए। कार्यक्रम का संचालन रूपसिंह बामनिया ने किया। संस्था प्राचार्य भूपेंदर कौर ने अपने आशीष बचन में सभी बच्चों को स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों का अनुशरण एवं अनुकरण करने की सलाह देते हुए सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





### उठो, जागो और तब तक नहीं रूको, जब तक लक्ष्य न प्राप्त हो जाए

**संतनगर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्वामीजी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। शहीद हेमू कालाणी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में संस्था अध्यक्ष सिद्ध भाऊ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों को स्वामी विवेकानंद के अनमोल वचन 'उठो, जागो और तब तक नहीं रूको, जब तक लक्ष्य न प्राप्त हो जाए' को जीवन में अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने विवेकानंद की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रातः काल का समय शैक्षणिक, शारीरिक, बौद्धिक एवं मानसिक विकास के लिए सर्वोत्तम है अतः छात्र अध्ययन के लिए प्रातः काल का समय सुनिश्चित कर एकाग्रता से अध्ययन करें। संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी,

---

### राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हुए कई कार्यक्रम

# स्वामी विवेकानंद के स्वप्न को पूरा कर रहे प्रधानमंत्री मोदीः मंत्री सारंग

### स्वामी विवेकानंद ने भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का स्वप्न देखा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा में स्वामी विवेकानंद पार्क, अशोका गार्डन व गौतम नगर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सादर नमन किया।

अपने उद्बोधन में मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का स्वप्न देखा था। इस स्वप्न को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर हमें राष्ट्र की उन्नति के लिये समर्पित भाव से कार्य करना होगा। मंत्री सारंग ने कहा कि स्वामी विवेकानंद स्वप्न को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य हो रहा है।



### गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ ने निकाला जुलूस

अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ भोपाल स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं शुक्रवार शाम को गायत्री शक्तिपीठ से रामकृष्ण मिशन आश्रम तक मशाल जुलूस निकालकर स्वामीजी को याद किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार से आए युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी केदार प्रसाद दुबे ने स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदेश विषय पर लोगों को संबोधित किया। सबसे पहले स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जुलूस का शुभारंभ किया गया।

### नगर निगम ने युवा दिवस व मकर संक्रांति के तहत आयोजित किए खेलकूद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर नगर निगम ने युवा दिवस व मकर संक्रांति पर्व पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। युवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत युवाओं के लिए युवाओं द्वारा कार्यक्रम के तहत दिए गए उद्बोधन का सीधा प्रसारण अर्जुन नगर में आयोजित किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों मंभ 12 जनवरी को युवा दिवस व 15 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम भोपाल ने युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के तहत परंपरागत कुश्ती, फुटबाल एवं हॉकी मैचों का आयोजन किया गया और खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह आदि भेंट किया गया।



### ब्रह्मकुमारीज ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नीलबड़ ब्रह्मकुमारीज के सुख शांति भवन में स्वामी विवेकानंद को याद किया गया। कार्यक्रम में ऐसे युवाओं को सम्मिलित किया गया, जो ब्रह्मचारी, सदाचारी, निर्व्यसनी होकर इस भारत को स्वर्ग बनाने में सच्चा कर्मयोगी बनकर अपना योगदान दे रहे हैं। इसमें डॉक्टर, इंजीनियर्स, वैज्ञानिक, प्रोफेसर्स आदि शामिल थे। जिन्होंने अपना समूचा जीवन तन, मन, धन सहित भारत को स्वर्णिम भारत बनाने में समर्पित किया है। स्वामी विवेकानंद जी के सपने को साकार करते हुए ब्रह्माकुमारीज का युवा प्रभाग पिछले 35 वर्षों से यूथ फार ग्लोबल पीस, उठो जगत के वास्ते, डिजाइन योर डेस्टिनी, दिव्य यूथ फोरम जैसे अनेक प्रोजेक्ट्स के माध्यम से युवाओं का मार्गदर्शन कर रहा है। वर्तमान समय लगभग डेढ़ लाख युवा इससे जुड़कर अपना जीवन श्रेष्ठ बनाकर आदर्श प्रस्तुत कर रहे हैं।

### चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजित

स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती के अवसर पर जय हिंद सेना के सदस्यों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। सेना के प्रदेशाध्यक्ष अरुण पांडेय ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में नेहरू नगर स्थित एवीएम स्कूल के दौ सौ से अधिक बच्चों ने स्वामी विवेकानंद का चित्र बनाया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को सेना द्वारा उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए सेना के पदाधिकारियों ने युवा सदस्यों ने शामला हिल्स स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में 30 पौधे लगाकर स्वामी जी के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



### महिला थाना प्रभारी शिल्पा कौरव सामाजिक चिंतक की उपाधि से अलंकृत

**भोपाल।** थाना प्रभारी एवं टीम द्वारा प्राचार्य संतराम द्विवेदी (60) एवं 54 वर्षीय सुमन मिश्रा के दांपत्य जीवन की नई शुरुआत करने में अहम भूमिका निभाई एवं समाज को नई दिशा एवं प्रगतिशील सोच देने का कार्य करने पर संस्था पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के मार्गदर्शक दधीच नारायण भरद्वाज, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, वर्तमान पदस्थापना - संयुक्त निबंधक (पटना उच्च न्यायालय), राघवेंद्र सिंह रघुवंशी (सहायक निर्देशक) सैनेक्रोन टेक्नोलॉजी, महेश कुलकर्णी (सीएस) पूना के मार्गदर्शन मे पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन एवं विनय जैन (बावड़ी खेड़ा) द्वारा जहांगीराबाद स्थित महिला थाना प्रभारी शिल्पा कौरव को सामाजिक चिंतक की उपाधि से अलंकृत किया। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी शिल्पा कौरव ने बताया कि अभी गत वर्ष 2023 में महिला थाने में 1615 मामले आए, जिसमें से 617 मामलों में समझौते हुए एवं 290 मामलों में कानूनी कार्रवाई की गई एवं 281 मामले न्यायालय के समक्ष निराकरण के लिए पहुंचे एवं 16 मामलों में स्वेच्छा से अलगाव हुआ। अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने बताया कि थाना प्रभारी के समक्ष जो भी पति-पत्नी आते हैं वह काफी दुखी व व्यतीत होते हैं, ऐसे समय में थाना प्रभारी की टीम उनको अच्छे से सुनकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए अथक प्रयास करती है, जिससे कि दंपति को न्याय मिल सके व उनका दांपत्य जीवन को बचाया जा सके।

---

## खबर संक्षेप

### संकल्प यात्रा पर कृषि मंडी में कार्यक्रम आज






**औबेदुल्लागंज।** मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे एवं मंत्री मनोज चौरसिया, राजेंद्र गुड्डू साहू, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने बताया कि शनिवार दोपहर 1 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली संकल्प यात्रा पर औबेदुल्लागंज कृषि उपज मंडी में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें पटवा सहित कई नेता शामिल होंगे।

### नागर, खटीक एवं सेठी की चर्चा से हलचल







**औबेदुल्लागंज।** रामेश्वर नागर, प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक एवं नरेश सेठी की हुई चर्चा से स्थानीय नेताओं में हलचल मच गई है। प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक कहते हैं कि कुछ नया होगा, देखते जाओ। वहीं नरेश सेठी कहते हैं, श्री राम जो कराएंगे वह होगा। रामेश्वर नागर मुस्कुराते रहे। मगर यह भी सत्य है कि तीनों नेता मंडल अध्यक्ष के सामने बदल जाते हैं।

### अब तक आठ हजार ने किया हज आवेदन

**भोपाल।** इस साल हज के मुकद्दस सफर पर जाने वाले हज यात्रियों के आवेदन फार्म भरने का सिलसिला जारी है। अब तक 8010 हज आवेदकों ने आवेदन ऑनलाइन भरे हैं। पंद्रह जनवरी को आवेदन करने की आखिरी तारीख रखी गई है। इस बार हज यात्रियों के लिए भोपाल एयरपोर्ट से हज का इंबारकेशन प्वाइंट रखा गया है।

### ग्राहक कर रहे थे नाप से कम पेट्रोल देने की शिकायत

## नापतौल विभाग ने पेट्रोल पंप पर कार्रवाई कर किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर के लगभग सभी पेट्रोल पंप पर नाप से कम पेट्रोल दिए जाने की लगातार शिकायतें की जा रही है। इसी को ध्यान रखते हुए नापतौल विभाग ने नगर के पेट्रोल पंपों पर छापे मार कार्रवाई की। इसकी जानकारी नापतौल निरीक्षक के भावसार ने दी। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंपा की मशीनों के नोजल चेक किए गए। वहीं आज फिर से पेट्रोल टैंकों का निरीक्षण किया जाएगा। नापतौल निरीक्षक के भावसार ने बताया कि मंडीदीप से पेट्रोल पंपों पर कम मात्रा में पेट्रोल दिए जाने की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसे देखते हुए पेट्रोल पंपों की जांच की गई।

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने अपने कमरे में लगाई फांसी

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कल्याण नगर में 60 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वे बीमारी से परेशान थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 60 साल के कालूराम साहू, कल्याण नगर में परिवार के साथ रहते थे। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे के आसपास उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उनके बेटे की उन पर नजर पड़ी तो उसने पुलिस को सूचना दी। इसी बीच परिवार के अन्य लोगों ने कालूराम साहू को फंदे से उतार लिया और हमीदिया अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। बीमार रहने से उनका मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया था।

### शिकायत की जांच के बाद विभाग ने 2021 में कर दिया था बर्खास्त

## अपनी जगह सॉल्वर को बिठाकर परीक्षा की थी पास, आरक्षक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद पुलिस ने विभाग द्वारा बर्खास्त हो चुके आरक्षक पर धोखाधड़ी और परीक्षा अधिनियम की धाराओं समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने वर्ष 2012 में हुई मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में अपने स्थान पर साल्वर को बिठाकर परीक्षा पास की थी। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा में वह खुद शामिल हुआ था। शारीरिक परीक्षा पास करने के बाद उसका चयन हो गया। वह नौकरी कर रहा था। इसी बीच शिकायत हो गई। शिकायत की जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2012 में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में




गोरमी, जिला भिंड निवासी अमित सिंह शामिल हुआ था। फिजिकल और लिखित परीक्षा में पास होने के बाद सागर में उसकी नियुक्ति हो गई। करीब 9 साल नौकरी करने के बाद अमित सिंह ने अपना ट्रांसफर ग्वालियर करवा लिया। इसी बीच किसी व्यक्ति ने पुलिस मुख्यालय में उसकी शिकायत कर दी। शिकायत में बताया गया था कि अमित सिंह फिजिकल टेस्ट में स्वयं उपस्थित हुआ था, जबकि लिखित परीक्षा उसने साल्वर के माध्यम से पास की थी। शिकायत के आधार पर सागर और ग्वालियर एसपी ने जांच की तो शिकायत सही निकली। उसे वर्ष 2021 में पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। उसके खिलाफ धोखाधड़ी और परीक्षा अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने ग्वालियर के यूनिवर्सिटी थाने में अमित सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था। परीक्षा मिसरोद के आरकेडीएफ कॉलेज में आयोजित हुई थी। इसलिए मिसरोद पुलिस को केस डायरी भेजी गई है।

### चाकू मारने की फिराक में खड़ा पांच हजार का इनामी बदमाश अरेस्ट

**भोपाल।** एमपी नगर व खजूरी सड़क थाने में दर्ज हत्या का प्रयास के मामलों में फरार चल रहे पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश को अशोका गार्डन पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी संगीन वारदात को अंजाम देन की फिराक में खड़ा था। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एमपी नगर और खजूरी सड़क थाने में दर्ज हत्या का प्रयास के मामले का स्थाई वारंट में फरार आरोपी अरबाज उर्फ राजा यहां सब्जी मंडी के पास किसी पर चाकू से हमला करने के इरादे से खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर अरबाज उर्फ राजा (26) निवासी नवाब कॉलोनी को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि अरबाज ऐशबाग थाने का निगरानी बदमाश है।

---

### 180 प्रबंध समितियां और 1500 कार्यकर्ता हो रहे हैं शामिल

## विद्या भारतीः शारदा विहार में प्रांतीय समिति समागम शुरू, पहले दिन डिजिटल प्रदर्शनी का किया गया उद्घाटन

### सबसे पहले गौ, गंगा, तुलसी, गायत्री माता और भगवत गीता की पूजा- अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के शारदा विहार आवासीय विद्यालय में आयोजित प्रांतीय समिति समागम 'संकल्प दृष्टि 2024' के पहले दिन शुक्रवार को डिजिटल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा, विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी, प्रांतीय अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता, सचिव



शिरोमणि दुबे ने इस डिजिटल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस प्रदर्शनी में 20 प्रकार के विषयों पर केंद्रित कंटेंट प्रदर्शित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्किल डेवलपमेंट, सेवा क्षेत्र की शिक्षा, आधारभूत विषय, संस्कृति बोध परियोजना, पूर्व छात्र, सुघोष दर्शन, घोष बैंड प्रतियोगिता, बालिका शिक्षा, पर्यावरण, शिशु वाटिका, सैनिक स्कूल, पर्यावरण, शैक्षिक गतिविधियों को डिजिटल प्रदर्शनी में दिखाया गया है। प्रदर्शनी उद्घाटन के पूर्व अतिथियों ने गौ माता, गायत्री माता, गंगा माता, तुलसी माता, भगवत गीता की पूजा-अर्चना की। बता दें कि इसमें मध्य भारत प्रांत में सरस्वती शिशु मंदिरों का संचालन करने वाली 180 प्रबंध समितियों एवं न्यास के 1500 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।

### मुख्य समारोह का उद्घाटन आज

'संकल्प दृष्टि 2024' प्रांतीय समिति समागम का उद्घाटन शनिवार प्रातः 9 बजे होगा। इस अवसर पर विद्याभारती के अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर, क्षेत्र अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, सह संगठन मंत्री श्रीराम अरावकार, यतीन्द्र शर्मा अतिथि रहेंगे। इस समागम में मध्यभारत प्रान्त की 180 समितियों से 1500 से अधिक संख्या सदस्य पदाधिकारी उपस्तिथि होंगे। ये दो दिन चलने वाले सात सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

## थाने के सामने सरयू सरोवर पार्क में छात्रा से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर थाने से चंद कदमों की दूरी पर स्थित सरयू सरोवर पार्क में दसवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना गत 9 जनवरी की रात करीब आठ बजे के आसपा की बताई जा रही है। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली 18 साल की युवती 10वीं कक्षा की छात्रा है। उसने पुलिस को बताया कि करीब 1 महीने पहले उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाले युवक से हुई थी। दोनों में अच्छी दोस्ती थी। दिसंबर 2023 में दोस्त मारपीट के एक प्रकरण अयोध्यानगर थाने के लॉकअप में था। उससे मिलने के लिए थाने आई थी। इस दौरान उसकी पहचान दोस्त का एक अन्य दोस्त अरुण ठाकुर मिला। अरुण ने उससे मोबाइल नंबर मांगा था। इसके बाद एक-दो बार बातचीत भी हुई। 1 जनवरी की शाम करीब 4 बजे अरुण का युवती के पास कॉल आया। उसने कहा कि तुम्हारा दोस्त बाहर आ गया है। उससे मिलना है तो रात 8 बजे सरयू सरोवर पार्क पहुंच जाना। वह अरुण के बताए अनुसार, रात करीब 8 बजे पैदल पैदल सरयू सरोवर पार्क पहुंची, वहां अरुण मिला और कहने लगा कि त्रिमूर्ति के पास तम्हारा दोस्त खड़ा हुआ है। शार्टकट चलों जल्दी पहुंच जाएगे। उसके कहने पर वह शार्टकट पार्क के अंदर चली गई। पार्क में ले जाने के बाद आरोपी ने जबरन उससे दुष्कर्म किया।

# ई- रिक्शा-आपे बेलगाम, राजधानी के विभिन्न इलाकों में रोजाना लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सड़कों पर चलने वाले ई- रिक्शा, आटो, आपे आटो, कैब भी मोटर व्हीकल एक्ट का पालन नहीं कर रहे हैं। नियमों का ठेंगा दिखाकर बेलगाम सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों से लोगों की जान संकट में बनी रहती है। इन वाहनों पर कार्यवाई करने के लिए चौराहों पर तैनात ट्रैफिक पुलिस को जांच करने की फुर्सत तक नहीं हैं। वहीं आरटीओ उड़नदस्ता भी कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा है।

हरिभूमि ने राजधानी के रंगमहल न्यू मार्केट, कोलार, भेल पिपलानी सहित अन्य मार्गों पर ई- रिक्शा, आटो, आपे आटो, कैब की पड़ताल की, जो सूरत-ए-हाल दिखे वे बेहद चिंताजनक हैं। ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग वाहन बेधड़क नियम रौंदकर भागते दिखे, इतना नहीं यात्रियों से मनमाना किराया लेना, अभद्रता की शिकायतें सुनने वाला कोई नहीं दिखा। आलम ये है कि रात नौ बजे के बाद तो किराया दोगुना से अधिक हो जाता है।

बस स्टैंड व स्टेशन पर प्रीपेड बूथ बंद होने से आटो व ई-रिक्शा चालक यात्रियों से कर रहे मनमानी



### तेजी से बढ़ रहे हैं ई-रिक्शा

राजधानी में तेजी से ई-रिक्शा बढ़ रहे हैं। कोलार, करोद, भेल, अवधपुरी, अयोध्या बायपास, मिसरोद, बुधवारा, सोमवारा, मंगलवारा, गांधी नगर सहित शहर का एक भी ऐस क्षेत्र नहीं है, जहां पर मनमर्जी से ई-रिक्शा चलते हुए नहीं मिले। क्षमता से अधिक यात्री बैठाना, ओवर टैकिंग करना, अचानाक बीच सड़क पर कहीं भी चालक ई-रिक्शा को मोड़ देते हैं।

### अभी तक तय नहीं किए मार्ग

*इससे आए दिन वाहनों के भिड़ने की घटनाएं हो रही हैं। अब तक आरटीओ की ओर से भीतरी कालोनियों में आने-जाने के लिए मार्ग तय नहीं किए हैं। मुख्यमार्गों पर ही ई-रिक्शा नियमों का ठेंगा दिखाकर दौड़ रहे हैं।*

### बस स्टैंड व स्टेशन पर प्रीपेड बूथ बंद, मनमानी जारी

जिला प्रशासन स्तर पर शहर में आटो के संचालन पर नजर रखने के लिए बस स्टैंडों व रेलवे स्टेशनों पर प्रीपेड बूथ शुरू किए गए थे। इसमें जाकर लोग तय गंतव्य के पहले से निर्धारित किराए की सूची देते थे। उसकी प्रीपेड में बैठे कर्मचारी रसीद देता था। वह रसीद संबंधित यात्री गंतव्य पर पहुंचने के बाद आटो चालक को देता था। फिर आटो चालक वापस प्रीपेड बूथ पर आकर रसीद देकर पैसे लेते थे। इससे आटो चालक यात्रियों से अधिक किराया नहीं ले पाते थे। अब प्रीपेड बूथ बंद हैं और आटो चालकों को मनमानी जारी है।

### शहर में वाहन

13000 आटो
5000 आपे आटो
4000 कैब
6000 ई-रिक्शा
50 हजार से अधिक यात्री हर दिन करते हैं सफर

### कैब पालिसी का असर नहीं

मोबाइल एप के जरिए संचालित कैय व रैपिडो की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग की कैब पालिसी है। इसके तहत इन वाहनों को सिटी का परमिट लेना होता है, कैब में पैनिक बटन लगाना जरूरी है, यात्रियों पर अधिक किराया न लेना संहित अन्य नियम बने है।

### जल्द ही जांच कराएंगे

मोटर व्हीकल एक्ट का पालन नहीं करने वाले सभी वाहनों को जब्त किया जाता है। समन शुल्क भी लिया जाता है। बसों का चेकिंग अभियान भोपाल सहित प्रदेश भर में निरंतर चल रहा है। जल्द ही कैब, आटो पर की भी जांच कराई जाएगी।
**-अरविंद सक्सेना**, अपर परिवहन आयुक्त

---

## मालवा एक्सप्रेस दो नंबर प्लेटफार्म की बजाय एक नंबर पर आने के अनाउंस से मचा हड़कंप

# अचानक बदला ट्रेनों का प्लेटफार्म, बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं ने पटरी पार कर पकड़ी ट्रेन

### ....यात्री जान जोखिम में डालकर करने लगे पटरी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्टेशन समय 12.30 बजे दिन शुक्रवार को अनाउंसमेंट होता है कि मालवा एक्सप्रेस प्लेटफार्म 2 के बजाय एक पर आएगी।

ऐसे में अनाउंसमेंट सुनकर बड़ी संख्या में यात्री ओवर ब्रिज की बजाय अपनी जान-जोखिम में डालकर पटरी पार कर 2 नंबर प्लेटफार्म से 1 नंबर प्लेटफार्म की ओर जा रहे थे। इसमें बच्चे, बूढ़े और युवतियां शामिल थे। इस दौरान रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी भी प्लेटफार्म पर मौजूद थे । लेकिन किसी ने भी यात्रियों को नहीं रोका। दरअसल कोहरे के कारण मालवा एक्सप्रेस करीब 5 घंटे की देरी से भोपाल स्टेशन पहुंची थी। गौरतलब है कि ट्रेन के आने का सिग्नल हो चुका था, इसके बावजूद पटरी पार करने में लोग शॉर्टकट अपना रहे हैं।



### बुजुर्ग व बच्चों को हुई परेशानी

*शुक्रवार को भोपाल स्टेशन पर रेलवे की ओर से मालवा एक्सप्रेस का अचानक प्लेटफार्म बदले जाने से करीब सैक्डों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐनवक्त पर यात्रियों को प्लेटफार्म पर पहुंचने के लिए न केवल पटरियों को पार करना पड़ा, बल्कि भागकर ट्रेन पकडा पड़ी। प्लेटफार्म बदलने के अनाउंसमेंट के कुछ ही मिनट के भीतर ही ट्रेन आ गई। इसके चलते बुजुर्ग व बच्चों के साथ सफर करने के लिए निकले परिवार अधिक परेशान हो गए।*

### इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस जबलपुर में शार्ट टर्मिनेट रहेगी

*भोपाल। रेलवे द्वारा 11273-11274 इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस को पूर्व में निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। जिसमें संशोधन करते हुए इस ट्रेन को जबलपुर में शार्ट टर्मिनेट और शार्ट ओरजिनेट करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस 14 से 17 जनवरी तक तथा 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 13 से 16 जनवरी तक दोनों दिशाओं में जबलपुर स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट और शार्ट ओरजिनेट होगी तथा इटारसी-जबलपुर-इटारसी के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।*

### बोले यात्री...ट्रेन छूट जाती

पहले यह पता चला कि मालवा एक्सप्रेस दो नंबर प्लेटफार्म पर आएगी, लेकिन अचानक अनाउंसमेंट हुआ, इसलिए पटरी पार कर आना पड़ा, नहीं तो ट्रेन छूट जाती।
**दिव्यांशी**, रेल यात्री

### मैं उज्जैन जा रहा था

मैं उज्जैन बाबा महाकाल के दर्शन के लिए मालवा एक्सप्रेस जा रहा था। ट्रेन आने के थोड़ी देर पहले बताया गया कि एक नंबर आएगी, इसलिए पटरी पार करना पड़ा।
**रुपेश चौरसिया**,रेल यात्री

### लोगों को जागरूक करते हैं

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा समय-समय पर उल्लंघन करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जाती है। यात्रियों को पटरी पार न करने के लिए जागरूक किया जाता है, लेकिन वह नहीं मानते। **सूबेदार सिंह**, पीआरओ, रेलवे

## कोहरे का असर: प्रयागराज-डॉ. ऑबेडकर नगर व केरल एक्सप्रेस 15-15 घंटे से अधिक की देरी से भोपाल पहुंची

भोपाल। घने कोहरे के कारण ट्रेनों की बिगड़ी हुई चाल पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। यही कारण है कि कुछ ट्रेनें पूरे एक दिन की देरी से चल रही हैं। गुरुवार को प्रयागराज - डा. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस व केरला एक्सप्रेस 15-15 घंटे से अधिक की देरी से भोपाल पहुंची। दिल्ली में घने कोहरे के प्रभाव के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस घंटो की देरी से आ रही है। इसके चलते अब यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्दी के चलते कई यात्रियों स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में परेशान होते नजर आ रहे है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों व बुजुर्गो को आ रही है।

### ये ट्रेनें आईं देर से

*12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 1.00 घंटे*
*14116 प्रयागराज - डा. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 15.35 घंटे*
*12616 जीटी एक्स. 2.00 घंटे*
*11058 अमृतसर एक्स. 6.10 घंटे*
*12002 शताब्दी एक्सप्रेस 2.26 मिनट*
*22222- निजामउद्दीन सीएसटी राजधानी 1:20 घंटे*
*12626 - केरला एक्सप्रेस 15.15 घंटे*
*20806-आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस 2.40 घंटे*
*12920 मालवा एक्स. 5.30 घंटे*
*12156 भोपाल एक्स. 4.10 घंटे*
*12622- तमिलनाडु एक्सप्रेस 3.55 घंटे*
*12722 दक्षिण एक्स. 10 .35 घंटे*
*18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 4.35 घंटे*
*14623 पातालकोट एक्सप्रेस 3:45*
*12724 तेलंगाना एक्स. 2.55 घंटे*
*12716 सचखंड एक्सप्रेस 1: 05 घंटे लेट चल रही है।*
*12186 रीवांचल एक्सप्रेस 1:40 घंटे लेट आई*

### भिटौनी स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित

भोपाल। पमरे जोन के जबलपुर मण्डल के जबलपुर-इटारसी रेल खण्ड पर स्थित भिटौनी स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। कार्य के दौरान कुछ गाडियों को निर्धारित तिथियों में प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

#### निरस्त की जाने वाली गाडियां

*06619-06620 इटारसी-कटनी-इटारसी मेमू स्पेशल 15 से 17 जनवरी तक दोनों दिशाओं में निरस्त रहेगी।*

*11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस14 से 17 जनवरी तक तथा 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 15 से 18 जनवरी तक निरस्त रहेगी।*

*22187-22188 रानी कमलापति-अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस 15 से 17 जनवरी तक दोनों दिशाओं में निरस्त रहेगी।*

---

### नहीं मिल रही 29.26 रुपए की रिबेट

## डिलेवरी में देरी से एक लाख लोग गोदाम से ले रहे सिलेंडर

गैस एजेंसी संचालकों की मनमानी नहीं हो रही दूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी में देरी करने की वजह से प्रत्येक माह एक लाख से अधिक उपभोक्ता गैस एजेंसियों के गोदामों से सिलेंडर ले रहे हैं। जबकि गैस एजेंसी संचालक उन्हें 29.26 पैसे की रिबेट नहीं दे रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को गोदाम से सिलेंडर लेना महंगा पड़ रहा है। बताया जाता है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग करने के तीन दिन तक सिलेंडर की डिलेवरी नहीं की जाती है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को गोदाम पर जाकर सिलेंडर लेना पड़ता है।

राजधानी में करीब आठ लाख घरेलू गैस कनेक्शन हैं। गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी पर एक सिलेंडर पर 29.26 रुपए और पांच किलो सीएनजी पर 14.63 रुपए रीबेट मिलती है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार राजधानी में रोजाना 10 हजार घरेलू और एक हजार कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई होती है। रोजाना साठ से सत्तर फीसदी सिलेंडर की ही होम डिलेवरी हो पाती है। बाकी सिलेंडर खुले में गाड़ी से दिए जाते हैं या डायरेक्ट गोदाम से सिलेंडर लिए जा रहे है। जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार का कहना है कि गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी नहीं हो रही और उपभोक्ता को गैस गोदाम से सिलेंडर लेने जाना पड़ रहा है तो वह रीबेट के 29.26 रुपए देना उनका अधिकार है।

## दुर्घटना वाले क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट्स खत्म करें: प्रहलाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने आज मंत्रालय में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा की। सीईओ तन्वी सुंद्रीयाल ने एमपीआरआरडीए के कार्यों की जानकारियों से पॉवर प्रजेंटेशन दिया। पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की शेष रही आबादी की रोड कनेक्टिविटी के लिये सभी आवश्यक प्रबंध करेंगे।



मंत्री पटेल ने कनेक्टिंग सड़कों पर ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।

### बैठक में बताई उपलब्धि और चुनौतियां

*उन्होंने कहा कि दुर्घटना वाले क्षेत्रों में ब्लेक स्पॉट्स की पहचान और परिशोधन की कार्यवाही प्रभावी होना जरूरी है। मंत्री पटेल ने निर्माण कार्यों के क्वालिटी कंट्रोल सिस्टम की जानकारी भी ली। बैठक में विभागीय उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में भी अवगत कराया गया। बैठक में एमपीआरआरडीए द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों के बारे में अवगत कराया गया। दिक्कतों के निराकरण के सुझावों पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श हुआ।*

---

## एम्स में इलेक्ट्रिक वाहनों से होगा कचरा कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी एम्स को पर्यावरण के अनुकूल बनाने और परिसर में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब एम्स में इलेक्ट्रिक वाहनों से बायोमेडिकल और कचरा कलेक्शन किया जाएगा। एम्स परिसर में बायोमेडिकल और सामान्य अपशिष्ट परिवहन के लिए ई-वाहन शुरू किए गए हैं। एम्स डायरेक्टर डॉ अजय सिंह ने तीन ई वाहनों को हरी झंडी दिखकर रवाना किया। डॉ सिंह ने स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्वच्छ एम्स और हरित एम्स की दिशा में निरंतर प्रयास करने का संकल्प भी लिया।

- परिसर पर्यावरण अनुकूल बनेगा

## अब प्रदेश के 25 निजी अस्पतालों में इलाज करा सकेंगे सरकारी कर्मचारी

21 को नवीन मान्यता, 4 की बढ़ाई अवधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन द्वारा शासकीय कर्मचारी व उनके परिवार के आश्रित सदस्य की जांच और उपचार के लिए 21 अस्पताल को नवीन मान्यता और चार की मान्यता अवधि में वृद्धि की गई है। अब शासकीय कर्मचारी 25 निजी अस्पताल में उपचार करा सकेंगे। नवीन मान्यता प्राप्त अस्पतालों में बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर, नेशनल हॉस्पिटल भोपाल, नर्मदा अपना हॉस्पिटल नर्मदापुरम, जैनमश्री हॉस्पिटल भोपाल, शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर, तेजनकर हेल्थकेयर उज्जैन, मार्बल सिटी हॉस्पिटल जबलपुर, नोबल हॉस्पिटल भोपाल, जिंदल हॉस्पिटल भोपाल, ग्लोबल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ग्वालियर, ज्याति हॉस्पिटल इंदौर, अपेक्स हॉस्पिटल, वी वन हॉस्पिटल इंदौर, लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल जबलपुर, रेटिना स्पेशेलिटी इंदौर, अनंत हार्ट हॉस्पिटल भोपाल, महेश्वरी हॉस्पिटल भोपाल, चित्रकूट हॉस्पिटल जबलपुर, सेंटर फॉर साइट हॉस्पिटल इंदौर और डॉ अग्रवाल हेल्थ केयर इंदौर शामिल हैं। वहीं नर्मदा ट्रामा सेंटर भोपाल की अतिरिक्त मान्यता के साथ अमृता हॉस्पिटल शहडोल, आरोग्य हेल्थ केयर हॉस्पिटल छिंदवाड़ा और एमिनेंट हॉस्पिटल इंदौर की मान्यता में वृद्धि की गई है। ये निजी अस्पताल शासकीय कर्मचारियों और आश्रितों से पंजीयन शुल्क नहीं लेंगे और निर्धारित पैकेज दरों की रेट-लिस्ट प्रदर्शित करेंगे।

### एक भी सरकारी अस्पताल नहीं है एनएबीएच सर्टिफाई

फिलहाल प्रदेश का एक भी सरकारी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज एनएबीएच सर्टिफाई नहीं हैं। लेकिन भोपाल के हमीदिया हॉस्पिटल ने एंट्री लेवल सर्टिफिकेशन के लिए अप्लाई किया हुआ है। इसके तहत एनएबीएच की टीम हॉस्पिटल का प्राइमरी इंस्पेक्शन कर चुकी है, जिसकी रिपोर्ट अस्पताल प्रबंधन को अब तक नहीं मिली है।

## कलियासोत के 'नो-कंस्ट्रक्शन' जोन मामले में हाईकोर्ट का स्टे

रहवासियों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में कलियासोत नदी के 'नो-कंस्ट्रक्शन' जोन मामले में गुरुवार को मप्र हाईकोर्ट ने स्टे दिया है। हाईकोर्ट ने भोपाल नगर निगम से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। इसके बाद रहवासियों ने राहत की सांस ली है। निगम ने 33 मीटर के दायरे में आ रहे निर्माण कार्यों को लेकर 700 से अधिक लोगों को नोटिस दिए हैं। इन्हीं नोटिस की कार्रवाई को रोकने के लिए स्टे दिया गया है। बता दें कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देश के बाद नगर निगम ने कलियासोत नदी के 33 मीटर के दायरे में आ रहे निर्माण करने वालों को नोटिस दिया है। अब तक 700 से अधिक लोगों को नोटिस दिए जा चुके हैं। रहवासियों का कहना था कि नगर निगम समेत अन्य एजेंसियों की अनुमति के आधार पर ही मकानों का निर्माण किया गया है, फिर यह अवैध कैसे हो सकते हैं।

## निर्माणाधीन प्रदेश भाजपा कार्यालय का किया निरीक्षण

**भोपाल**। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरूवार को पार्टी के निर्माणाधीन प्रदेश कार्यालय का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, पूर्व मंत्री व विधायक संजय पाठक, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने निर्माण कार्यों को सराहा और संगठन की प्रशंसा की।

---

### मानव अधिकार आयोग ने दिए जांच के निर्देश

## स्कूल के गेट के सामने दीवार, कलेक्टर-डीईओ से मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**राजधानी के पंचशील नगर स्थित सरदार पटेल हाई स्कूल का मामला**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के पंचशील नगर स्थित सरदार पटेल हाई स्कूल के गेट के सामने असमाजिक तत्वों एवं अतिक्रमणकारियों द्वारा दीवार का निर्माण करने के मामले में संज्ञान लेकर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

आयोग के संज्ञान में आया है कि स्कूली छात्र-छात्राएं रोजाना इस गेट से होकर स्कूल जाती थी। इसी जगह पर प्रशासन द्वारा लोगों की पेयजल आपूर्ति के लिये सार्वजनिक हैंडपंप भी लगवाया गया है। लेकिन दीवार के निर्माण से स्कूली छात्र-छात्राओं और पेयजल के लोगों को भरी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

### इन मामलों में भी लिया संज्ञान

आयोग ने शहर के वल्लभ भवन (मंत्रालय) के पास बनी एक मंजिला भवन पर बीते 43 साल से मप्र सचिवालय स्पोर्ट्स क्लब द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करने के मामले, शहर के कॉलेजों में संगीत विभाग में कार्यरत तबला संगतकारों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान नही मिलने, कटारा हिल्स स्थित स्वर्णकुंज कॉलोनी के पाइनवुड अमलतास अपार्टमेंट में बिल्डर द्वारा ड्रेनेज सिस्टम और एसटीपी नही बनाये जाने से सीवेज का पानी खुले में छोड़ने और कोलार क्षेत्र के वार्ड 83 की राजहर्ष बी-सेक्टर कॉलोनी की मुख्य सड़क जर्जर होने से गड्ढो में पानी भरने और मंदिर के आसपास कचरे के ढेर लगे होने से गंदगी होने के मामले में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।




### निशातपुरा डी केबिन पर प्री नॉन-नॉन इंटरलॉकिंग

## डॉ. आंबेडकर नगर-भोपाल एक्सप्रेस रहेगी शॉर्ट टर्मिनेट, कुछ निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मण्डल में संत हिरदाराम नगर-निशातपुरा के मध्य तीसरी रेल लाइन का कार्य के सम्बंध में निशातपुरा डी केबिन पर नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य के चलते निरस्त की गईं तो वहीं कुछ को संत हिरदाराम नगर पर शॉर्ट टर्मिनेट ओरिजिनेट करने का निर्णय लिया गया है।

### यह ट्रेनें रहेगी आंशिक निरस्त

गाड़ी संख्या 19323 डॉ. अंबेडकर नगर-भोपाल एक्सप्रेस 12 से 16 जनवरी तक संत हिरदाराम नगर पर शोर्ट टर्मिनेट होगी एवं संत हिरदाराम नगर-भोपाल के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 19324 भोपाल-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस 13 से 16 जनवरी तक संत हिरदाराम नगर से शोर्ट ओरिजिनेट होगी एवं भोपाल- संत हिरदाराम नगर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 19339 दाहोद-भोपाल एक्सप्रेस 13 से 16 जनवरी तक। संत हिरदाराम नगर पर शोर्ट टर्मिनेट होगी एवं संत हिरदाराम नगर-भोपाल के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 19340 भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस 12 से 16 जनवरी तक। संत हिरदाराम नगर से शोर्ट ओरिजिनेट होगी एवं भोपाल- संत हिरदाराम नगर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।

## महेंद्र शर्मा चौथी बार बने लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के चौथी बार प्रांताध्यक्ष बनने पर महेंद्र शर्मा का लोक शिक्षण संचालनालय पर संघ के पदाधिकारी और फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि मैं संचालनालय परिवार का सदस्य हूं, मुझे जो सम्मान मिला है उसी का प्रतिफल है कि आज में यहां पहुंचा हूं। शर्मा ने सभी को भरोसा दिया कि जब भी किसी प्रकार का आंदोलन करेंगे, ज्ञापन देंगे, कर्मचारी हितों का काम करेंगे हम लोग कंधे से कंधा मिला करके आपका साथ देंगे।

# पूरा इलाका 'जय श्री राम' के नारे से गूंज उठा

## मोदी ने नासिक में निकाला भव्य रोड शो

एजेंसी ▶▶ नासिक

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नासिक के तपोवन मैदान में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर डेढ़ किलोमीटर लंबा भव्य रोड शो निकाला गया।

इस दौरान पूरा इलाका 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा। प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद रहे।

**सीएम शिंदे ने कहा**

### मोदी है तो मुमकिन है, दुनिया में भारत का डंका बजा

सीएम शिंदे ने कहा कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर बनाया जाए, जिसे पीएम मोदी ने पूरा किया। मोदी है तो मुमकिन है। किसी की हिम्मत नहीं है कि हमारे देश को बुरी नजर से देख सके। प्रधानमंत्री मोदी की वजह से भारत का डंका दुनिया भर में गूंज रहा है।







नासिक। पीएम मोदी के रोड शो में सभी वर्ग के लोगों में दिखा भारी उत्साह। बच्चे भी परिवार के साथ पहुंचे।

**खबर संक्षेप**

### अभिनेता शाहरुख को नोटिस, मुश्किलें बढ़ेंगी




**मुजफ्फरपुर।** अभिनेता शाहरुख खान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर जिला उपभोक्ता आयोग ने अभिनेता शाहरुख खान को नोटिस जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 12 अप्रैल को होगी। फुटबॉलर लियोनेल मेसी को भी नोटिस जारी किया गया है। शैक्षणिक संस्थान के भ्रामक एड को लेकर नोटिस जारी हुआ है।

### रिलायंस करेगी ग्रेजुएट इंजीनियर्स की भर्ती



**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 'ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी' कार्यक्रम शुरू किया है। इसका लक्ष्य पेट्रोरसायन से लेकर नई ऊर्जा तक सभी व्यवसायों में ग्रेजुएट इंजीनियरों को नियुक्त करना है। मकसद व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रमुख तकनीकी भूमिकाओं के लिए युवा, उच्च क्षमता वाली इंजीनियरिंग प्रतिभा को नियुक्त करना है।

### जेल में रहकर ही दोबारा सांसद बने संजय



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के तीन राज्यसभा उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत मिल गई है। कथित शराब घोटाले में जेल में बंद संजय सिंह लगातार दूसरी बार राज्यसभा सांसद बने हैं तो दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल पहली बार उच्च सदन की सदस्य बनी हैं। आम आदमी पार्टी ने एनडी तिवारी को भी दूसरी बार राज्यसभा भेजा है।

### दिल्ली के पुलिस अफसरों में बड़ा बदलाव



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस में एलजीवीके सक्सेना ने बड़ा फेरबदल किया है। डीसीपी लेवल पर भी बदलाव किया गया है। दीपेंद्र पाठक को सिक्योरिटी में कमिश्नर ऑफ पुलिस बना दिया गया है। राजेंद्र पाल उपाध्याय को स्पेशल सेल में कमिश्नर ऑफ पुलिस बना दिया गया है। क्राइम ब्रांच के स्पेशल सीपी रवींद्र सिंह का भी ट्रांसफर कर दिया है।

### कांग्रेस ने बदला 'यात्रा' शुरू करने का स्थान



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों से ठीक पहले कांग्रेस द्वारा 14 जनवरी से शुरू हो रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्थान बदल दिया गया है। अब यह यात्रा मणिपुर की राजधानी इंफाल के पैलेस ग्राउंड से शुरू नहीं की जाएगी। सीमित संख्या में लोगों की उपस्थिति के बीच न्याय यात्रा की अनुमति देने के बाद कांग्रेस ने ये कदम उठाया है। कांग्रेस पार्टी के अनुसार पार्टी अब स्थान बदला है। थौबल जिले के खोंगजोम से यात्रा शुरू करेगी।

## पीएम मोदी ने नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का किया उद्घाटन

# अमृतकाल देश के युवाओं के लिए 'स्वर्ण युग', इतिहास में अपना नाम दर्ज कराएं

### युवाओं से राजनीति में आने का किया आह्वान



- पीएम ने युवाओं को बढ़ते भारत की शक्ति बताई
- युवा लोकतंत्र में नई ऊर्जा, शक्ति भर सकते हैं
- वंशवादी राजनीति से देश को नुकसान हुआ



एजेंसी ▶▶ नासिक

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने आजादी के अमृतकाल को देश के युवाओं के लिए स्वर्ण युग बताते हुए कहा कि आज युवाओं के पास इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का मौका है। पीम ने युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भारत आज शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह युवा शक्ति से संभव हुआ है। पहली बार मतदान करने वाले युवा हमारे लोकतंत्र में नई ऊर्जा और शक्ति ला सकते हैं। भारत लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी, देश का भविष्य बेहतर होगा। युवा सक्रिय राजनीति में आएंगे तो वंशवाद की राजनीति कम होगी। वंशवादी राजनीति से देश को बहुत नुकसान हुआ है।

**युवा ऐसा काम करें कि पीढ़ी याद रखे**

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया आज भारत को एक कुशल कार्यबल वाले देश के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा योग और आयुर्वेद के ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं। समय हर किसी को अपने जीवनकाल में एक सुनहरा मौका जरूर देता है। भारत के युवाओं के लिए वो सुनहरा मौका अभी अमृतकाल के रूप में है। आज आपके पास मौका है इतिहास बनाने का, इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का। आप ऐसा काम करिए कि अगली शताब्दी में उस वक्त की पीढ़ी आपको याद करे। आप अपने नाम को भारत और पूरी दुनिया के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिख सकते हैं।

### युवाओं को खुला आसमां दें, चुनौतियों को दूर करें

पीएम मोदी ने कहा कि इसलिए मैं आपको 21वीं सदी के भारत की सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी मानता हूं। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि आप ये कर सकते हैं। भारत के युवा ये लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। मेरा सबसे ज्यादा भरोसा आप सभी पर, भारत के युवाओं पर है। पीएम ने कहा कि हमारी सरकार को अब 10 साल हो रहे हैं। इन 10 वर्षों में हमने पूरा प्रयास किया है कि युवाओं को खुला आसमान दें और उनके सामने आने वाली हर रुकावट को दूर करें।

### स्वच्छता अभियान चलाने का किया आग्रह

पीएम ने देशवासियों से अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन से पहले तमाम मंदिरों और तीर्थस्थलों में स्वच्छता अभियान चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैंने आह्वान किया था कि 22 जनवरी तक हम सभी देश के तीर्थ स्थानों की, मंदिरों की साफ-सफाई करें, स्वच्छता का अभियान चलाएं। मैं देशवासियों से अपना आग्रह फिर दोहराऊंगा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के निमित्त देश के सभी मंदिरों, तीर्थ क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएं। अपना श्रमदान करें।

## पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई



# ममता के दो मंत्रियों के ठिकानों पर ईडी की दबिश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार में मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के नेता सुजीत बोस पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की। केंद्रीय जांच एजेंसी उनके कोलकाता स्थित ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की।

इसके अलावा पार्टी के दो और नेता के यहां भी सुबह-सुबह ईडी ने दबिश दी है। तृणमूल विधायक तपस रॉय और नेता सुबोध चक्रवर्ती के घर भी केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी जारी है। कार्रवाई कथित नगर पालिका नौकरी घोटाले के सिलसिले में की जा रही है।

**इन पर कसा शिकंजा**

बताया जा रहा है कि ईडी ने नगर निकायों में भर्तियों में अनियमितता मामले की जांच को लेकर शुक्रवार सुबह पश्चिम बंगाल के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक तापस रॉय और उत्तरी दमदम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवासों पर छापे मारे।

### सुजीत तापस के यहां भी तलाशी ली

मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ शुक्रवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के लेक टाउन इलाके में सुजीत बोस के दो आवासों पर छापे मारे। इसके अलावा तापस रॉय के 'बीबी गांगुली स्ट्रीट' स्थित आवास और बिराती स्थित सुबोध चक्रवर्ती के आवास पर भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### टीएमसी ने इसे बताया राजनीतिक प्रतिशोध

ईडी की छापेमारी पर पश्चिम बंगाल के मंत्री और टीएमसी नेता शशि पांजा ने कहा कि पार्टी के बयान का इंतजार करें, लेकिन यह पानी की तरह साफ है कि इसके पीछे राजनीतिक प्रतिशोध है। ऐसी गतिविधियां हमें परेशान करने के लिए ही की जा रही हैं।

## हाईकोर्ट ने महाभारत का जिक्र कर दिया आदेश

# पिता ही तुम्हारे भगवान, तुम्हें हर हाल में देना होगा गुजारा भत्ता

एजेंसी ▶▶ रांची




झारखंड हाई कोर्ट ने हाल ही में एक फैसले में आदेश दिया है कि बेटे को हर हाल में अपने बुजुर्ग पिता को गुजारे के लिए रकम देनी होगी।

हाई कोर्ट ने परिवार अदालत के उस फैसले पर मुहर लगाई, जिसमें बेटे को आदेश दिया गया था कि उसे अपने पिता को हर महीने 3,000 रुपए बतौर भरण-पोषण देने होंगे। इस फैसले कि खिलाफ मनोज नाम के शख्स ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

**वृद्ध पिता की सेवा करना बेटे का धर्म**

जस्टिस सुभाष चंद ने कहा, पिता के पास कुछ कृषि भूमि है, फिर भी वे उस पर खेती करने में लाचार हैं। वे अपने बड़े बेटे पर भी निर्भर हैं, जिसके साथ वे रहते हैं। पिता ने पूरी संपत्ति में अपने छोटे बेटे मनोज साव को बराबर-बराबर का हिस्सा दे दिया है, लेकिन भरण-पोषण नहीं किया जा रहा है।

**सीईसी-ईसी नियुक्ति मामला**

# नए कानून पर रोक लगाने से किया इंकार, नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों के नए कानून को चुनौती देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है।



कोर्ट ने नए कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि इस कानून पर रोक नहीं लगा सकते, क्योंकि बिना कॉपी सर्विंग के (प्रतिपक्ष को सुने) कानून पर रोक नहीं लगाई जा सकती। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा है कि नए कानून की न्यायिक समीक्षा की जाएगी। कोर्ट ने नए कानून को रोक लगाने संबंधी याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भी जारी किया है। अगली सुनवाई अब अप्रैल में होगी। कोर्ट ने ये भी कहा कि हम सरकार से इस पर नोटिस जारी कर जवाब तलब कर रहे हैं।

# दिल्ली वाली सर्दी! 3.8 पर पारा



**आईजीआई की दृश्यता हुई जीरो**

*नई दिल्ली। कड़ाके की ठंड के बीच शुक्रवार को दिल्ली में सुबह के तापमान में खासी गिरावट दर्ज दर्ज की गई। सर्दियों के इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। कोहरा भी इस सीजन का सबसे घना देखने को मिला। आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता जीरो तक पहुंच गई। रनवे विजुअल रेंज 125 से 200 मीटर रह गई। दिन में भी ठिठुरन वाली ठंड रही। इसी तरह देश के कई राज्यों में सर्दी और कोहरा से लोग हलाकान हैं।*

## 'इंडिया' गठबंधन की अहम बैठक आज होगी

# नीतीश संयोजक तो खरगे को अध्यक्ष बनाने की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया की शनिवार को बैठक होगी। इस ऑनलाइन बैठक में बिहार के सीएम और जेडीयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार को संयोजक बनाने की चर्चा है।

कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। नीतीश को संयोजक बनाए जाने को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल ज्यादातर दल सहमत हैं, लेकिन बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कुछ नहीं कहा। इसी तरह सीएम अरविंद केजरीवाल के अलग सुर सुनाई दे रहे हैं।



**अब सपा ने दिया झटका!**

### कांग्रेस के साथ बैठक की रद्द

इंडिया गठबंधन को शुक्रवार को फिर एक झटका लगा है। सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की बैठक शुक्रवार को रद्द हो गई है। सपा का कहना है कि सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस ने अपना होमवर्क नहीं किया था, इसीलिए आज आज मीटिंग कैंसिल हो गई है। यूपी के पार्टी नेतृत्व की तैयारी नहीं थी।

**मायावती बनेंगी हिस्सा...**

### पत्रकार से ही कर डाले सवाल

अखिलेश ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए मीडिया के कई सवालों के जवाब दिए। एक मीडिया कर्मी ने जब अखिलेश से बसपा सुप्रीमो मायावती के साथ गठबंधन को लेकर सवाल किया तो सपा प्रमुख मीडिया कर्मी पर झल्ला गए। अखिलेश ने मीडिया कर्मी से कहा 'आप भाजपा के लिए काम कर रहे हैं?

**न्योते पर कांग्रेसाध्यक्ष खरगे ने कहा**

### आस्था रखने वाले तो कभी भी अयोध्या चले जाएंगे

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा है कि आस्था रखने वाले तो कभी भी अयोध्या जा सकते हैं। उनकी तरफ से ये बयान राम मंदिर कार्यक्रम में न जाने को लेकर दिया गया है। असल में कांग्रेस को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता दिया गया था, लेकिन कुछ दिन पहले ही पार्टी ने उस कार्यक्रम में जाने से मना कर दिया। पार्टी का तर्क रहा कि ये भाजपा-संघ का इवेंट है।

### भगवान के दर्शन के लिए बिचौलिए नहीं चाहिए: पवन खेड़ा



कांग्रेस ने दावा किया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धार्मिक नहीं बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक है। मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि भगवान राम के दर्शन के लिए किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं है।

## टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड



# गुजरात में टाटा का दूसरा प्लांट रोल-आउट हुई पहली गाड़ी

**साणंद।** टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने गुजरात के साणंद में अपने नए कारखाने से यात्री वाहनों का उत्पादन शुरू करने की घोषणा की है। इस दौरान कंपनी ने इस नए प्लांट से अपने पहले वाहन को रोल-आउट भी किया। यह प्लांट कंपनी ने पिछली 10 जनवरी को फोर्ड इंडिया से खरीदा था। 460 एकड़ में फैला यह टाटा मोटर्स का आईसीई इंजन और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाला दूसरा प्लांट है। इसमें चार मुख्य शॉप हैं -स्टैम्पिंग, बॉडी कंस्ट्रक्शन, पेंट और फाइनल असेंबली शॉप। नया प्लांट अत्याधुनिक तकनीक और मशीनरी से लैस है।



# आकाश से आकाश में निशाना

ओडिशा तट से आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की मिशन की सराहना

प्रणाली के विकास से वायु रक्षा क्षमताओं में और बढ़ोतरी

मिसाइल की हथियार प्रणाली के कामकाज को मान्यता

फुर्तीले हवाई खतरों से निपटने में है सक्षम

## नई पीढ़ी की है यह मिसाइल

- चांदीपुर में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने शुक्रवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज से नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। यह परीक्षण बहुत कम ऊंचाई पर किया गया।
- आकाश-एनजी प्रणाली एक अत्याधुनिक मिसाइल प्रणाली है, जो उच्च गति, फुर्तीले हवाई खतरों से निपटने में सक्षम है। इस उड़ान-परीक्षण को डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी देखा है।

## खबर संक्षेप

### उ. कोरिया पर नजर रखने लांच किया सैटेलाइट



**टोक्यो।** उत्तर कोरिया की हरकतों पर नजर रखने के लिए जापान ने शुक्रवार को एक सेटेलाइट लांच की है। यह उत्तर कोरिया के सैन्य स्थलों पर नजर रखेगी। मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रियल लिमिटेड की ओर से एच2ए को राकेट को लांच किया गया था। दक्षिण पश्चिम जापान स्थित तेनेगाशिमा अंतरिक्ष सेंटर से यह प्रक्षेपण हुआ। सैन्य क्षमता को विकसित करने प्रयासरत जापान के लिए यह एक अहम कदम है।

### सेंसेक्स-निफ्टी नए ऑल टाइम हाई पर



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में शुक्रवार को नया ऑल टाइम हाई बना। बाजार के प्रमुख इंडेक्स नए शिखर पर बंद हुए। पहली बार सेंसेक्स 72,720 और निफ्टी 21,928 का लेवल टच किया। अंत में सेंसेक्स 847 अंक ऊपर 72,568 और निफ्टी 260 अंक चढ़कर 21,908 पर बंद हुआ। बाजार में आईटी शेयरों में खरीदारी से जोश रहा। इंफोसिस 8% की उछाल के साथ निफ्टी में टॉप गेनर रहा।

### ब्रुनेई के सुल्तान के बेटे की आम लड़की से शादी



**ब्रुनेई।** दुनिया के सबसे धनी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले ब्रुनेई के सुल्तान हसनल बोल्किया के 32 वर्षीय बेटे प्रिंस अब्दुल मतीन ब्रुनेई ने अपनी मंगेतर आम परिवार की लड़की 29 वर्षीय यांग मुलिया अनीशा रोस्ना के साथ शादी (निकाह) की। दोनों का निकाह समारोह राजधानी बंदर सेरी बेगवान में एक सोने के गुंबद वाली मस्जिद में आयोजित किया गया।

जयशंकर-ब्लिंकन की फोन पर चर्चा

## लाल सागर में हूती विद्रोहियों की कोशिशें करेंगे नाकाम



एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हूती विद्रोहियों के हमले, गाजा व यूक्रेन संघर्ष समेत कई मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने को लेकर गुरुवार को चर्चा हुई है।

दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई चर्चा में दक्षिणी लाल सागर और अदन की खाड़ी में हूती के हमले पर चिंता जताई, जो क्षेत्र में जहाजों के स्वतंत्र संचालन के लिए खतरा बन गए हैं। इन हमलों के चलते इस मार्ग से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में कमी आई है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि लाल सागर दुनिया का एक प्रमुख जल मार्ग है जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक सुगम मार्ग रहा है। लेकिन हूती विद्रोहियों के हमले से इस मार्ग पर संकट आ गया है।

### हूती विद्रोही के निशाने पर व्यापारिक जहाज

मिलर ने कहा कि ब्लिंकन और जयशंकर के बीच जहाजों की बेरोकटोक आवाजाही को सुरक्षित करने को लेकर एक उत्पादक चर्चा हुई है। दरअसल, गाजा युद्ध में इजराइल की कार्रवाई का बदला लेने के लिए हूती विद्रोही लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से चर्चा का केंद्र बिंदु समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां थीं, खासतौर से लाल सागर में हाल के हमले को लेकर। उन्होंने गाजा समेत पश्चिम एशिया की स्थिति पर ब्लिंकन के विचारों की सराहना की। जयशंकर ने कहा कि हमने यूक्रेन संघर्ष को लेकर ताजा स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया।

एके-47 से फायरिंग, ग्रेनेड गिराने से लेकर कई कामों में आ रहे काम

## ड्रोन बने इंडिया आर्मी के खास साथी ऑपरेशन में साबित हो रहे बेहद मददगार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन आर्मी लगातार स्वेदशी तकनीक को अपनाने पर काम कर रही है। इसको लेकर भारतीय सेना की तरफ से कोशिश लगातार जारी है। ड्रोन का सैनिक कैसे बेहतर इस्तेमाल कर सकते हैं? इसका नमूना दिखाने के लिए सेना ने ड्रोन की मदद से अलग-अलग ऑपरेशन का प्रदर्शन किया।

ड्रोन की मदद से एके-47 से सटीक निशाना लगाने में सफलता हासिल की है। इसके अलावा ड्रोन का इस्तेमाल कर अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों तक जरूरी हथियार और सामानों की डिलिवरी की जा सकती है। भौगोलिक रूप से जटिल इलाकों में हथियारों की सप्लाई के साथ-साथ केबल बिछाने जैसे चुनौतीपूर्ण काम के लिए भी ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

> ड्रोन की मदद से एके-47 से सटीक निशाना लगाने में सफलता हासिल की है। ड्रोन का इस्तेमाल मोर्चे पर तैनात सैनिकों तक हथियार, सामानों की डिलिवरी की जाएगी।

### खास बातें

- सेना ने ड्रोन की मदद से अलग-अलग ऑपरेशन का किया प्रदर्शन
- केबल बिछाने जैसे काम के लिए भी ड्रोन का इस्तेमाल



### 5जी तकनीक से काम करेगा 'संभव' ईकोसिस्टम

इंडियन आर्मी ने राष्ट्रीय शिक्षा और उद्योग उत्कृष्टता केंद्रों के सहयोग से स्वदेशी रूप से विकसित- सिक्योर आर्मी मोबाइल भारत संस्करण यानी एसएएमबीएचएवी नाम का ईकोसिस्टम विकसित किया है। एसएएमबीएचएवी अत्याधुनिक समकालीन 5जी तकनीक पर काम करता है।

### ड्रोन का इन मोर्चों पर इस्तेमाल

भारतीय सेना ने दिखाया है कि एके-47 से टॉरगेट पर निशाना साधने, ठिकानों की पहचान के बाद उसे नष्ट करने के लिए ग्रेनेड गिराने और अग्रिम मोर्चों पर तैनात सैनिकों को हथियार, गोला-बारूद और रसद आपूर्ति जैसे अभियानों में ड्रोन का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

### 2016 में लापता हुए विमान का चेन्नई तट से मलबा बरामद



**नई दिल्ली।** 2016 में बंगाल की खाड़ी के ऊपर लापता हुए भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान का मलबा चेन्नई तट से लगभग 140 समुद्री मील (310 किमी) दूर पाया गया है। राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने गहरे समुद्र में अन्वेषण क्षमता वाला एक स्वायत्त अंडरवाटर वाहन तैनात किया था। खोजी गई तस्वीरों की जांच की गई और उन्हें एएन-32 विमान के जैसा पाया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि संभव है कि यह मलबा दुर्घटनाग्रस्त आईएएफ एएन-32 (के-2743) का हो सकता है।

### ताइवान में आज आम चुनाव का मतदान



**ताइपे।** बांग्लादेश के बाद अब ताइवान में शनिवार को राष्ट्रपति चुनाव होंगे। मतदान सुबह 8 बजे शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलेगा। मतदाता बैलेट पेपर का इस्तेमाल करेंगे। मतदान पूरा होने के बाद इसकी गिनती शुरू हो जाएगी। इस चुनाव पर अमेरिका और चीन की पैनी नजर है। देश में 1.95 करोड़ लोग मतदान के लिए पंजीकृत हैं। मैदान में दो पार्टियों (डीपीपी-केएमटी) के बीच मुकाबला है। डीपीपी का अमेरिका और केएमटी का झुकाव बीजिंग की ओर है।

कालीकट से मुंबई जाने वाली फ्लाइट का मामला

## एयर इंडिया में शाकाहारी भोजन में मिला चिकन, भड़की यात्री



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया की एक फ्लाइट में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। फ्लाइट के अंदर शाकाहारी भोजन में चिकन का टुकड़ा मिलने से बवाल मच गया। यात्री ने इसकी शिकायत एक्स पर की है। यात्री का कहना है कि वह शाकाहारी है लेकिन उसके शाकाहारी भोजन में चिकन का टुकड़ा पाया गया जिससे उसे काफी परेशानी हुई। मामला एयर इंडिया की कालीकट से मुंबई जाने वाली फ्लाइट का है। यात्री वीरा जैन ने एक्स पर जब अपनी परेशान करने वाली आपबीती सुनाई। तो मजबूरन एयर इंडिया को भी जवाब देना पड़ा।

### पैकेजिंग पर लिखा था- शाकाहारी

इसके बाद जब रास्ते में उन्हें खाना परोसा गया तो उसके अंदर नॉन-वेज का टुकड़ा देखकर वह हैरान थीं। उन्होंने इसकी फोटो क्लिक कीं और उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसमें देखा जा सकता है कि खाने की पैकेजिंग पर स्पष्ट रूप से शाकाहारी लिखा हुआ था। वीरा जैन ने मामले की सूचना केबिन सुपरवाइजर को दी। जिन्होंने तुरंत माफी मांगी और स्वीकार किया कि अन्य यात्रियों ने भी इसी तरह की शिकायतें दर्ज कराई थीं।

एयर इंडिया ने मांगी माफी

### कैंप जा रहे जवानों के काफिले पर आतंकियों ने की फायरिंग



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर के कृष्णाघाटी इलाके में शुक्रवार को आतंकियों ने सुरक्षाबलों के काफिले पर फायरिंग की। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सुरक्षाबलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे जंगल को घेर लिया है और सावधानी से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से संयुक्त तलाशी अभियान जारी है।

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट: इसरो की घोषणा

## 2040 तक होगा अपना स्वयं का स्पेस स्टेशन




एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के दूसरे दिन सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहली 'मेड इन इंडिया' मेमोरी चिप का उत्पादन इस वर्ष के अंत तक गुजरात में होने की उम्मीद है। सेमी कंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि गुजरात में माइक्रोन का निवेश भारत में सेमीकंडक्टर व्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। दक्षिण कोरियाई सिमटेक और गुजरात सरकार के बीच समझौता ज्ञापन का स्वागत किया।

### अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रगति का उद्देश्य राष्ट्र की समृद्धि

इंटरनेशनल स्पेस कॉन्फ्रेंस में इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रगति का उद्देश्य राष्ट्र की दीर्घकालिक समृद्धि है। हम मानव युक्त यान के जरिए मनुष्य को अंतरिक्ष में भेजने और वर्ष 2040 तक अपना स्वयं का स्पेस स्टेशन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम प्रत्येक क्षेत्र में अंतरिक्ष विज्ञान को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम देश के विकास के लिए वैज्ञानिक पुल बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि गुजरात स्पेस सेक्टर (अंतरिक्ष क्षेत्र) के देश और दुनिया के हितधारकों के लिए मौके की जगह बन गया है।

### मुंबई और ठाणे के बीच समुद्र के नीचे सुरंग

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का काम लगभग प्रति माह 14 किमी का काम हो रहा है। वायाडक्ट, डेक, ट्रैक और ओवरहेड उपकरण लगाने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक 270 किमी से अधिक वायाडक्ट बिछाया जा चुका है। रेल मंत्री ने कहा कि बीकेसी टर्मिनल पर पाइलिंग का काम पूरा हो गया है तथा मुंबई और ठाणे के बीच समुद्र के नीचे सुरंग के डिजाइन को अंतिम रूप दिया गया है और निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

एस्टोनिया की यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने संघर्षविराम की संभावना से किया इनकार

## यूक्रेन के राष्ट्रपति की दो टूक- रूस से जंग जारी, दुश्मन को नहीं देंगे छूट

एजेंसी ▶▶ कीव



यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ यूक्रेन का युद्ध जारी रहेगा, वे दुश्मन को तैयारी करने की छूट नहीं देंगे। एस्टोनिया की यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने संघर्षविराम की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि रूस संघर्ष विराम का इस्तेमाल यूक्रेन के सैनिकों के खिलाफ हथियारों को कमी को पूरा करने और सेना को फिर से संगठित करने में करेगा। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी युद्धक्षेत्र में हमलों पर विराम का मतलब युद्ध विराम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि संघर्षविराम रूस को फायदा पहुंचाएगा और बाद में हमारे लिए खतरनाक साबित हो सकता है। रूस द्वारा फरवरी 2022 में पूर्ण युद्ध शुरू किए जाने के बाद से सीमित युद्ध विराम के कई बार प्रस्ताव किए गए पर इन पर कभी अमल नहीं किया गया।

- संघर्ष विराम रूस को फायदा पहुंचाएगा और बाद में हमारे लिए खतरनाक
- यूक्रेनी में हमलों पर विराम का मतलब युद्ध विराम नहीं होगा
- विराम के कई बार प्रस्ताव किए गए पर इन पर कभी अमल नहीं

> यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ यूक्रेन का युद्ध जारी रहेगा। वे दुश्मन को छूट नहीं देंगे।

### सेना और विद्रोही अलायंस के बीच अस्थायी युद्धविराम



**नैय्पिडॉ।** म्यांमार की सत्तारूढ़ सेना ने जातीय अल्पसंख्यक सेनाओं के गठबंधन के साथ 'अस्थायी युद्धविराम' पर अपनी सहमति व्यक्त की है। म्यांमार जुंटा के के प्रवक्ता जॉ मिन तुन ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह चीन की मध्यस्थता वाली बैठक में जातीय अल्पसंख्यक सेनाओं के गठबंधन के साथ 'अस्थायी युद्धविराम' पर सहमत हुई है। उन्होंने कहा कि हमारी योजना युद्धविराम समझौते पर आगे चर्चा करने और उसे मजबूत करने की है। हम बॉर्डर गेट्स को फिर से खोलने के लिए म्यांमार और चीन के बीच आगे की चर्चा में शामिल होंगे। म्यांमार की सेना ने फरवरी 2021 में तख्तापलट करते हुए देश की निर्वाचित आंग सान-सू सरकार को अपदस्थ कर दिया। जिसके बाद कई संगठनों ने हथियार उठा लिए। उस वक्त से देश के बड़े हिस्सों में सेना और इन संगठनों के बीच संघर्ष चल रहा है। 3 साल से संघर्ष चल रहा था।

### रूस को उ. कोरिया ने दिए तोप के गोले

जेलेंस्की ने कहा कि रूस को उत्तर कोरिया से तोप के गोले व मिसाइलें, जबकि ईरान से ड्रोन मिल रहे हैं। 4 जनवरी को व्हाइट हाउस ने अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा था कि रूस ने उत्तर कोरिया से बैलिस्टिक मिसाइलें हासिल की हैं और वह उन्हें ईरान के रास्ते मंगा रहा है।

## खबर संक्षेप




### हनुमा ने छोड़ी रणजी में आंध्र की कप्तानी

**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ी हनुमा विहारी मौजूदा रणजी ट्राफी में आंध्र टीम की अगुआई नहीं करेंगे क्योंकि गुरुवार को वह कप्तानी से हट गए। शुक्रवार को आंध्र के ग्रुप बी मैच में मुंबई के खिलाफ रिकी भुई टीम की अगुआई कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार विहारी का यह निजी फैसला थी और वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान लगाना चाहते थे। विहारी ने बंगाल के खिलाफ ड्रा रहे पहले मैच में 51 रन बनाए थे। विहारी ने 16 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है जिसमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक से 33.56 के औसत से 839 रन बनाए हैं।

### सेंटनर पहले टी20 मैच से बाहर

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाए।




यह 31 साल का खिलाड़ी शुक्रवार सुबह जांच में वायरस से संक्रमित पाया गया। इसकी पुष्टि के बाद उन्हें टीम होटल में अलग रखा गया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 'एक्स' पर कहा, 'सेंटनर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आने के बाद आज शाम पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती केएफसी टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए ईडन पार्क की यात्रा नहीं करेंगे।'

### श्रीलंका क्रिकेट को बैन हटने की उम्मीद

**कोलंबो।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सीईओ जैफ अलार्डिस ने हाल ही में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और खेलमंत्री हारिन फर्नांडो से 'सार्थक' बातचीत की है जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट ने उस पर लगा अंतरराष्ट्रीय निलंबन वापिस लिए जाने की उम्मीद जताई है। आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट के कामकाज में राजनीतिक दखल का हवाला देकर पिछले साल नवंबर में उसे निलंबित कर दिया था। श्रीलंका में होने वाला अंडर 19 विश्व कप भी दक्षिण अफ्रीका में आयोजित कराने का फैसला लिया गया।

### अश्विनी-तनीषा की जोड़ी अंतिम आठ में हारी

**कुआलालंपुर।** भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को शुक्रवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा तथा नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गई। यह भारतीय जोड़ी की विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज जापान की जोड़ी के खिलाफ दूसरी हार थी।



### विश्व कप टीम में जगह बनाने पर नजरें

**मोहाली।** चोट के कारण वनडे विश्व कप से बाहर रहे स्पिनर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी नजरे आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करके जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने पर लगी है।



अक्षर ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने कहा, 'मेरा काम अपना शत प्रतिशत देना है। मैं विश्व कप टीम चयन के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा। अगर सोचूंगा तो दबाव में आ जाऊंगा। अभी मेरा फोकस आईपीएल पर है और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है।'




**अभ्यास सत्र...** रांची। शुक्रवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में चिली के खिलाफ एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 मैच से पहले प्रशिक्षण सत्र के दौरान जर्मन हॉकी खिलाड़ी।

## ओलंपिक क्वालीफायर

# हॉकीः भारत का पहला मैच आज, अमेरिका देगा चुनौती



**रांची।** एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने की निराशा से उबरते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। टीम की नजरें अपने मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए पेरिस का टिकट कटाने पर लगी होंगी। मेजबान भारत, जर्मनी, चेक गणराज्य, इटली, जापान, अमेरिका, चिली और न्यूजीलैंड यहां पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे । दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को सर्वोच्च रैंकिंग मिली है जबकि भारत छठे स्थान पर है।न्यूजीलैंड रैंकिंग में नौवे स्थान पर है जबकि जापान 11वें, चिली 14वें, अमेरिका 15वें, इटली 19वें और चेक गणराज्य 25वें स्थान पर है।

### ग्रुपवार टीमें

**पूल ए :** जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य
**पूल बी :** भारत, न्यूजीलैंड, इटली, अमेरिका

### न्यूजीलैंड से मैच कल

अमेरिका के बाद भारत को 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है। सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

### 15 मैच मैच में 9 हारे

भारत और अमेरिका ने 1983 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ 15 बार खेला है जिसमें से नौ बार अमेरिका ने जीत दर्ज की जबकि भारत चार ही बार जीत सका और दो मैच ड्रॉ रहे। रैंकिंग में नीचे होने के बावजूद अमेरिकी टीम खतरनाक साबित हो सकती है।

### अच्छे प्रदर्शन का यकीन

भारत की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हम एशियाई खेलों के जरिए ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए लेकिन अब वह बीती बात है। हमें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। हमें पहले से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अगर ऐसा कर सके तो हम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाएंगे।'

### चोटिल वंदना के हटने से लगा झटका

टूर्नामेंट से नौ दिन पहले भारत की अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया अभ्यास के दौरान चेहरे की हड्डी में फ्रेक्चर के कारण बाहर हो गई। हाल ही में भारत के लिए 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने वाली वंदना फॉरवर्ड पंक्ति की धुरी थी। उनकी जगह बलजीत कौर ने ली। टीम को वंदना की कमी खलेगी जो एक दशक से भारतीय टीम का अभिन्न अंग रही है और रियो ओलंपिक से तोक्यो ओलंपिक तक सारे बड़े टूर्नामेंट खेले हैं। वह ओलंपिक में हैट्रिक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

## मलेशिया ओपन : लगातार दूसरे सेमीफाइनल में बनाई जगह

# सात्विक-चिराग की जोड़ी अंतिम-4 में पहुंची, अश्विनी और तनीषा बाहर

एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुभवी भारतीय जोड़ी शुक्रवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में चीन के रेन जियांग यू और हे जी टिंग की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे सेमीफाइनल में पहुंची। पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने मैच के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण दिखाते हुए विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज यू और टिंग की जोड़ी को महज 35 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-11, 21-8 से पराजित किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए कोरिया के कांग मिन ह्युक तथा सियो सेउंग जे और मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया तथा सोह वूई यिक की जोड़ी के विजेता से भिड़ना होगा। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा तथा नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गयी।



### तेज रैली से जीता मैच

सात्विक और चिराग के लिए बीता साल (2023) छह खिताबों के साथ शानदार रहा था उन्होंने उस लय को इस टूर्नामेंट में जारी रखा है। चीन की इस जोड़ी ने पिछले साल चाइना मास्टर्स में भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन सात्विक और चिराग की तेज रैली का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

**सेट 1**

भारतीयों ने अपने नियंत्रण और खेल से चीन की जोड़ी को संभालने का कोई मौका नहीं दिया और शुरुआती गेम में 7-0 की बड़ी बढ़त बना ली। ब्रेक के समय सात्विक और चिराग 11-2 से आगे थे और पहला गेम जल्दी ही ख़त्म कर दिया। ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी 11-2 से आगे थी। ब्रेक के बाद चीन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश लेकिन चिराग और सात्विक के सामने उनकी एक ना चली।

**सेट 2**

भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी अपनी गति जारी रखी और ब्रेक तक 11-4 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी को 2 मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने दूसरे मौके पर ही इसे भुनाकर अंतिम चार में जगह पक्की की।

# श्योराण को ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण, तोमर ने जीता रजत पदक

एजेंसी ⏭ जकार्ता

भारतीय निशानेबाजों अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में शुक्रवार को क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

श्योराण ने 460.2 स्कोर करके आठ निशानेबाजों का फाइनल जीता। वहीं टोक्यो ओलंपिक खेल चुके तोमर 459.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। थाईलैंड के टी वोंगसुकदी ने कांस्य पदक मिला। श्योराण, तोमर और स्वप्निल कुसाले ने मिलकर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने 1758 अंक हासिल किए। चीन 18 अंक पीछे दूसरे ओर दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में तोमर 588 अंक लेकर तीसरे और श्योराण 586 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। भारत के अब दस स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक हो गए हैं।



## न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में पाक को 46 रन से हराया

**ऑकलैंड।** डेरिल मिचेल और केन विलियमसन के आक्रामक अर्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में शुक्रवार को पाकिस्तान पर 46 रन से जीत दर्ज की। मिचेल ने 27 गेंदों में 61 रन बनाए जबकि विलियमसन ने 42 गेंदों में 57 रन का योगदान दिया। दोंनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 40 गेंद में 78 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 226 रन बनाए। टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान के खिलाफ यह न्यूजीलैंड का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। पाकिस्तान पूर्व कप्तान बाबर आजम (57) की मौजूदगी तक लक्ष्य हासिल करने की दौड़ में बनी थी लेकिन 17वें ओवर में उनका विकेट गिरते ही न्यूजीलैंड ने शिकंजा कस दिया।



# आस्ट्रेलियन ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में पहुंचे सुमीत नागल



एजेंसी ⏭ मेलबर्न

भारत के सुमित नागल स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकान को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में पहुंच गए हैं। नागल ने दो घंटे तीन मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी ने दूसरे सेट के दसवें गेम में 30-40 पर डबलफाल्ट किया। नागल का सामना पहले दौर में दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक से होगा।

इस समय विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर काबिज नागल 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में खेलेंगे। उन्हें 2021 में पहले दौर में लिथुआनिया के रिकार्डास बेरांकिस ने हराया था। नागल 2019 और 2020 में अमेरिकी ओपन के मुख्य ड्रॉ में भी पहुंचे थे। उन्होंने 2019 अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के खिलाफ एक सेट जीता था हालांकि वह मुकाबला हार गए थे। इसके बाद अगले साल वह दूसरे दौर तक पहुंचे थे जिसमें उन्हें डोमिनिक थिएम ने हराया जिन्होंने बाद में खिताब जीता।

## शरत और साथियान पेश करेंगे चुनौती

**मापुसा।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल और साथियान ज्ञानशेखरन देश के 39 अन्य टेनिस खिलाड़ियों के साथ आगामी डब्लूटीटी स्टार कंटेंडर के एकल क्वालीफायर में चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र 23 से 28 जनवरी तक यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत की शीर्ष विश्व रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा और हरमीत देसाई सहित देश के नौ खिलाड़ियों को सीधे मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला है। क्वालीफाइंग दौर में भारत के 32 खिलाड़ियों को जगह मिली है जिससे कुल खिलाड़ियों की संख्या 41 हो गई है जो पिछले साल से एक अधिक है।



## अवनि को आस्ट्रेलियन गोल्फ में दूसरा स्थान



**मेलबर्न।** भारत की अवनि प्रशांत आस्ट्रेलियाई मास्टर्स आफ अमैच्योर्स गोल्फ चैंपियनशिप के चौथे और आखिरी दौर में तीन अंडर 70 के कार्ड के साथ दूसरे स्थान पर रही। फिलीपींस की रियाने मिखाएला मालिक्सी उनसे एक शॉट आगे रही। अवनि ने कुल छह अंडर 286 स्कोर किया जबकि मालिक्सी का स्कोर सात अंडर 285 रहा। जापान की निका इतो तीसरे और आस्ट्रेलिया की लियोन हिगो चौथे स्थान पर रही। अवनि पिछले साल इसी टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रही थी।

## एशियन कप : भारतीय टीम 2011 और 2019 में ग्रुप चरण में हो गई थी बाहर

# आस्ट्रेलिया से होगा भारत का पहला फुटबॉल मैच

एजेंसी ⏭ अल रेयान

भारत के लिए एएफसी एशियाई कप के नॉकआउट दौर में जगह बनाना मुश्किल लग रहा है लेकिन असंभव नहीं है और टीम यहां शुरुआती ग्रुप मैच में खिताब की दावेदारों में शुमार आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारतीय टीम पिछली दो बार 2011 और 2019 में भी ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। इस बार भी उसके सामने कठिन चुनौती होगी क्योंकि उसे ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया के साथ रखा गया है।

भारत की इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के राउंड 16 में जगह बनाने की उम्मीद 23 जनवरी को सीरिया के खिलाफ मैच पर निर्भर करेगी क्योंकि आस्ट्रेलिया और उज्बेकिस्तान (18 जनवरी) कौशल के मामले से उससे काफी ऊपर हैं। सीरिया के खिलाफ जीत भारत को ग्रुप में तीसरे स्थान पर पहुंचा सकती है जिससे उसके पास नॉकआउट दौर में जगह बनाने का मौका बन सकता है क्योंकि प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें अगले दौर में पहुंचेंगी और साथ ही छह ग्रुप में से सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम भी राउंड 16 नॉकआउट दौर में जगह बनायेंगी। मुख्य कोच इगोर स्टिमक और कप्तान सुनील छेत्री पहले ही संकेत दे चुके हैं कि आस्ट्रेलिया (25वीं रैंकिंग) और उज्बेकिस्तान (68वीं रैंकिंग) को हराना मुश्किल है, ये दोनों ग्रुप में शीर्ष दो स्थान हासिल करने की दावेदार हैं।



### नॉकआउट में जगह बनाना बड़ी उपलब्धि

भारत ने 2007 और 2009 नेहरू कप टूर्नामेंट में सीरिया को हराया हुआ है जिससे छेत्री की अगुआई वाली 102वीं रैंकिंग टीम को उम्मीद की किरण दिखती है। अगर भारत नॉकआउट में जगह बना लेता है तो यह देश के लिए और छेत्री के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी जो अंतिम दफा इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। पांचवीं बार एशियाई कप में खेल रहा भारत 2019 में पिछले चरण में ऐसा करने के काफी करीब पहुंच गया था। छेत्री का यह तीसरा एशियाई कप है। 39 वर्ष का यह करिश्माई स्ट्राइकर 2011 और 2019 में इस टूर्नामेंट में खेला था और उन्होंने छह मैच में चार गोल दागे थे जो किसी भारतीय के इसमें सर्वाधिक गोल थे।

# हेलिकॉप्टर से एससीजी पर उतरे डेविड वॉर्नर



**सिडनी।** टेस्ट क्रिकेट से डेविड वॉर्नर के संन्यास का जश्न जारी है और यह आक्रामक बल्लेबाज बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिए मैच खेलने हेलिकॉप्टर से एससीजी पर उतरे। हंटर वैली में अपने भाई की शादी से वॉर्नर सीधे हेलिकॉप्टर से आए जिस पर 'थैंक्स डेव' लिखा था। थंडर के तेज गेंदबाज गुरिंदर संधू ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, 'वह हमारे लिए खेलने के लिए काफी मेहनत कर रहा है।' वॉर्नर ने पिछले सप्ताह अपने घरेलू मैदान एससीजी पर आखिरी टेस्ट खेला जिसमें आस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की। वॉर्नर वनडे को अलविदा कह चुके हैं लेकिन टी20 खेलते रहेंगे।




# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा का दिया निमंत्रण, पुष्प वर्षा से अक्षत वितरण यात्रा का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पूर्व नगर नगर में अक्षत कलशयात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को वार्ड क्र 13 में शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा भोपाल में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में विराजमान श्रीरामलला जी के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में निमंत्रण के लिए हनुमान स्वरूप में हनुमान जी महाराज द्वारा घर-घर अक्षत वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि अक्षत वितरण यात्रा जहां-जहां से निकली वहां लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जय श्रीराम के नारे लगाए।

**कलश यात्रा का जगह-जगह किया गया स्वागत**

## खेड़ापति हनुमान मंदिर नेहरू नगर में चल रही रामकथा 'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी' भजन पर झूमे श्रद्धालु

भोपाल। भगवान राम का जीवन संघर्षपूर्ण रहा है, कभी सामाजिक जीवन में तो कभी व्यक्तिगत जीवन में। श्री रामचरित मानस उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। श्रीरामचरितमानस स्वाध्याय से मनुष्य श्री रामकथा हमें सन्मार्ग पर चलना सिखाती है। यह बात नेहरू नगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में चल रही श्रीरामकथा के पांचवे दिन कथावाचक पंड़ति रामजाने ने कहीं। उन्होंने राम विवाह प्रसंग के दौरान राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी जैसे भजन सुनाया है। इस दौरानु पंडाल में बैठे श्रद्धालु अपने स्थान पर खड़े होकर नृत्य करने लगे। इस दौरान पंडाल में जोर-जोर से जय श्रीराम के जयकारे भी लगाए।

## हर घर को अयोध्या और हर घर में राम लाना है: शशांक शेखर महाराज

*भोपाल। राम मंदिर निर्माण और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पुराण प्रभाकर शशांक शेखर महाराज 11 नं स्टॉप स्थित अवंतिका पार्क में देवी भागवत का वाचन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर घर को अयोध्या जैसा पवित्र और हर घर में राम जैसे आचरण करने वाले लोगों का होना जरूरी है। कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ से गृहस्थियों के लिए भजन करने का विधान बताते हुए कहा कि गृहस्थियों को अवश्य ही मां आदिशक्ति जगदम्बा की आराधना करना चाहिए। प्रतिदिन सभी को मिलकर आरती करनी चाहिए। उन्होंने नवरात्रि में मां अम्बे के पूजन की विधि की जानकारी दी।*

**खबर संक्षेप**

### भोज मुक्त विवि ने दी 34 कोर्स की अनुमति

भोपाल। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) से मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय को 34 कोर्सों के संचालन की अनुमति मिल गई है। रजिस्ट्रार प्रो. सुशील मंडेरिया ने बताया कि शीघ्र ही एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। दरअसल, भोज मुक्त विश्वविद्यालय को डीईबी ने अपनी लिस्ट से बाहर कर दिया था। आधा सत्र बीतने तक विवि को मान्यता नहीं मिल सकी थी। इसके चलते अभी विवि का आधा सत्र जीरो एडमिशन घोषित हो चुका है। पिछले पांच वर्षों से विवि प्रबंधन द्वारा नैक का एग्रेडेशन कराने का यूजीसी को एफीडेविड दिया जा रहा था। अब विवि के पास जनवरी में प्रवेश कराने का मौका है।

### जिझौतिया ब्राह्मण सम्मेलन 26 को

भोपाल। जिझौतिया ब्राह्मण समाज मध्य प्रदेश 26 जनवरी को गुफा मंदिर के मानस भवन में सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। समाज बंधु सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आमंत्रित करने शुक्रवार को विंध्य कोठी पहुंचे। इस मौके पर मुख्यमंत्री को सम्मान पत्र देकर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को नव वर्ष की डायरी भी भेंट की गई। इस मौके पर ब्राह्मण समाज की ओर से परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजौरिया, जिझौतिया ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संदीप तिवारी सहित अन्य समाज के लोग मौजूद थे।

### शंकराचार्यों के कथनों को मिले महत्वः ऋचा

भोपाल। श्रीराम कथा और श्रीमदभागवत कथाकार ऋचा गोस्वामी ने अयोध्या में चल रहे



राममंदिर निर्माण और 22 जनवरी को होने वाले श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर मीडिया से चर्चा में कहा कि भारत में हमेशा से ही आदि गुरू शंकराचार्य को सनातन का प्रमुख स्तंभ माना गया है और देश के चारो शंकराचार्यों की धर्म की स्थापना और सनातन को आंगे बढ़ाने में प्रमुख स्थान रहा है, फिर भी श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा में शंकराचार्यों के कथनों को महत्व न देना कहीं न कहीं धर्म का अपमान है। ऋचा गोस्वामी ने कहा कि यदि अभी तक पूरा मंदिर नहीं बना है और पौष माह में शुभ मुहूर्त नहीं है तो प्राण प्रतिष्ठा रामनवमी के अवसर पर होनी चाहिए। सिर्फ एक पार्टी को फायदा पहुचाने के लिए किसी धर्म का मजाक नहीं उड़ाया जा सकता। कोई भी हिंदू या सनातनी श्रीराम से बैर नहीं रखता। प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार नहीं कर रहा।

शहर में पर्वों की खुशियां छाई रहेंगी और तिल-गुड़ सहित विभिन्न व्यंजनों की खुशबू बिखरेगी

# त्योहारों की हुई शुरुआत आज लोहड़ी, पोंगल 15 को मकर संक्रांति और मकरविल्लकू मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ष-2024 का पहला त्योहारी सीजन शनिवार से शुरू हो रहा है। आज और 15 जनवरी तक शहर में अलग-अलग समाजों के पर्व रहेंगे। इस दौरान शहर में पर्वों की खुशियां छाई रहेंगी और तिल, गुड़ सहित विभिन्न व्यंजनों की खुशबू बिखरेगी और उत्साह, खुशियों का नजारा दिखाई देगी। एक ओर पंजाबी समाज के लोग 13 और 14 जनवरी को लोहड़ी पर्व मनाएगा। इधर तमिल समाज के लोग भी 12 से 15 जनवरी तक पोंगल उत्सव मनाएंगे। इसी तरह मलयाली समाज के लोग 15 जनवरी को मकरविल्लकू पर्व है। इसके साथ ही मकर संक्रांति पर्व पर शहर में पूजा अर्चना के साथ पतंगबाजी होगी ।



कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर के परिसर में पतंग उड़ाने का आनंद लेते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खेल मंत्री विश्वास सारंग।

### लोहड़ी पर्व आज से शुरू

सिख, पंजाबी, सिंधी समाज की ओर से लोहड़ी पर्व शनिवार को है। मैदानों में अग्नि जलाकर उसमें तिल, गुड़, मक्के के दाने, मूंगफली अर्पित कर अग्नि की परिक्रमा की जाएगी। इस दौरान युवा भांगड़ा और गिद्दा पर थिरकेंगे और अग्नि की परिक्रमा करेंगे। जिनके घर में विवाह होते हैं या किसी संतान का जन्म होता है, ऐसे परिवारों में पहली लोहड़ी काफी धूमधाम से मनाई जाती है। भोपाल पंजाबी समाज की ओर से लोहड़ी महोत्सव का सामूहिक आयोजन 14 जनवरी को नर्मदापुरम रोड के नर्मदा क्लब में शाम सात बजे किया जाएगा।

### भोपाल ने लिया प्रण, गोकाष्ठ से करेगा लोहड़ी-होलिका दहन

*भोपाल। गऊ माता का संवर्धन और हमारे जंगलों को कटने से बचाने के लिए गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति विगत 6 वर्ष से राजधानी भोपाल सहित पूरे देश में*



*जनमानस के बीच लकड़ी के बेहतर विकल्प के रूप में गोकाष्ठ का व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार कर रही है। समिति ने सिख सम्प्रदाय के पर्व लोहड़ी पर शुक्रवार से शहर में 6 स्थानों श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, शिवाजी नगर, न्यू मार्केट, हमीदिया रोड, पंजाबी बाग स्थित गुरुद्वारा और आनंद नगर, सी-21 मॉल स्थित शुभम नर्सरी में गोकाष्ठ विक्रय सेंटर स्थापित कर दिए हैं। गोकाष्ठ समिति के अध्यक्ष अरुण चौधरी ने बताया कि शहर की जनता ने आज बेहतर सहयोग करते हुए इन 6 सेंटरों से लगभग 32 से 35 किवंटल गोकाष्ठ क्रय कर ली है। गोकाष्ठ कमेटी के वरिष्ठ सदस्य साइंटिस्ट डॉ. योगेंद्र सक्सेना, अजय दुबे, पांडुरंग नामदेव ने प्रणामी मंदिर के पुजारी अमरनाथ शर्मा से गोकाष्ठ विक्रय सेंटर का शुभारंभ करवाया ।*

दो दिवसीय मकर संक्रांति उत्सव

# पतंगें उड़ेंगी, लोक नृत्य के साथ देख सकेंगे गिल्ली डंडा, गुलेल

**काइट फेस्टिवल और एरो मॉडलिंग शो भी होगा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमवीएम ग्राउंड में मकर संक्रांति को लेकर दो दिवसीय उत्सव होने जा रहा है, जहां पहली बार पारंपरिक खेल गिल्ली डंडा, गुलेल को प्रदर्शनी के लिए रखा जाएगा। इस आयोजन में तांगा चालकों द्वारा सैलानियों को घुमाया भी जाएगा।

दो दिवसीय आयोजन का आगाज 30 फीट तक की आकृतियों की पतंग उड़ाने के साथ शुरू होगा। जिसका उद्घाटन सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे। इस दिन महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर एक दुसरे को हल्दी कुकुम लगाएंगी। गुजरात से आए कलाकार जाइंट काइट को हवा में उड़ाएंगे। जिसमें कार्टून, शेर छपे होंगे। शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आयोजन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक में यहा जानकारी दी।

बैठक में बताया गया कि एरो मॉडलिंग शो में एयर शो, फ्लावर ड्राप, बेनर शो, मलखंब का प्रदर्शन, गिद्दा, भांगड़ा, और लोक-नृत्य का समागम होगा। युवाओं और छात्रों के लिए एरो नॉटिक साइंस पर प्रशिक्षण और लाइव एरो मॉडल बनाने का प्रदर्शन होगा।

# संसार में सबसे श्रेष्ठ पद तीर्थंकर का पदः मुनिश्री सुप्रभ सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि सुप्रभ सागर महाराज ससंघ की शनिवार को चौक जैन मंदिर में भव्य अगवानी हुई। बैंड बाजा के साथ जैन धर्म के जयकारे लगाए गए। मुनिश्री को जैन समाज की महिलाओं ने शास्त्र दान का पुण्य अर्जित किया। श्रावकों द्वारा श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया आचार्य श्री की पूजन भक्ति भाव से की गई। मुनिश्री ने प्रवचन में कहा की इस मनुष्य भव में सबसे जरूरी कार्य सम्यक दर्शन को प्राप्त करना है सभी को उसी का प्रयास करना चाहिए। संसार में सबसे श्रेष्ठ पद तीर्थंकर का पद होता है तीर्थंकर बनने में 16 कारण भावना ही कारण बनती हैं। मनुष्य को इस पंचम काल में 16 कारण भावनाओं में दर्शन विशुद्ध को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। एक बार यदि हमारी दृष्टि सम्यक हो जाए, देव शास्त्र गुरु एवं आत्मा के प्रति श्रद्धा पक्की हो तो वह जीव भविष्य में दरिद्र, स्त्री, नरकीय त्रियांच योनियों में जाने से बच जाता है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930